


सूर्योदय प्रातः 5:02 | सूर्यास्त संध्या 6:36 | पखवाड़ा ज्येष्ठ कृ . अमावस्या, संवत 2083 | तापमान अधिकतम 33° न्यूनतम 24°

# फ्रीडम फाइटर


राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, सोमवार, 15 जून 2026, वर्ष : 17, अंक : 121, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions









**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 75,527.95 | 1,695.40 (2.30%) |
| निफ्टी | 23,622.90 | 461.30 (1.99%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 1,45,060.00 |
| चांदी | 2700.00 |

# भारतीय प्रतिभा और यूरोपीय पूंजी के बीच 'भारत इनोवेट्स' सेतु का कार्य करेगा : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : फ्रांस के नीस शहर में आयोजित 'भारत इनोवेट्स' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत और फ्रांस की रणनीतिक साझेदारी को साझा दृष्टि, नवाचार और प्रेरणा पर आधारित बताया। उन्होंने कहा कि यह मंच भारत की प्रतिभा और यूरोपीय पूंजी के बीच सेतु का कार्य करेगा तथा भारतीय नवाचारों को वैश्विक मंच तक पहुंचाने



में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने 'भारत इनोवेट्स' कार्यक्रम का फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। कार्यक्रम से पहले प्रधानमंत्री ने प्रमुख निवेशकों और वेंचर कैपिटल प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया के देश व्यापार और रणनीतिक साझेदारियां करते हैं, लेकिन कुछ सम्बन्ध केवल साझा हितों तक सीमित नहीं होते। उन्होंने भारत और फ्रांस के सम्बन्धों को ऐसे ही रिश्ते का उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि यह साझा दृष्टि और आपसी विश्वास पर आधारित है। इस सम्बन्ध में जुड़ाव, दृढ़ विश्वास, नवाचार, प्रेरणा, साझा मूल्य और साझा दृष्टिकोण सभी शामिल हैं। इसी आधार पर दोनों देशों ने हाल के वर्षों में कई नयी पहलों की शुरुआत की है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## स्वास्थ्य क्षेत्र में 12 वर्षों में हुए ऐतिहासिक बदलाव : मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर स्वास्थ्य क्षेत्र में हुए बदलावों और उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले एक दशक से अधिक समय में भारत ने गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को आम लोगों तक पहुंचाने और उपचार को अधिक किफायती बनाने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर साझा किये गये संदेश में कहा कि आयुष्मान भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा स्वास्थ्य सुरक्षा कार्यक्रम बन चुका है। यह योजना समाज ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### कार और ट्रक की टक्कर में तीन लोगों की मौत

**जम्मू** : जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे पर रविवार को एक ट्रक से कार की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गयी और दो अन्य घायल हो गये। पुलिस के अनुसार यह हादसा नगरोटा के जगती-कारली इलाके में रात करीब 2.15 बजे हुआ, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। इस सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि एक अन्य घायल ने जम्मू के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दम तोड़ दिया।

### रेलवे इंजीनियर रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार

**नयी दिल्ली** : केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने असम के सिलचर में पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफ रेलवे) के एक वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (एसएसई) को एक ठेकेदार से 20 हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने रविवार को बताया कि इस सम्बन्ध में 13 जून को इस ठेकेदार ने शिकायत दर्ज कराई।

## कार्टून कोना




### 79.73 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग पूरी, केवल नये मतदाताओं को देना होगा फॉर्म-6

# गणना चरण में मतदाताओं से नहीं लिये जायेंगे दस्तावेज : के. रवि

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : झारखंड में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत गणना (इन्यूमरेशन) चरण में मतदाताओं से किसी भी प्रकार के दस्तावेज नहीं लिये जायेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने स्पष्ट किया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार इस चरण में मतदाताओं को केवल भरा हुआ एवं हस्ताक्षरित इन्यूमरेशन फॉर्म तथा नवीनतम रंगीन फोटो बीएलओ को उपलब्ध कराना है। निर्वाचन विभाग के अनुसार 14 जून 2026 तक राज्य के 2.64 करोड़ मतदाताओं में से 2.11 करोड़ मतदाता, यानी 79.73 प्रतिशत, अपना स्वयं या माता-पिता के साथ मैपिंग कार्य पूरा कर चुके हैं। ऐसे मतदाताओं को किसी अतिरिक्त दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होगी और उनका नाम प्रारूप मतदाता सूची में प्रकाशित किया जायेगा।

जिन मतदाताओं की मैपिंग में त्रुटि या विसंगति है अथवा जिनकी मैपिंग अभी पूरी नहीं हुई है, उन्हें भी गणना चरण में कोई दस्तावेज जमा नहीं करना होगा। सम्बन्धित ईआरओ, एईआरओ और बीएलओ उपलब्ध अभिलेखों एवं ऑनलाइन जानकारी के आधार पर विसंगतियां दूर करने का प्रयास करेंगे।



■ केवल फॉर्म और फोटो जमा करना होगा

■ जिन मतदाताओं की मैपिंग पूरी हो चुकी है, उन्हें कोई अतिरिक्त दस्तावेज जमा नहीं करना होगा और उनका नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल किया जायेगा

■ जिनकी मैपिंग में त्रुटि है या अभी मैपिंग नहीं हुई है, उन्हें भी गणना चरण में दस्तावेज जमा नहीं करने होंगे। अधिकारी उपलब्ध रिकॉर्ड और ऑनलाइन जानकारी से विसंगतियां दूर करने का प्रयास करेंगे

निर्वाचन विभाग ने स्पष्ट किया है कि केवल उन्हीं मतदाताओं को दस्तावेज जमा करने होंगे, जिन्हें नोटिस एवं सत्यापन अवधि (05 अगस्त से 03 अक्टूबर 2026) के दौरान ईआरओ की ओर से नोटिस जारी की जायेगी। ऐसे मामलों में जन्म तिथि और जन्म स्थान सम्बन्धी आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे।

गणना चरण के दौरान बीएलओ घर-घर जाकर पहले से भरे हुए व्यक्तिगत इन्यूमरेशन फॉर्म वितरित करेंगे तथा मतदाताओं से हस्ताक्षरित फॉर्म और फोटो प्राप्त कर उनका डिजिटाइजेशन करेंगे। इस प्रक्रिया में किसी अन्य दस्तावेज की मांग नहीं की जायेगी।

जो भारतीय नागरिक 01 अक्टूबर 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर लेंगे और पहली बार मतदाता बनना चाहते हैं, उन्हें आवश्यक घोषणापत्र एवं दस्तावेजों के साथ फॉर्म-6 जमा करना होगा। यह आवेदन 30 जून से 29 जुलाई 2026 तक के इन्यूमरेशन चरण तथा 05 अगस्त से 04 सितम्बर 2026 तक की दावा-आपत्ति अवधि में जमा किया जा सकेगा। झारखंड के भीतर या अन्य राज्यों से झारखंड के किसी विधानसभा क्षेत्र में स्थानांतरित होनेवाले पंजीकृत मतदाताओं को दावा एवं आपत्ति अवधि के दौरान फॉर्म-8 जमा करना होगा। निर्धारित परिस्थितियों में आवश्यक दस्तावेज भी प्रस्तुत करने होंगे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि SIR-2026 की प्रक्रिया को मतदाता हित में सरल, पारदर्शी और सुविधाजनक बनाया गया है, ताकि अधिकांश मतदाताओं को दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता ही न पड़े।

### झारखंड की पहचान को मिला वैश्विक सम्मान

# राज्य के 11 पारम्परिक उत्पादों को मिला जीआई टैग

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पारम्परिक शिल्पकला को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान मिली है। झारखंड के कुल 11 विशिष्ट उत्पादों को जीआई टैग मिला है। इसमें 04 को जीआई टैग दिलाने में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने उल्लेखनीय भूमिका निभायी है। इस वर्ष (2026) जिन 11 उत्पादों को जीआई टैग मिला है, उसमें कोडरमा का केसरिया कलाकंद, कुचाई सिल्क, मुंडा सिल्क सहित 11 उत्पाद शामिल है। नाबार्ड के सहयोग और सतत प्रयास से विकसित राज्य की चार विशिष्ट उत्पादों भगैया सिल्क, कुचाई सिल्क, मुंडा ज्वेलरी और झारखंड बांस शिल्प को भौगोलिक संकेतक



मिला है। यह उपलब्धि न केवल झारखंड की पारम्परिक कला, शिल्प और ज्ञान प्रणाली को संरक्षण प्रदान करेगी, बल्कि हजारों कारीगरों, बुनकरों और ग्रामीण उत्पादकों की आजीविका को भी नयी मजबूती देगी। जीआई टैग किसी उत्पाद की विशिष्ट भौगोलिक पहचान और उसकी प्रामाणिकता का प्रमाण होता है, जिससे बाजार में उसकी अलग पहचान बनती है और बेहतर मूल्य मिलने की सम्भावना बढ़ जाती है। झारखंड नाबार्ड के अनुसार, यह सफलता उत्पादक समूहों, स्वयं सहायता समूहों, किसान उत्पादक संगठनों , विभिन्न सरकारी विभागों, तकनीकी संस्थानों और अन्य हितधारकों के साथ वर्षों तक किये गये सामूहिक ● शेष पृष्ठ 11 पर

## 61 % बढ़ा राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क : केन्द्र

**नयी दिल्ली** : देश में पिछले 12 वर्षों में अवसंरचना विकास और राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के विस्तार में अभूतपूर्व बदलाव दर्ज किया गया है। साल 2014 में सड़क नेटवर्क लगभग 91,287 किलोमीटर था, जो वित्त वर्ष 2025-26 में 61 प्रतिशत बढ़ कर 1,46,572 किलोमीटर से अधिक हो गया है। राष्ट्रीय राजमार्गों के इस तीव्र विस्तार और वैश्विक स्तर की अवसंरचना ने देश की आर्थिक प्रगति को गति दी है और माल ढुलाई लागत को कम किया है। केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने रविवार को बताया कि साल 2013-14 में सड़क ● शेष पृष्ठ 11 पर

### राहुल गांधी ने मोदी सरकार को घेरा ; बोले

# भारतीयों की मौत पर अमेरिका ने न अफसोस जताया, न माफी मांगी



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अमेरिकी हमलों में भारतीय नाविकों की मौत के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्र सरकार को निशाने पर लिया है। उन्होंने केन्द्र सरकार को एक आज्ञाकारी नौकर बताते हुए कहा कि देश का सम्मान और रक्षा करने में विफल रही है यह सरकार।


कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए सरकार की विदेश नीति और अमेरिका के प्रति उसके रुख पर तीखे सवाल उठाये हैं। राहुल गांधी ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के बीच हुई बातचीत का हवाला देते हुए कहा, कि अमेरिकी हमलों में भारतीय नागरिकों की मौत के बावजूद अमेरिका ने ● शेष पृष्ठ 11 पर

# मोदी-ट्रम्प मुलाकात से पहले कांग्रेस ने अमेरिकी नीति और व्यापार समझौते पर जतायी चिन्ता

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच 17 जून को फ्रांस में प्रस्तावित मुलाकात से पहले कांग्रेस ने केन्द्र सरकार से भारत के राष्ट्रीय हितों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने की मांग की है। पार्टी ने कहा है कि भारत को ओमान तट के निकट अमेरिकी कार्रवाई में तीन भारतीय नाविकों की मौत, भारत-अमेरिका व्यापार समझौते तथा अमेरिकी प्रशासन के हालिया रवैये जैसे विषयों पर अपनी चिन्ताओं को स्पष्ट रूप से सामने रखना चाहिए।

कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी बयान में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी शीघ्र ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात करनेवाले हैं। ऐसे में देश के नागरिक यह जानना चाहते हैं कि



■ जी-7 शिखर सम्मेलन से पहले कांग्रेस ने व्यापार, भारतीय नाविकों की मौत और अमेरिका के रुख पर उठाये सवाल

क्या प्रधानमंत्री अमेरिकी कार्रवाई में तीन भारतीय नाविकों की मौत के मुद्दे पर भारत की कड़ी आपत्ति दर्ज करायेंगे और क्या वे अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ हुई बातचीत में प्रयुक्त भाषा का विषय भी उठायेंगे।

जयराम रमेश ने भारत-अमेरिका व्यापार सम्बन्धों को लेकर भी चिन्ता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीयर जल्द ही भारत दौरे पर आनेवाले हैं। कांग्रेस का आरोप है कि प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते के तहत केन्द्र सरकार ने ऐसे कदम उठाये हैं, जिनसे भारतीय किसानों और घरेलू उद्योगों के हित प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिकी उच्चतम न्यायालय द्वारा ट्रम्प प्रशासन की टैरिफ व्यवस्था को निरस्त किए जाने के बाद भी भारत सरकार ने इस समझौते की शर्तों पर पुनर्विचार नहीं किया है, जो चिन्ताजनक है।

कांग्रेस नेता ने अमेरिकी विदेश मंत्री की उस टिप्पणी का भी उल्लेख किया, जिसमें भारत द्वारा अगले पांच वर्षों में 500 अरब डॉलर के अमेरिकी सामान खरीदने की सम्भावित प्रतिबद्धता की बात कही गयी थी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के बयान कई गम्भीर सवाल खड़े करते हैं और भारत को अपने आर्थिक एवं रणनीतिक हितों की रक्षा के लिए अधिक स्पष्ट और दृढ़ रुख अपनाने की आवश्यकता है।

इस मुद्दे पर कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने भी केन्द्र सरकार से अमेरिका के समक्ष भारत की चिन्ताओं को मजबूती से रखने की मांग की। उन्होंने कहा कि ट्रम्प प्रशासन के सत्ता में आने के बाद भारत के प्रति अमेरिकी रवैया पूरी तरह मित्रतापूर्ण नहीं रहा है। चाहे अमेरिका में कथित रूप से अवैध रूप से रह रहे ● शेष पृष्ठ 11 पर




## एक झलक

### 19वां वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव 26 से 28 जून तक



**रांची :** रांची नगर स्थित एकमात्र दिव्यदेशम श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर के 19 वें वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव की तैयारी को लेकर रविवार 14 जून को मंदिर संचालन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंदिर के कार्यकारी अध्यक्ष श्री राम अवतार नारसरिया ने की। बैठक में आगामी महोत्सव की रूपरेखा, धार्मिक अनुष्ठानों, शोभायात्रा तथा कल्याणोत्सव के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। यह त्रिदिवसीय धार्मिक महोत्सव 26 जून से 28 जून 2026 तक आयोजित होगा , जिसमें रांची सहित झारखंड के विभिन्न जिलों और पड़ोसी राज्यों से सैकड़ो श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

### मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर भाजपा की 'प्रगतिपथ यात्रा', केन्द्रीय मंत्री नित्यानंद राय हुए शामिल

**रांची :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने और निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सबसे लंबे कार्यकाल का नया रिकॉर्ड बनने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। इसी क्रम में रविवार को रांची महानगर भाजपा की ओर से ह्यप्रगतिपथ यात्राह्व निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकताओं और नेताओं ने भाग लिया। रांची के रातू रोड स्थित ओटीसी मैदान से शुरू हुई इस यात्रा में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, विधायक सीपी सिंह तथा रांची की मेयर रौशनी खलखो सहित भाजपा के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। यात्रा में शामिल नेताओं और कार्यकर्ता हाथों में झंडे, बैनर और विभिन्न संदेशों वाली तख्तियां लेकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों का प्रचार करते नजर आए। यात्रा के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के समर्थन में नारे लगाए और केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया।

### रिम्स के पास तालाब से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**रांची :** राजधानी रांची के सदर थाना क्षेत्र स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के समीप एक तालाब से रविवार को अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से शव को तालाब से बाहर निकलवाया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, रिम्स ट्रामा सेंटर के पास स्थित तालाब में एक शव पड़े होने की सूचना स्थानीय लोगों ने सदर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों से मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन किसी ने भी शव की शिनाख्त नहीं की।

### जगन्नाथपुर मंदिर के पीछे पुल के नीचे मिला युवक का शव

**रांची :** राजधानी रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र स्थित जगन्नाथपुर मंदिर के पीछे एक पुल के नीचे से पुलिस ने रविवार सुबह एक युवक का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान मनोरंजन सिंह के रूप में हुई है। वह धुर्वा पानी टंकी स्थित महावीर मंदिर के समीप का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, सुबह टहलने निकले स्थानीय लोगों की नजर पुल के नीचे अचेत अवस्था में पड़े एक व्यक्ति पर पड़ी। लोगों ने पास जाकर देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल धुर्वा थाना पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलने पर धुर्वा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। घटनास्थल का निरीक्षण करने के दौरान पुलिस को वहां से शराब की एक खाली बोतल भी मिली है, जिसे जांच के लिए जब्त कर लिया गया है।

---

## रांची के पांच केन्द्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई झारखंड पात्रता परीक्षा

# तीन हजार अभ्यर्थी हुए शामिल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की ओर से आयोजित झारखंड पात्रता परीक्षा-2024 रविवार को राजधानी रांची के पांच परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा में करीब तीन हजार अभ्यर्थियों ने भाग लिया। परीक्षा का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया गया। परीक्षा के सफल संचालन को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा तथा सभी केंद्रों पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। परीक्षा को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए रांची जिला प्रशासन ने पूर्व से ही विशेष तैयारियां की थीं। विधि-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अवांछित



गतिविधि पर रोक लगाने के उद्देश्य से सदर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) कुमार रजत ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा-163 के तहत सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू की थी। यह आदेश रविवार सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक प्रभावी रहा। निषेधाज्ञा के तहत परीक्षा केंद्रों के आसपास पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने, किसी प्रकार की सभा, प्रदर्शन या बैठक आयोजित करने, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग तथा हथियार लेकर चलने पर प्रतिबंध लगाया गया था। प्रशासन का उद्देश्य परीक्षा को पूरी तरह पारदर्शी और कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराना था। रांची में परीक्षा के लिए पांच केंद्र निर्धारित किए गए थे। इनमें सेंट पॉल्स कॉलेज (चर्च रोड), सेंट जॉन्स हाई स्कूल (करबला टैंक रोड), रामटहल चौधरी हाई स्कूल (हिंदी माध्यम, बुटी), सेंट मार्गरेट्स गर्ल्स हाई स्कूल (बहू बाजार) तथा सेंट एन्स इंटरमीडिएट कॉलेज (पुरुलिया रोड) शामिल थे। परीक्षा शुरू होने से पहले सभी केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की लंबी कतारें देखी गईं। प्रवेश से पूर्व अभ्यर्थियों की सघन जांच की गई और आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन कराया गया। परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल, दंडाधिकारी और प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती की गई थी। वहीं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए भी अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को लगाया गया था। परीक्षा के दौरान किसी भी केंद्र से कदाचार, अव्यवस्था या सुरक्षा संबंधी समस्या की कोई सूचना नहीं मिली। प्रशासनिक अधिकारियों ने लगातार केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया और सभी गतिविधियों की निगरानी की। सदर अनुमंडल पदाधिकारी कुमार रजत ने बताया कि परीक्षा के शांतिपूर्ण संचालन के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा एवं प्रशासनिक उपाय किए गए थे। उन्होंने कहा कि निषेधाज्ञा लागू करने का मुख्य उद्देश्य परीक्षा केंद्रों के आसपास शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखना और अभ्यर्थियों को बेहतर माहौल उपलब्ध कराना था। प्रशासन और पुलिस की सतत निगरानी के कारण परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

---

## झारखंड राजस्थानी अकादमी की वार्षिक आमसभा सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड राजस्थानी अकादमी की सत्र 2023-26 की वार्षिक आमसभा दिनांकः 14 जून 2026, दिनः रविवार, समयः प्रातः11 बजे से स्थानः श्री महेश्वरी भवन, सेवासदन पथ, रांची (आधार तल) में आयोजित हुई। झारखंड राजस्थानी अकादमी के संस्थापक अध्यक्ष अजय मारू ने सभी वरिष्ठ संस्थापक एवं आजीवन सदस्यों का स्वागत करते हुए तदोपरांत अकादमी के कुल 6 दिवंगत सदस्यों के प्रति संवेदना व्यक्त किया एवं एक मिनट का मौन आमसभा में रखा। झारखंड राजस्थानी अकादमी के संस्थापक महासचिव विनय सरावगी ने सत्र 2023-26 की वार्षिक आमसभा की कार्यवाही एवं प्रतिवेदन सभा पटल में राजस्थानी भाषा में प्रस्तुत किया, जिसे सर्व सम्मति से संपुष्टि किया गया। अकादमी के कोषाध्यक्ष श्रद्धेय धर्मचंद जैन रारा के देवहसान पश्चात अध्यक्ष श्री अजय मारू ने आय व्यय का लिखित ब्यौरा प्रस्तुत किया, जिसे करतल ध्वनि से पारित किया गया। चुनाव पदाधिकारी अजय मारू ने बताया कि झारखंड राजस्थानी अकादमी के सत्र 2026-29 के लिए कार्यकारिणी का चुनाव हेतु कुल 11 नामांकन पत्र अंतिम तिथि 7 जून 2026 तक प्राप्त हुए, जिनमें क्रमशः सर्वश्री विनय सरावगी, बसंत मित्तल, पंकज पोद्दार, रवि शंकर शर्मा, शिव शंकर साबू, मनोज बजाज, दीपक मारू, अशोक पुरोहित, आशीष मोदी मीनू, राकेश जैन रारा, संदीप मुरारका है।

---

## जरूरतमन्द बच्चियों के बीच नूतन वस्त्रों का वितरण : बुद्धा फाउंडेशन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** जोहार लॉर्ड बुद्धा फाउंडेशन द्वारा बुद्धा साइंस एंड टेक्निकल इंस्टीट्यूट, चूना भट्ठा, कोकर, रांची में वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के पूर्व उपमहाप्रबंधक कैप्टन रमेश कुमार झा, विशिष्ट अतिथि अंदीता झा, संस्था के अध्यक्ष शशिभूषण पांडे तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर जी. पी. सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि कैप्टन रमेश कुमार झा ने कहा कि जरूरतमंद बच्चों की सहायता करना एक महान मानवीय कार्य है और समाज के सक्षम लोगों को ऐसे कार्यों में आगे आना चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर जी. पी. सिंह ने कहा कि समाज में सेवा की भावना रखने वाले अनेक लोग हैं, आवश्यकता उन्हें एक मंच से जोड़कर समाजहित के कार्यों में प्रेरित करने की है। संस्था के अध्यक्ष शशिभूषण पांडे ने कहा कि संस्था समाज के सहयोग को सही एवं जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने के लिए निरंतर पारदर्शिता और समर्पण के साथ कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान 20 आर्थिक रूप से पिछड़ी बच्चियों के बीच नूतन वस्त्रों का वितरण किया गया। बड़ी बच्चियों को फ्रॉक-सूट, पजामा एवं दुपट्टा तथा छोटी बच्चियों को फ्रॉक प्रदान किया गया। वितरण किए गए सभी वस्त्र संस्था के प्रशिक्षण केंद्र में तैयार किए गए थे। इस अवसर पर कैप्टन रमेश कुमार झा एवं अंदीता झा को ₹महादानी कर्ण सेवा सम्मान₹ से सम्मानित किया गया। संस्था के सीईओ डॉ. भरत भूषण ने कहा कि समाज में हो रहे सकारात्मक कार्यों से प्रेरणा लेकर प्रत्येक व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुसार समाजहित में योगदान देना चाहिए।

---

## एचईसी को बचाने के लिए ठोस पहल जरूरी, कर्मचारियों की समस्याओं का हो समाधान : लालदेव सिंह

**रांची :** हटिया कामगार यूनियन (एटक) के उपाध्यक्ष लालदेव सिंह ने हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन (एचईसी) की वर्तमान स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि देश के महत्वपूर्ण सार्वजनिक क्षेत्र के इस औद्योगिक उपक्रम को बचाने के लिए सरकार और प्रबंधन को तत्काल प्रभावी कदम उठाने चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि लंबे समय से एचईसी के पुनरुद्धार तथा कर्मचारियों और पेंशनभोगियों की समस्याओं के समाधान की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है। रविवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में लालदेव सिंह ने कहा कि एचईसी की लगातार बिगड़ती आर्थिक स्थिति का सीधा असर कर्मचारियों और सेवानिवृत्त कर्मियों पर पड़ रहा है।

---

## रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के प्रयास से रांची-टाटा मार्ग को मिलेगी नयी रफ्तार

- लगभग 127 किलोमीटर लम्बी 214.79 करोड़ की ओवरले परियोजना को मिली स्वीकृति
- 18 जून को होगा भूमिपूजन क्षेत्र में खुशी की लहर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के सबसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्गों में से एक रांची-महुलिया (टाटा) खंड, राष्ट्रीय राजमार्ग-33 (नया एनएच-43 एवं एनएच-18) के सुदृढ़ीकरण एवं पुनर्विकास के लिए लगभग 126.497 किलोमीटर लंबी तथा ?214.79 करोड़ की ओवरले परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस महत्वपूर्ण परियोजना के पूर्ण होने से रांची और जमशेदपुर के बीच यात्रा अधिक सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक होगी। रांची-महुलिया खंड राज्य की राजधानी रांची को औद्योगिक नगरी जमशेदपुर से जोड़ने वाला प्रमुख परिवहन गलियारा है। इस मार्ग पर प्रतिदिन भारी वाणिज्यिक वाहनों, यात्री बसों, खनिज परिवहन वाहनों तथा स्थानीय यातायात का व्यापक आवागमन होता है। लगातार भारी यातायात, मानसून के दौरान जल प्रवेश तथा सड़क की बढ़ती आयु के कारण कई स्थानों पर सड़क की सतह क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे यात्रा प्रभावित हो रही है। प्रस्तावित कार्य के अंतर्गत क्षतिग्रस्त बिटुमिनस सतह की मिलिंग कर उसे हटाया जाएगा तथा आवश्यक सुदृढ़ीकरण के उपरांत डेंस बिटुमिनस मैकाडम एवं बिटुमिनस कंक्रीट की नई परत बिछाई जाएगी। इससे सड़क की संरचनात्मक क्षमता बढ़ेगी, यात्रा समय में कमी आएगी तथा सड़क सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार होगा। यह परियोजना खनिजों, औद्योगिक उत्पादों तथा अंतर्राज्यीय यातायात के दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। रांची-टाटा कॉरिडोर झारखंड को ओडिशा एवं पश्चिम बंगाल से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

---

## मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने रक्तदान दिवस के अवसर पर लगाया रक्तदान शिविर




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने लालपुर स्थित एच स्क्वायर में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर को आयोजित करने में हेल्थपॉइंट का महत्पूर्ण योगदान रहा। 'रक्तदान करें, जीवन बचाएं, नायक बनें' थीम पर आधारित इस शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। शिविर का उद्देश्य रक्त की कमी को दूर करना एवं समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना था। संस्था द्वारा प्रत्येक रक्तदाता को प्रोत्साहन स्वरूप इंसुलेटेड वॉटर जार भेंट किया गया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष शुभा अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान महादान है, एक यूनिट रक्त से कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। शिविर से कुल 25 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर में अध्यक्ष शुभा अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, कोमल पोद्दार, शायरी अग्रवाल, वेदिका सिंघानिया एवं वीणा शर्मा उपस्थित थे। शिविर को सफल बनाने में रक्त संयोजिका कोमल पोद्दार एवं रक्त संयोजक हेमा पोद्दार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

---

## रोटरी क्लब ऑफ रांची व बहावलपुरी पंजाबी समाज का नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रोटरी क्लब ऑफ रांची द्वारा बहावलपुरी पंजाबी समाज एवं बहावलपुरी पंजाबी समाज महिला समिति के सहयोग से कल 14 जून रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, चिकित्सा परामर्श, दवा वितरण एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन गुरु नानक भवन में किया जा रहा है। यह शिविर प्रातः 9:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक गुरु नानक भवन, श्री कृष्ण नगर कॉलोनी, रातु रोड, रांची में आयोजित होगा। शिविर में रांची के प्रतिष्ठित एवं अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा विभिन्न रोगों के लिए निःशुल्क परामर्श प्रदान किया जाएगा। इसमें स्त्री रोग, मेडिसिन एवं कार्डियोलॉजी, डायबिटीज, शल्य चिकित्सा, दंत रोग, नाक-कान-गला (ईएनटी), नेत्र रोग, शिशु रोग, मूत्र एवं गुर्दा रोग, चर्म रोग, हृदय रोग, विकलांग एवं हड्डी रोग, प्लास्टिक सर्जरी, पैथोलॉजी तथा कैंसर रोग विशेषज्ञों की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। बहावलपुरी पंजाबी समाज के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि शिविर के दौरान आम नागरिकों के लिए ईसीजी, ब्लड शुगर जांच, ब्लड ग्रुप जांच, निःशुल्क दवा वितरण, आयुष्मान कार्ड शिविर के साथ-साथ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा तथा उन्हें समाज सेवा के इस महायज्ञ में सहभागी बनने का अवसर मिलेगा.इस शिविर को राज हॉस्पिटल एवं विवेकानंद हॉस्पिटल का सहयोग प्राप्त है।

---

## झारखण्ड प्रदेश शौण्डिक संघ ने सुदूर ग्रामीण क्षेत्र की बच्ची पीहू की शिक्षा का लिया संकल्प



- एक साल की पढ़ाई के लिए दिया आर्थिक सहयोग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** लालपुर चौक रांची के होटल आर्या में झारखण्ड प्रदेश शौण्डिक संघ ने एक कार्यक्रम आयोजित करके सूंड़ी समाज की 43ँ क्लास की एक बच्ची पीहू कुमारी को उसकी आगे की शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता के रूप मे अगले 1 साल की पढ़ाई लिखाई के लिए चेक प्रदान किया । इस मौके पर बच्ची के साथ उसके माता पिता भी उपस्थित रहे जो दिव्यांग भी है । उन्होंने बताया कि परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नही है, जिसके चलते बच्ची की पढ़ाई में बहुत परेशानी हो रही है। उक्त परिवार सिल्ली विधानसभा के राहे प्रखंड स्थिति सोसो गांव के मूल निवासी हैं और गांव के विद्यालय में बहुत मुश्किल से बच्ची को पढ़ाई करा रहे हैं। झारखंड प्रदेश शौण्डिक संघ को जब इस परिवार की स्थिति के बारे में जानकारी मिली तो तुरंत कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई और सभी सदस्यों ने एक स्वर में इस बच्ची को हर संभव मदद के लिए निर्णय लिया और इसी निर्णय को अमलीजामा पहनाते हुए इस साल के लिए समाज की इस बेटी के शिक्षा का पूरा खर्च श्री सतीश गुप्ता जी ने स्वेक्षा से उठाया ।

---

## सना परवीन बनी आकांक्षा परीक्षा की स्टेट टॉपर



**जावेद अख्तर**

**रांची :** झारखंड अधिविध परिषद, रांची ने आकांक्षा एग्जाम का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार द्वारा संचालित इस महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट में सरकारी विद्यालयों से मैट्रिक परीक्षा में उतीर्ण मेधावी बच्चों को इंजीनियरिंग, मेडिकल एवं क्लैट परीक्षा की तैयारी कराने के लिए निशुल्क आवासीय कोचिंग की सुविधा प्रदान की जाती है। राज्य स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता परीक्षा में इंजीनियरिंग, मेडिकल एवं क्लैट स्ट्रीम के लिए क्रमशः 75, 50 और 50 प्रतिभागियों का अंतिम रूप से चयन हुआ है। इंजीनियरिंग स्ट्रीम में संदीप कुमार साव, मेडिकल में आकाश कुंभकर और क्लैट परीक्षा में शना प्रवीण ने राज्यभर में अव्वल स्थान प्राप्त किया है। इस परीक्षा में देवघर जिला के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 175 सीटों में 09 सीटों पर अपना कब्जा जमाया। गौरतलब है कि पिछले वर्ष क्लैट स्ट्रीम के लिए देवघर से एक भी अभ्यर्थी सफल नहीं रहे थे, वहीं इस बार कुल 03 अभ्यर्थी सफल रहे। क्लैट स्ट्रीम में16वीं रैंक हासिल करने वाली कृषु कुमारी ने बतायी कि वह इस एग्जाम की तैयारी नवमीं कक्षा से ही कर रही थी। अपनी सफलता का श्रेय इन्होंने जावेद सर और परिजनों को दिया है। एग्जाम की तैयारी के बारे में बताते हुए कहती है जावेद सर के कुशल मार्गदर्शन, कड़ी मेहनत , निरंतर निगरानी और मॉक टेस्ट से यह परिणाम संभव हो पाया है। बहुत साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाली कृषु कुमारी के पिता संजीत कुमार राय एवं माता ममता देवी बेटी की सफलता पर गौरवान्वित हैं। ज्यूडिशियल सर्विसेज में कैरियर बनाने को इच्छुक छात्रा की सफलता पर योगियाटिकुर गांव (सारवां) में हर्ष का माहौल है। नलिनी पत्रिका उच्च विद्यालय, बंदाजोरी सारवां के प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं सभी शिक्षकों ने छात्रा को शुभकामना देते हुए इसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

---

## विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



**रांची :** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर दिशोम गुरु शिबू सोरेन सामुदायिक भवन, पोखरटोली रोड, मनीटोला, डोरंडा में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन डोरंडा मिल्लत पंचायत एवं अल-अमन कमेटी, मनीटोला डोरंडा के संयुक्त सौजन्य से तथा सदर अस्पताल, रांची के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना था। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा का परिचय दिया।

---

## दिगम्बर जैन समाज ने प्रतिभा सम्मान समारोह का किया आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रविवार को दिगम्बर जैन समाज के द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें करीब 50 ऐसी प्रतिभाओं का सम्मान किया गया जिन्होंने 10 वी, 12वी,उ.अ, एवम् इंजीनियरिंग में सर्वोच्च उतीर्ण अंक प्राप्त कर अपना भविष्य सुनिश्चित किया है, जैन समाज के ऐसे प्रतिभाओं का सम्मान करना एक गौरव की बात है। समारोह की शुरूआत श्रीमती स्मिता पांड्या ने मंगलाचरण कर की। इस समारोह में समाज की कई विशिष्ट हस्तियां मौजूद थी जिन्होंने प्रशासनिक स्तर पर या अन्य जगहों पर अपना पूर्ण योगदान देकर जैन समाज का गौरव बढ़ाया है। सभा का संचालन मुख्य संयोजक कमल सेठी ने किया,अध्यक्ष प्रदीप बाकलीवाल ने अपने विचार रखे। उन्होंने कहा प्रतिभा सम्मान समारोह दिगम्बर जैन समाज के द्वारा काफी लंबे समय से किया जा रहा है। आज से लगभग 22 वर्ष पहले इस कार्यक्रम की शुरूआत हुई थी उस समय में यह कार्यक्रम बहुत व्यापक पैमाने पर



किया जाता था। जैन धर्म में ज्ञान को आत्मोन्नति का सर्वोच्च साधन माना गया है। हमारे आगमों एवं आचार्यों ने सदैव यह संदेश दिया है कि ज्ञान के माध्यम से ही व्यक्ति अपने जीवन को श्रेष्ठ दिशा प्रदान कर सकता है। हमारा जैन समाज सदैव शिक्षा, संस्कार और नैतिक मूल्यों को प्राथमिकता देता आया है। आज का यह 'प्रतिभा सम्मान समारोह' केवल अंकों या उपलब्धियों का सम्मान नहीं है, बल्कि उन प्रयासों, त्याग,अनुशासन और निरंतर परिश्रम का अभिनंदन है, जिनके माध्यम से हमारे बच्चों ने सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं।

---

## योगदा सत्संग आश्रम रांची के योग दिवस प्रसारण ने भारत और विदेशों में हजारों लोगों तक बनायी पहुंच

# 'ध्यान योग से शांति की अनुभूति' विषयक कार्यक्रम में ध्यान की व्यावहारिक प्रविधियों का हुआ अनुभव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य पर योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इण्डिया (वाईएसएस) ने रविवार, 14 जून को अपने रांची आश्रम में एक विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें वरिष्ठ संन्यासी स्वामी ईश्वरानन्द गिरि ने ह्यध्यान योग द्वारा शांति की अनुभूतिह्व विषय पर प्रवचन दिया। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भारत और विदेशों में वाईएसएस केन्द्रों, ध्यान समूहों, शैक्षणिक संस्थानों, कॉर्पोरेट वेलनेस समूहों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर किया गया, जिससे प्रत्यक्ष एवं ऑनलाइन माध्यमों से लगभग 25,000 लोगों इसमें भाग ले पाये। 90 मिनट के इस विशेष कार्यक्रम में भजन, निर्देशित ध्यान-सत्र,



सकारात्मक संकल्पों तथा सृजनात्मक दृश्यांकन के माध्यम से प्रतिभागियों को आंतरिक शांति, एकाग्रता एवं संतुलित जीवन के लिए व्यावहारिक आध्यात्मिक प्रविधियों का अनुभव कराया गया। स्वामी ईश्वरानन्द ने कहा : 'योग जीवन जीने का एक संपूर्ण विज्ञान है, जो शरीर, मन और आत्मा को सामंजस्यपूर्ण रूप से विकसित करते हुए मनुष्य को उसके अंतर्निहित शांति स्रोत तथा ईश्वर से जोड़ता है।' स्वामीजी ने विश्वविख्यात आध्यात्मिक गुरु तथा गौरवग्रंथ 'योगी कथामृत' के लेखक परमहंस योगानन्दजी की क्रियायोग शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि ध्यान के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति अपने भीतर स्थित दिव्य शांति का अनुभव कर सकता है। उन्होंने योगानन्दजी के इन शब्दों को उद्धृत किया : ध्यान वह स्रोत है, जिससे ईश्वर की शांति आपकी आत्मा में प्रवाहित होती है। स्वामीजी ने परमहंस योगानन्दजी का एक अन्य प्रेरणादायी संदेश भी साझा किया : शांति खरीदी नहीं जा सकती। आपको यह जानना होगा कि उसे अपने भीतर, अपनी दैनिक ध्यान साधना की निश्चलता में कैसे निर्मित करें। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने पहली बार यह वचन पढ़ा था, तब वे इसके गहन अर्थ को पूरी तरह नहीं समझ पाये थे। किन्तु, वर्षों के ध्यान-अभ्यास के अनुभव से उन्होंने जाना कि ध्यान का स्वाभाविक परिणाम आंतरिक शांति है। नियमित ध्यान के माध्यम से व्यक्ति जीवन की चुनौतियों, तनावों और अनिश्चितताओं के बीच भी शांत, संतुलित और केन्द्रित रह सकता है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को ध्यान की मूलभूत प्रविधियों का अभ्यास कराया गया तथा एक प्रेरणादायी संकल्प के माध्यम से जीवन की चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों को परमहंस योगानन्दजी द्वारा प्रदत्त योगदा सत्संग पाठमाला की जानकारी दी गयी। इन गृह-अध्ययन पाठों के माध्यम से साधक अपने घर पर रह कर ध्यान की वैज्ञानिक विधियों तथा आध्यात्मिक जीवन के सिद्धांतों का क्रमबद्ध अध्ययन कर सकते हैं। योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया (वाईएसएस) की स्थापना परमहंस योगानन्दजी ने 1917 में की थी। उनकी विश्वविख्यात पुस्तक 'योगी कथामृत' ने दुनियाभर में लाखों लोगों को प्रेरित किया है। वाईएसएस भारत एवं पड़ोसी देशों में आश्रमों, ध्यान केंद्रों एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से ध्यान और संतुलित जीवन की शिक्षाओं का प्रसार कर रही है।

---

## विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जेसीआई रांची में सफलतापूर्वक रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जेसीआई रांची नियो ने स्वर्ण भूमि, डंगरा टोली चौक, रांची में सफलतापूर्वक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 16 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जिसमें 3 प्रथम बार रक्तदान करने वाले युवा रक्तदाताओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं एवं उपस्थित लोगों को रक्तदान के लाभ, इसकी आवश्यकता एवं समाज में इसके महत्व के बारे में जानकारी दी गई तथा उन्हें नियमित रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया। जेसीआई रांची नियो के अध्यक्ष जेसी एचजीएफ अनुज अग्रवाल, सचिव जेसी अभिषेक झाझरिया एवं प्रोजेक्ट कन्वेनर जेसी विष्णु अग्रवाल, जेसी प्रकाश रुंगटा एवं जेसी पिंकेश खंडेलवाल ने सभी रक्तदाताओं, सहयोगियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। यह कार्यक्रम जेसीआई रांची नियो के वर्ष 2026 के मंत्र "Nourish–Elevate–Outshine" की भावना को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा।

## एक झलक

### कोल ड्रिंक लदा ट्रेलर पलटा, चालक घायल

**चरही/हजारीबाग** : चरही थाना क्षेत्र के यूपी मोड़ घाटी में रविवार को एक ट्रेलर को पलट जाने के क्रम में चालक घायल हो गया।उस पर लदे कोल ड्रिंक के दर्जनों पेटिया सडकों पर बिखर गए। कोल ड्रिंक के कई पेटियों को ग्रामीण लेकर भाग निकले। जानकारी के अनुसार ट्रेलर नबंर जीजे 05 बीभी/8626 सेरघाटी से कोल ड्रिंक के पेटियों को लोडकर रांची की ओर जा रहा था। ट्रेलर तेज रफ़्तार में आ रही थी।यूपी मोड़ घाटी तीखा घुमावदार होने के कारण चालक का संतुलन बिगड़ गया। डिवाइडर को तोड़ते हुए दूसरे लेन में जाकर पलट गई।चालक ट्रेलर के अंदर ही फस गया।मौके पर पहुंची चरही पुलिस ने अंदर फसे चालक को सुरक्षित निकला गया। ट्रेलर को पलट जाने के कारण घन्टों जाम लगा रहा। सड़क को जाम से हटाने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। किरा न के माध्यम से पलटी ट्रेलर को उठाया गया। कोल ड्रिंक के पेटियों को दूसरे वाहन पर लोडकर गंतव्य स्थानों की ओर भेज दिया गया।

### साहु समाज की वार्षिक बैठक जरबा में

**चरही/हजारीबाग** : रविवार को साहू समाज जरवा का वार्षिक बैठक किया गया। जिसमें भवन निर्माण एवं समाज के विकास के लिए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया गया। साथ ही साथ साहू समाज के पदाधिकारी का पुनर्गठन किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारी का चयन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए निरंजन प्रसाद नायक, उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार साव, सचिव सुरेंद्र कुमार साव,उप सचिव संजय कुमार साहू, कोषाध्यक्ष कौशलेश किशोर, संरक्षक रामदुलार साव तथा कार्यकारिणी सदस्य में शिव प्रसाद, महावीर साव, सुधीर कुमार, संजय कुमार, अमृत साव को चयनित किया गया। इस बैठक में समाज के सभी प्रबुद्ध एवं बुद्धिजीवी लोग उपस्थित हुए।

### रोजगार व निवेश के नाम पर करोड़ों की कथित ठगी, पीड़ितों ने की जांच व कार्रवाई की मांग

**दारू (हजारीबाग)** : रोजगार उपलब्ध कराने और निवेश की राशि कम समय में दोगुनी करने का प्रलोभन देकर करोड़ों रुपये की कथित ठगी का मामला सामने आया है। आरोप रेलीफिन्स रिलीफ निधि लिमिटेड से जुड़े लोगों पर लगाया गया है। मामले के उजागर होने के बाद हजारीबाग जिले के विभिन्न क्षेत्रों में निवेशकों के बीच चिंता का माहौल है। जानकारी के अनुसार, कंपनी हजारीबाग, बड़कागांव, उरीमारी, चुरचू तथा आसपास के क्षेत्रों में अपनी शाखाओं के माध्यम से लोगों को रोजगार और बेहतर आमदनी का सपना दिखाकर जोड़ती थी। इसके बाद रजिस्ट्रेशन, बचत योजना और निवेश योजनाओं के नाम पर लोगों से किस्तों में राशि जमा कराई जाती थी। निवेशकों का विश्वास जीतने के लिए उन्हें पासबुक और अन्य दस्तावेज भी उपलब्ध कराए जाते थे।
मामले को लेकर दारू थाना क्षेत्र की निवासी सविता कुमारी ने थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में प्रवीण विस्ली, गणेश महतो, रामबिलास दास, बंगाली कुमार दास, बिरसा मांझी एवं राजकुमार मिर्धा को नामजद किया गया है। पीड़िता के अनुसार, केवल ईरगा गांव के 62 लोगों से लगभग पांच लाख रुपये जमा कराए गए थे, जबकि पूरे हजारीबाग जिले में करीब तीन करोड़ रुपये तक की ठगी होने की आशंका जताई जा रही है। आरोप है कि निवेश की अवधि पूरी होने के बाद जब लोगों ने अपनी जमा राशि वापस मांगी, तो कंपनी से जुड़े लोग संपर्क से बाहर हो गए। उनके मोबाइल फोन भी बंद बताये जा रहे हैं। पीड़ितों ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई, आरोपियों की गिरफ्तारी तथा निवेशकों की जमा राशि वापस दिलाने की मांग की है।
मामले में लगाए गए आरोप शिकायतकर्ता के आवेदन पर आधारित हैं। आरोपों की आधिकारिक पुष्टि जांच के उपरांत ही हो सकेगी।

# रक्तदान बना जीवनदान का महाअभियान

## विश्व रक्तदान दिवस

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन हजारीबाग द्वारा सदर अस्पताल स्थित नए ओपीडी भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वैच्छिक रक्तदान किया। शिविर के दौरान कुल 70 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया।
रक्तदान शिविर का उद्देश्य सदर अस्पताल में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा आमजन को रक्तदान के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर रक्तदाताओं को उनके सामाजिक योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।
सदर अस्पताल में रक्त की निरंतर उपलब्धता बनाए रखने के उद्देश्य से भविष्य में प्रत्येक माह इस प्रकार के रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। प्रशासन ने सभी नागरिकों से आगे भी ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा रक्तदान के लिए दूसरों को प्रेरित करने की अपील की।



कार्यक्रम के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी आदित्य पांडेय उपस्थित रहे तथा उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का सर्वोत्तम माध्यम है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।
रक्तदान शिविर के सफल आयोजन में सिविल सर्जन अशोक कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी मुरली यादव, कार्यपालक दंडाधिकारी प्रेम कुमार,डीपीएम, अनुमंडल कार्यालय के प्रधान लिपिक गोपाल पासवान, टीपू सुल्तान सहित कई अधिकारियों एवं कर्मियों की सक्रिय सहभागिता रही। इसके अतिरिक्त रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से तनवीर सिंह तथा यूथ विंग की ओर से रितेश खंडेलवाल सहित विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों ने शिविर के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
जिला प्रशासन हजारीबाग ने रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं, स्वयंसेवी संगठनों एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से ही जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सकता है। प्रशासन ने भविष्य में भी इसी प्रकार के जनहितकारी अभियानों में सहयोग बनाये रखने की अपील की।

## कोबरा बटालियन मुख्यालय में अधिकारी व जवानों ने किया रक्तदान

**बरही** : विश्व रक्तदान दिवस पर बरही के 203 कोबरा बटालियन मुख्यालय में कमांडेंट समेत अधिकारी और जवानों ने रक्तदान महादान के स्लोगन को साकार करते हुए रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन कमांडेंट पवन कुमार सिंह ने रक्तदान कर किया। कोबरा बटालियन के प्रभारी डॉक्टर सीएमओ डॉ राहुल रेवरिया और डॉ उपासना सिंह ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर कमांडेंट पवन कुमार सिंह ने कहा कि 203 कोबरा बटालियन और सीआरपीएफ ने केवल देश के दुशमनों को सबक सिखाने का काम करती है बल्कि समाज के निर्बल, असहाय, निराश्रित लोगों की सेवा में भी आगे रहती है। यह रक्तदान शिविर जरुरतमंद लोगों की हिफाजत करने के साथ समाज के अन्य लोगों को भी रक्तदान एवं समाज सेवा के लिए प्रेरित करेगा। समाज सेवा और राष्ट्र सेवा भावना के तहत बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी समानंदा सिंह, गौरव कुमार, गंग्वाने कैलाश संभाजी के साथ साथ अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी और जवानों ने भी रक्तदान किया। रक्तदान के बाद सभी अधिकारी और जवानों के बीच जलपान विचरण किया गया।



## दो प्रमुख ग्रामीण पथों का शिलान्यास, पीएम-जनमन योजना से दूरस्थ इलाकों को मिलेगी नयी राह

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण/हजारीबाग** : चौपारण प्रखंड के अति पिछड़े एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विकास की दिशा में शनिवार को एक महत्वपूर्ण पहल की गई। ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल हजारीबाग द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएम जन मन) के तहत दो महत्वपूर्ण सड़क निर्माण योजनाओं का शिलान्यास किया गया। शिलापट्ट में अंकित विवरण के अनुसार पहली योजना के तहत पैकेज संख्या जेएच-11-पीएम जन मन -एच ए जेड-01 (2025-26) अंतर्गत एलओ-21 दुरागढा पीएमजीएसवाई पथ से ढोढिया तक लगभग 5.134 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। वहीं दूसरी योजना में एलओ-22 चतरा-चौपारण रोड (बीघा बाजार) से



बीघा मुंडा टोला तक लगभग 1.180 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई। दोनों योजना करोड़ों रुपये की बताई गई। दोनों योजनाओं का शिलान्यास विधायक मनोज कुमार यादव की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख चौपारण पूर्णिमा देवी, जिला परिषद सदस्य राकेश रंजन, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। मौके पर विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि विकास केवल घोषणाओं से नहीं बल्कि जमीन पर उतरने वाले कार्यों से दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता का विश्वास काम से जीता जाता है और इन सड़कों के निर्माण से लंबे समय से आवागमन की समस्या झेल रहे ग्रामीणों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से ऐसे गांवों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है जहां अब तक बुनियादी सड़क सुविधा सीमित रही है। सड़क निर्माण पूर्ण होने के बाद शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार और रोजगार तक पहुंच अधिक आसान होगी। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य राकेश रंजन, सांसद प्रतिनिधि रामस्वरूप पासवान, विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव, सह सांसद प्रतिनिधि आशीष सिंह, मुखिया पिंकी देवी, प्रतिनिधि विनोद सिंह, पूर्व मुखिया अरबिंद सिन्हा,रामचंद्र सिंह, राकेश पांडे, सुमन सिंह,भाजपा नेता विकास यादव, सियाराम सिंह, सतेंद्र सिंह, अशोक केशरी,पवन सिंह, छोटु यादव, सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## छठ घाट की दुर्दशा पर वार्डवासियों का फूटा आक्रोश

## बरसात से पहले मरम्मत नहीं हुई, तो होगा आन्दोलन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 34 स्थित छठ घाट की जर्जर स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों का आक्रोश सामने आया है। बरसात शुरू होने से पहले घाट की मरम्मत और आसपास की नालियों की सफाई कराने की मांग को लेकर वार्डवासियों ने हजारीबाग नगर निगम की महापौर अरविन्द कुमार राणा को सामूहिक आवेदन सौंपा है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में आंदोलन का रास्ता अपनाया जायेगा। आवेदन में कहा गया है कि वर्षों से यह छठ घाट क्षेत्र के लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है, जहां छठ महापर्व सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होते हैं। लेकिन वर्तमान में घाट की सीढ़ियां टूट चुकी हैं, कई स्थानों पर कटाव हो गया है



और समुचित रखरखाव के अभाव में श्रद्धालुओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए घाट तक पहुंचना जोखिम भरा हो गया है। स्थानीय निवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि छठ घाट के समीप बनी नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से गंदा पानी सीधे तालाब में मिल रहा है। बरसात के दौरान स्थिति और गंभीर हो जाती है तथा दूषित पानी के कारण तालाब का जल प्रदूषित होने का खतरा बढ़ जाता है। इससे एक ओर जहां लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं, वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की आशंका भी बनी रहती है। वार्ड वासियों ने नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि बरसात से पूर्व युद्धस्तर पर छठ घाट का जीर्णोद्धार कराया जाए, टूटी हुई सीढ़ियों की मरम्मत की जाए तथा नालियों की व्यापक सफाई सुनिश्चित की जाये, ताकि श्रद्धालुओं को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध हो सके। आवेदन पर हस्ताक्षर करने वालों में राजीव कुमार, सुषमा वर्मा, हुलास साव, अवधेश कुमार, सिद्धार्थ कुमार, संतोष कुमार, अंजली नीरज, शैलेंद्र पासवान, किशोर प्रसाद, शशिकांत कुमार यादव, विशाल आनंद, राजू कुमार साव, सुजय ठाकुर, मनोरंजन गुप्ता, नेहा कुमारी, राजवीर सिंह, तरनजीत कौर, राज कुमार, संतोष कुमार शर्मा एवं संजीव कुमार शामिल हैं।

## गम्भीर बीमारी से जूझ रहे हैं पशु चिकित्सक डॉ. राजकुमार श्रीवास्तव, सहयोग व प्रार्थना की अपील

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**विष्णुगढ़** : वर्षों तक दिन-रात बेजुबान पशुओं की सेवा में समर्पित रहने वाले विष्णुगढ़ के वरिष्ठ एवं लोकप्रिय पशु चिकित्सक डॉ. राजकुमार श्रीवास्तव आज स्वयं जीवन की सबसे कठिन लड़ाई लड़ रहे हैं। हजारों पशुओं को नया जीवन देने वाले, अनगिनत पशुपालकों के चेहरे पर मुस्कान लौटाने वाले डॉ० श्रीवास्तव इन दिनों गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं और उन्हें समाज की दुआओं, आत्मीयता तथा सहयोग की आवश्यकता है। डॉ० श्रीवास्तव ने अपने लंबे सेवाकाल में कभी समय और परिस्थिति की परवाह नहीं की। दिन हो या रात, बारिश हो या कड़ाके की ठंड, जब भी किसी पशुपालक ने मदद की गुहार लगाई, वे हमेशा सेवा के लिए तत्पर रहे। यही वजह है कि वे केवल एक पशु चिकित्सक नहीं, बल्कि क्षेत्र के हजारों लोगों के लिए विश्वास, संवेदना और समर्पण का दूसरा नाम बन गए। वर्तमान में उनकी स्वास्थ्य स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। हजारीबाग, रांची, हैदराबाद और वेल्लोर जैसे देश के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों में इलाज कराने के बावजूद उन्हें अपेक्षित राहत नहीं मिल सकी है। लगातार इलाज, दवाइयों और चिकित्सा संबंधी खर्चों के कारण परिवार आर्थिक कठिनाइयों का भी सामना कर रहा है। आज परिस्थितियां ऐसी हैं कि जिन हाथों ने वर्षों तक बेजुबान पशुओं और जरूरतमंद लोगों की सेवा की, वे हाथ स्वयं अपनों के सहयोग और हौसले की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

## महिला सुरक्षा और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ दारू थाना की पहल

## बाल श्रम व बाल उत्पीड़न जैसे महत्त्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दारू (हजारीबाग)** : दारू थाना परिसर में रविवार को थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में महिला सुरक्षा, बाल संरक्षण एवं सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन को लेकर एक जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक में महिला जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं पत्रकारों ने भाग लिया। बैठक के दौरान डायन-बिसाही, भूत-प्रेत जैसी अंधविश्वासपूर्ण कुरीतियों, पॉक्सो एक्ट, महिला उत्पीड़न, दहेज प्रथा, बाल विवाह, बाल श्रम एवं बाल उत्पीड़न जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। थाना प्रभारी ने कहा कि महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिए समाज में व्यापक जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने



लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, सामाजिक कुरीति अथवा अपराध की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में अंधविश्वास के खिलाफ जनजागरूकता अभियान चलाने तथा महिलाओं एवं बच्चों के अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक करने पर विशेष जोर दिया। बैठक में उपस्थित महिला जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी जागरूकता बैठकों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन आयेगा और कानून के प्रति लोगों का विश्वास मजबूत होगा। सभी ने मिल कर क्षेत्र में शांति, कानून व्यवस्था एवं महिला सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर हरली पंचायत की मुखिया फरजाना खातून, जिनगा पंचायत की मुखिया पिंकी देवी, ईरगा पंचायत की मुखिया अनीता देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा, प्रमोद राम सहित कई महिला जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं पत्रकार उपस्थित थे।

## कोइली प्राथमिक विद्यालय में 100 दिवसीय स्वास्थ्य अभियान के तहत आरोग्य शिविर आयोजित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही** : प्रखंड के कोइली प्राथमिक विद्यालय में 100 डेज कैंपेन के तहत आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में कुल 61 ओपीडी मरीजों का इलाज किया गया, जिनमें 25 पुरुष एवं 36 महिलाएं शामिल थीं। इसके अलावा 52 लोगों की एनसीडी (गैर-संचारी रोग) जांच तथा 2 लोगों की स्पुटम जांच की गयी। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम के सदस्य बिजेंद्र कुमार, सलोनी कुमारी, शहजहां बेगम, सलेन्द्र कुमार, सूरज कुमार, रीमा पाण्डेय, शमसाद आलम, जासीमुन निशा, संगीता देवी एवं मनी देवी उपस्थित रहे। सभी स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों को नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे 100 दिवसीय अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाना तथा लोगों को विभिन्न बीमारियों के प्रति जागरूक करना है। शिविर में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

## विक्की कुमार धान की पहल से सदर अस्पताल में समाप्त हुआ धरना

## पोस्टमार्टम कराने के बाद एम्बुलेंस से शव को पहुंचाया गांव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : हजारीबाग जिले के सदर प्रखंड के चोरहेता गांव निवासी सुषमा कुमारी (पति रोहित राम) की मृत्यु के बाद सदर अस्पताल में रविवार को उत्पन्न तनावपूर्ण स्थिति को शांत कराने में पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह के निजी मीडिया प्रतिनिधि विक्की कुमार धान की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सुबह से धरने पर बैठे परिजनों की मांगों को प्रशासन तक पहुंचाने, अधिकारियों के साथ वार्ता कराने और पूरे मामले का समाधान निकालने में उन्होंने सक्रिय पहल की, जिसके बाद परिजनों ने अपना धरना समाप्त कर दिया। जानकारी के अनुसार, मृतका के परिजन सुबह लगभग 5 बजे से ही सदर अस्पताल परिसर में धरने पर बैठे थे। परिजनों की मांग थी कि मामले की निष्पक्ष जांच कर



दोषी चिकित्सक एवं नर्सिंग कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए तथा पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और सहायता उपलब्ध करायी जाये। देखते ही देखते अस्पताल परिसर में लोगों की भीड़ जुटने लगी और माहौल तनावपूर्ण हो गया। मामले की जानकारी मिलते ही विक्की कुमार धान अस्पताल पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। इसके बाद उन्होंने अस्पताल प्रबंधन एवं प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत कर मामले के समाधान की पहल की। उनकी सक्रियता के बाद सदर अस्पताल प्रबंधन के प्रतिनिधि, सदर अंचलाधिकारी (CO), गुरहेत पंचायत के मुखिया महेश तिग्गा तथा अन्य जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और परिजनों के साथ वार्ता शुरू हुई। कई घंटों तक चली बातचीत के बाद प्रशासन की ओर से लिखित आश्वासन दिया गया। आश्वासन में मृतका के पति को नगर निगम में रोजगार उपलब्ध कराने तथा मृतका के छोटे बच्चे के पालन-पोषण के लिए सहयोग देने की बात कही गई। प्रशासन के इस आश्वासन के बाद परिजनों ने अपना धरना समाप्त कर दिया और अस्पताल परिसर में स्थिति सामान्य हो सकी। वहीं धरना समाप्त होने के बाद भी विक्की कुमार धान लगातार पीड़ित परिवार के साथ बने रहे। उन्होंने मृतका के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया को पूरा कराने में सहयोग किया तथा सभी आवश्यक औपचारिकताओं को शीघ्र पूरा करवाया।

### वरिष्ठ नेता नागेश्वर प्रसाद मंडल का 14वां स्मृति दिवस मना

**विष्णुगढ़** : रविवार को बराय गांव के अम्बेडकरनगर (हरिजन -टोला) स्थित सामुदायिक भवन में मनाया गया। सर्वप्रथम कॉमरेड नागेश्वर मंडल की याद में एक मिनट का मौन रखा गया एवम उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प दोहराया गया और उसके बाद उनके छाया चित्र पर बारी-बारी से माल्यार्पण किया गया। उक्त स्मृति दिवस पर बोलते हुए भाकपा माले विष्णुगढ़ प्रखण्ड कमिटी सचिव घनश्याम पाठक ने कहा कि नागेश्वर मंडल हमेशा सामाजिक-राजनीतिक कार्यों में आगे रहते थे। उन्होंने कहा कि बराँय-नउवाडीह समेत आस-पास के इलाकों में एक दौर में ग्रामीण गरीबों, कमजोरों और वंचितों को गोलबंद व संगठित करने में उनकी अग्रणी भूमिका रही है।

## संगठन की मजबूती के लिए सदस्यता अभियान चलाने पर जोर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**इचाक** : आदर्श युवा संगठन की बैठक उच्च विद्यालय सिझुआ के प्रांगण में समाजसेवी सह पत्रकार रमेश रंजन की अध्यक्षता में की गई जबकि संचालन दीपक कुमार मेहता ने किया। बैठक की शुरूआत समाजसेवी चंद्रधारी मेहता एवं जितेश्वर मेहता की आकस्मिक निधन पर इन दोनों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रख कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वसहमति से निर्णय लिया गया कि संगठन की मजबूती के लिए युवाओं एवं बुजुर्गों को सदस्यता अभियान चलाकर संगठन की मजबूती प्रदान किया जा सकता है। संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष गौतम कुमार ने कहा कि हम समाज में सेवा भाव से जुड़े हुए हैं और क्षेत्र में विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे आम लोगों की बात सुनकर अत्यंत पीड़ा होती है हम इस संगठन के माध्यम से समाप्त करने का कार्य करेंगे चाहे भ्रष्टाचार का मुद्दा हो नशा का हो । इचाक को पर्यटन स्थल घोषित करने की मांग किया जाएगा, सार्वजनिक तालाबों एवं मठ मंदिर जमीन को भूमाफियाओं की चंगुल से मुक्त करना संगठन की पहला उद्देश्य है। बैठक में शामिल जिला अध्यक्ष रूपेश कुमार सचिव कुलदीप कुमार कोषाध्यक्ष सुनील बैध, कमल कुमार दास, सक्रिय सदस्य रंजीत मेहता, श्याम देव मेहता, गजेंद्र प्रजापति, लक्ष्मण किशोर, शंकर कुमार, मुकेश कुमार, लक्ष्मण मेहता, शिवकुमार, बादल कुमार, राजकुमार मेहता समेत दर्जनों सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं : विधायक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचकर सदर प्रखंड के चोरहेता निवासी रोहित राम जी के परिजनों से मुलाकात की तथा उनकी पत्नी सुषमा कुमारी के असामयिक निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की। जानकारी के अनुसार, गर्भावस्था के दौरान सुषमा कुमारी को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों द्वारा ऑपरेशन के माध्यम से शिशु का



सफलतापूर्वक जन्म कराया गया, किंतु उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। परिजनों ने इस घटना के लिए चिकित्सकीय लापरवाही को जिम्मेदार बताया है। इस दुखद घटना पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि एक नवजात शिशु के जन्म की खुशी का पल अचानक मातम में बदल जाना अत्यंत पीड़ादायक और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यदि चिकित्सकीय लापरवाही के कारण यह घटना हुई है तो यह अत्यंत गंभीर विषय है और इसकी निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। प्रदीप प्रसाद ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस कठिन समय में वे परिवार के साथ खड़े हैं तथा हर संभव सहयोग के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि भगवान उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : हजारीबाग कला एवं संस्कृति जगत से जुड़े कलाकारों ने कला एवं संस्कृति विभाग के विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने पर सुबोध सिन्हा का भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। हजारीबाग आर्ट एंड कल्चरल ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा के नेतृत्व में क्वालिटी रेस्टोरेंट में आयोजित सम्मान समारोह में कलाकारों ने उन्हें माला और बुके भेंट कर शुभकामनाएं दीं। सुबोध सिन्हा हजारीबाग आर्ट एंड कल्चरल ट्रस्ट के संस्थापक हैं और लंबे समय से जिले के संगीत एवं कला क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे कलाकारों के सहयोग और प्रोत्साहन के लिए सदैव तत्पर रहते हैं तथा



समय-समय पर बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर स्थानीय प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराते रहे हैं। हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद द्वारा कला एवं संस्कृति विभाग के लिए विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने पर कलाकारों में खुशी का माहौल है। समारोह में मौजूद कलाकारों ने इस निर्णय के लिए विधायक प्रदीप प्रसाद का आभार जताते हुए कहा कि इससे जिले की कला और संस्कृति को नई दिशा मिलेगी। कलाकारों ने कला क्षेत्र के प्रति विधायक की सकारात्मक सोच और कार्यों की सराहना भी की।

## एक झलक

### पत्रकार संजय सिंह की माता का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**धनबाद/निरसा :** वरिष्ठ पत्रकार एवं निरसा निवासी संजय सिंह की माता स्वर्गीय लालमुणी देवी का शनिवार को निधन हो गया। वह 77 वर्ष की थीं। उनके निधन की खबर मिलते ही परिवार, रिश्तेदारों, शुभचिंतकों तथा क्षेत्र के सामाजिक और पत्रकारिता जगत से जुड़े लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि लालमुणी देवी धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थीं और अपने सरल एवं सौम्य स्वभाव के कारण क्षेत्र में सम्मानित थीं। उनके निधन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग संजय सिंह के आवास पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं और पत्रकारों ने भी गहरा दुख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए लोगों ने ईश्वर से उन्हें इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की कामना की।

### भव्य कलश यात्रा के साथ पांच कुण्डीय राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ का शुभारम्भ



**धनबाद :** अखिल भारतीय गायत्री परिवार के तत्वावधान में सुखवर्षा सिटी क्लब हाउस, आमटाल–बेलगड़िया में आयोजित पांच कुण्डीय राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ एवं श्रीमद् पावन प्रज्ञा पुराण कथा का शुभारंभ रविवार को भव्य मंगल कलश यात्रा के साथ हुआ। कार्यक्रम में श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रथम दिन निकाली गई कलश यात्रा में लगभग 500 पुरुष एवं महिलाओं ने भाग लिया, जबकि 200 से अधिक श्रद्धालु विशेष रूप से शामिल हुए। कुल 150 कलशों का पूजन भागराम तालाब जलाशय के पवित्र जल से किया गया। इनमें 24 मुख्य कलश शामिल थे, जिन्हें महिलाओं ने सिर पर धारण कर शोभायात्रा में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत संजय गोराई मुखिया द्वारा धर्मध्वजा फहराने से हुई। अमृतासन गायत्री परिवार की ओर से संजय गोराई को सम्मानित भी किया गया। प्रातः छह बजे मंगल कलश शोभायात्रा तथा आठ बजे देवपूजन एवं गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। शाम छह बजे युग संगीत एवं श्रीमद् पावन प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन हुआ। कथा टोली में प्रो. भरत प्रसाद, प्रो. अरविंद, संयुक्ता देवी, सरिता झा एवं मंजू बहन ने सहभागिता निभायी। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजक आशा देवी, रामशंकर शर्मा, मंटू सिंह, कृष्णा साव, बीरेन्द्र कुमार गुप्ता, कपिल शर्मा, राजेश कुमार, बीरेन्द्र (मास्टर जी), रामाशीष प्रसाद, राजेन्द्र जी, महेंद्र पंडित, प्रकाश जी, हीरा बरनवाल, गोस्वामी जी, लगनी देवी, जी.एन. लाल एवं आर.के. लाल सहित गायत्री परिवार के सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही।

### तेतुलमारी में खुलेआम चल रहे अवैध कोयला कारोबार पर उठे सवाल, कार्रवाई की मांग तेज

**बाघमारा (धनबाद) :** बाघमारा पुलिस अनुमंडल के तेतुलमारी थाना क्षेत्र अंतर्गत गंडुवा कोढ़िया बस्ती इलाके में कथित तौर पर बड़े पैमाने पर अवैध कोयला कारोबार संचालित होने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों की ओर से आरोप लगाया गया है कि बंद पड़े एक भट्ठे को अवैध कोयला डिपो के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है, जहां दिनदहाड़े मोटरसाइकिल, स्कूटर तथा अन्य छोटे-बड़े वाहनों के माध्यम से कोयला पहुंचाया जा रहा है। इसके बाद ट्रक और हाईवा के जरिए कोयला बिहार, पश्चिम बंगाल समेत अन्य राज्यों में भेजे जाने का दावा किया जा रहा है। मामले को लेकर अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ के जिला अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर झारखंड सरकार, धनबाद पुलिस, झारखंड पुलिस, सीआईएसएफ तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को टैग करते हुए अविलंब कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस कथित अवैध कारोबार से बीसीसीएल और राज्य सरकार को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है, जबकि अवैध कारोबारी आर्थिक रूप से लाभान्वित हो रहे हैं। वहीं, स्थानीय ग्रामीणों ने तेतुलमारी क्षेत्र में जारी कथित अवैध कोयला कारोबार के लिए स्थानीय पुलिस और बीसीसीएल की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार महिलाओं ने सड़कों पर झाडू लेकर विरोध-प्रदर्शन किया और अवैध खनन व कारोबार पर रोक लगाने की मांग की, लेकिन इसके बावजूद स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया। लगातार उठ रहे आरोपों के बीच क्षेत्र में पुलिस प्रशासन की भूमिका को लेकर भी तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक इस मामले में पुलिस अथवा बीसीसीएल की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी।

---

#### योग्य शैक्षणिक संस्थानों के अनुमोदन को लेकर बैठक आयोजित

# 29 कब्रिस्तानों के विकास प्रस्तावों पर लगी मुहर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** झारखंड राज्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ी जाति प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2025-26 के तहत योग्य शैक्षणिक संस्थानों के अनुमोदन को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्राप्त आठ आवेदनों की विस्तृत समीक्षा के बाद निर्धारित मानकों एवं पात्रता शर्तों को पूरा करने वाले तीन शैक्षणिक संस्थानों को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक के दौरान सभी आवेदनों से संबंधित दस्तावेजों, शैक्षणिक मानकों और अन्य आवश्यक पहलुओं की बारीकी से जांच की गई। अधिकारियों ने कहा कि योजना का उद्देश्य पात्र विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण संस्थानों के माध्यम से छात्रवृत्ति का लाभ उपलब्ध कराना है। इसके अलावा अल्पसंख्यक समुदाय के कब्रिस्तानों के संरक्षण एवं विकास के लिए गठित जिला स्तरीय स्थल चयन समिति की बैठक भी आयोजित की गई। समिति ने जिले के विभिन्न अंचलों से प्राप्त प्रस्तावों की तकनीकी और प्रशासनिक समीक्षा के उपरांत 29 कब्रिस्तानों की घेराबंदी, संरक्षण तथा आधारभूत संरचना के विकास से संबंधित प्रस्तावों को मंजूरी दी। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी प्रवीण कुमार समेत समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

---

#### समाहरणालय सभागार में अपर समाहर्ता ने की समीक्षा बैठक

# राजस्व मामलों के लम्बित प्रकरणों के शीघ्र निष्पादन पर जोर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** समाहरणालय सभागार में अपर समाहर्ता विनोद कुमार की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी अंचल अधिकारी (सीओ) एवं जिला भू-अर्जन पदाधिकारी राम नारायण खालको उपस्थित रहे। इस दौरान दाखिल-खारिज, भूमि विवाद, अतिक्रमण निष्पादन तथा अन्य लंबित राजस्व मामलों की अंचलवार समीक्षा की गई। अपर समाहर्ता ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी लंबित मामलों का निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधी सेवाओं का समयबद्ध निष्पादन जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, इसलिए सभी अधिकारी नियमित रूप से लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए निष्पादन की गति तेज करें। बैठक में भू-अर्जन से जुड़े लंबित मामलों की भी समीक्षा की गई। अपर समाहर्ता ने संबंधित अधिकारियों को इन मामलों के शीघ्र निष्पादन और प्रगति की सतत निगरानी करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान राजस्व कार्यों की प्रगति, सामने आ रही चुनौतियों तथा उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने सभी अधिकारियों को पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया।

---

#### सिन्दरी की आवासीय व जन समस्याओं के समाधान को लेकर सर्वदलीय बैठक

# विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से विचार-विमर्श



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी (धनबाद) :** क्षेत्र की आवासीय एवं जन समस्याओं के समाधान तथा सिंदरी के समग्र विकास को लेकर रविवार को सांई मंदिर परिसर में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में सामाजिक, राजनीतिक एवं प्रबुद्ध वर्ग के लोगों ने भाग लेकर क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। बैठक के दौरान सिंदरी के आवासों की जर्जर स्थिति, बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता, रखरखाव, पेयजल, सड़क, साफ-सफाई तथा अन्य जनसुविधाओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। वक्ताओं ने कहा कि सिंदरी में लंबे समय से चली आ रही समस्याओं के समाधान के लिए सभी वर्गों को मिलकर लगातार प्रयास करने की जरूरत है। इसके लिए संयुक्त रूप से आवाज उठाने और संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर समस्याओं के निराकरण की दिशा में पहल करने पर सहमति बनी। बैठक में कहा गया कि सिंदरी के विकास और नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर सामूहिक प्रयास किए जायेंगे। साथ ही क्षेत्रवासियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखा जायेगा। बैठक के आयोजन में सांई संस्थान के संरक्षक रविंद्र सिंह, पूर्व पार्षद दिनेश सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष संजू महतो, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मजीत सिंह, विजय सिंह, रंजीत सिंह, प्रमुख सिंह, विदेशी सिंह, पवन शर्मा समेत दर्जनों गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक में क्षेत्रहित से जुड़े मुद्दों पर नियमित रूप से विमर्श जारी रखने का भी निर्णय लिया गया।

---

### बाल संस्कारशाला में बच्चों को दिये गये नैतिक मूल्यों और संस्कारों के पाठ

**झरिया/धनबाद :** गायत्री शक्तिपीठ बस्ताकोला में प्रत्येक रविवार की भांति इस सप्ताह भी बाल संस्कारशाला का आयोजन नियमित रूप से किया गया। कार्यक्रम का संचालन देवालय प्रबंधन समिति की प्रशिक्षित, कर्मठ एवं ऊजार्वान बहनों द्वारा किया गया। इस दौरान बच्चों को नैतिक शिक्षा, भारतीय संस्कृति, अनुशासन, सदाचार, स्वच्छता, राष्ट्रभक्ति तथा मानवीय मूल्यों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई। संस्कारशाला में बच्चों को प्रेरणादायी प्रसंगों, गीत, प्रार्थना और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अच्छे संस्कारों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। आयोजकों ने कहा कि बाल संस्कारशाला का उद्देश्य नई पीढ़ी को संस्कारवान, चरित्रवान एवं जिम्मेदार नागरिक बनाना है।

---

#### बच्चों और महिलाओं ने जेस्ट फैशन शो में बिखेरा जलवा

# आकर्षक कैटवॉक ने मोहा मन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** बलियापुर रोड स्थित क्लार्क्स इन होटल के सभागार में आयोजित जेस्ट फैशन शो 2026 का भव्य आगाज रंगारंग माहौल के बीच हुआ। शानदार मंच सज्जा, आकर्षक लाइटिंग, दमदार संगीत और डिजाइनर परिधानों के साथ प्रतिभागियों ने रैंप पर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में 80 बच्चों, 55 युवतियों और 125 महिलाओं ने भाग लेकर दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम का संचालन काजल झा, मनीषा सिंह, अंजना, पूजा, अनीशा और धर्मजीत चौधरी ने किया। धनबाद की जानी-मानी शख्सियत पुष्पा सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई, जबकि मेकअप पार्टनर के रूप में लेकमे की रुजी मेम और उनकी टीम ने प्रतिभागियों को आकर्षक लुक प्रदान किया। मिसेस झारखंड 2024-25 और एआईआईएएईएफ की ग्लोबल ब्रांड एम्बेसडर पुष्पा सिंह ने आयोजन की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजक काजल झा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना है, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को नई उड़ान दे सकें। प्रतियोगिता में 4 से 12 वर्ष तक के बच्चों तथा 18 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के लिए अलग-अलग श्रेणियां निर्धारित की गई थीं। उन्होंने बताया कि जेस्ट फैशन शो 2026 ने प्रतिभागियों को अपनी अलग पहचान बनाने का सुनहरा अवसर प्रदान किया है। अब इसका अगला आयोजन 21 जून को रांची और 28 जून को देवघर में और भी भव्य रूप में आयोजित किया जायेगा।

---

### सेवा के चार वर्ष पूरे होने पर मां शारदा सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट ने जरूरतमंदों के बीच कराया भोजन वितरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय मां शारदा सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट ने अपने सेवा कार्यों के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को धनबाद रेलवे स्टेशन परिसर में जरूरतमंद एवं असहाय लोगों के बीच भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर संस्था द्वारा विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में सक्रिय अतिथियों का अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी कुम्भनाथ सिंह, श्रीराम सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, युवा संघर्ष मोर्चा के संस्थापक दिलीप सिंह तथा श्वेता किन्नर उपस्थित रहीं। अतिथियों एवं संस्था के संस्थापक सरोज सिंह समेत सभी सदस्यों ने अपने हाथों से जरूरतमंद लोगों के बीच भोजन का वितरण किया। संस्था के संस्थापक सरोज सिंह ने बताया कि ट्रस्ट पिछले चार वर्षों से प्रत्येक शनिवार को रेलवे स्टेशन परिसर में जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराता आ रहा है। इसके अलावा संस्था शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभा रही है।

---

### सर्प दंश से घायल 80 वर्षीय महिला की रिम्स में मौत

**बेड़ो :** सर्प दंश की घटना में घायल हुई एक बुजुर्ग महिला की इलाज के दौरान रिम्स में मौत हो गई। मृतका बेड़ो थाना क्षेत्र के पाकलमेड़ी डहुटोली गांव निवासी 80 वर्षीय वचन देवी पति स्व. लोकनाथ महतो थीं। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। स्वजनों ने बताया कि रविवार अपराह्न लगभग 4 बजे वचन देवी अपने घर में सीढ़ी से उतर रही थीं, तभी सांप ने उन्हें काट लिया। तुरंत स्वजनों उन्हें इलाज के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स में लगभग डेढ़ घंटे तक चले गहन इलाज के बाद शाम करीब साढ़े 06 बजे वचन देवी ने दम तोड़ दिया।

---

## अड्डाबाजी पर पुलिस का शिकंजा, विशेष अभियान में दर्जनाधिक लोग पकड़ाये



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से शनिवार की देर शाम विभिन्न थाना क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थलों पर अड्डाबाजी कर रहे एक दर्जन से अधिक लोगों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की। वहीं, सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करते पाए गए कुछ लोगों के खिलाफ भी विधि-सम्मत कार्रवाई की गई। पुलिस द्वारा जिले के सभी थाना क्षेत्रों में प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों, बस स्टैंड, सार्वजनिक स्थलों तथा संवेदनशील इलाकों में सघन जांच और गश्त अभियान चलाया गया। इस दौरान कई लोग समूह बनाकर अनावश्यक रूप से बैठे मिले, जिनकी गतिविधियों से स्थानीय लोगों को असुविधा हो रही थी। पुलिस ने सभी संदिग्धों को संबंधित थानों में लाकर उनका सत्यापन किया तथा आवश्यक पूछताछ की। जांच के क्रम में कुछ व्यक्तियों को खुलेआम शराब का सेवन करते हुए भी पकड़ा गया। उन्हें थाना लाकर आवश्यक जांच की गई और नियमों के तहत कार्रवाई की गई। अभियान के कारण देर शाम तक विभिन्न इलाकों में पुलिस की सक्रियता बनी रही, जिससे लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि जिले में अपराध नियंत्रण, शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा आम नागरिकों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस तरह के विशेष अभियान लगातार चलाये जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अड्डाबाजी, नशाखोरी और अन्य असामाजिक गतिविधियों के विरुद्ध भविष्य में भी नियमित रूप से सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

---

### सरायढेला में देर रात तक चला ड्रंक एंड ड्राइव अभियान, 08 वाहन जब्त

**धनबाद :** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से शनिवार देर रात सरायढेला क्षेत्र में ड्रंक एंड ड्राइव के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर सीएमआरआई गेट के समीप ट्रैफिक डीएसपी रोहित कुमार साव के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में ट्रैफिक थाना प्रभारी जय प्रकाश समेत बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं जवान मौजूद रहे। अभियान के दौरान चारपहिया और दोपहिया वाहनों की सघन जांच की गई। वाहन चालकों के दस्तावेजों की जांच के साथ-साथ ब्रेथ एनालाइजर मशीन से शराब सेवन की भी जांच की गई। देर रात तक चले इस अभियान में करीब 356 वाहन चालकों की जांच की गई, जिसमें आठ चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए। सभी के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उनके वाहनों को जब्त कर लिया गया। ट्रैफिक डीएसपी रोहित कुमार साव ने कहा कि नशे की हालत में वाहन चलाना सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण है। इसे देखते हुए जिले में लगातार जागरूकता एवं विशेष जांच अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने वाहन चालकों से हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा शराब पीकर वाहन नहीं चलाने की अपील की। साथ ही चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

---

## निरसा मध्य पंचायत में चला पौधरोपण अभियान, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद/निरसा :** जननायक स्वर्गीय सूर्यदेव सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर जनता मजदूर संघ के बैनर तले चलाए जा रहे 12 दिवसीय पौधारोपण अभियान के तहत निरसा मध्य पंचायत में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनता मजदूर संघ के अधिकारी मिनी सिद्धार्थ गौतम का मुखिया रीता देवी एवं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान मुखिया रीता देवी, जनता मजदूर संघ के अधिकारी मनोज सिंह तथा अन्य गणमान्य लोगों की मौजूदगी में मिनी सिद्धार्थ गौतम ने विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उपस्थित लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया गया। मिनी सिद्धार्थ गौतम ने कहा कि जननायक स्वर्गीय सूर्यदेव सिंह की पुण्य स्मृति में पूरे जिले में 12 दिवसीय पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम-से-कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी नियमित देखभाल करनी चाहिए, क्योंकि वृक्ष ही आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और हरित वातावरण का आधार हैं। मुखिया रीता देवी ने कहा कि एक पेड़ एक बेटे के समान होता है और उसका संरक्षण करना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधि, जनता मजदूर संघ के कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इनमें मनोज सिंह, पंचायत के वार्ड सदस्य, महिला समूह की सदस्याएं तथा कई सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे।

---

### मनीष कोचिंग सेंटर व शारदा यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित



**झरिया (धनबाद) :** मनीष कोचिंग सेंटर एवं शारदा यूनिवर्सिटी, आगरा के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार देर शाम अग्रवाल धर्मशाला में प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वर्ष 2026 की सीबीएसई एवं जैक बोर्ड की कक्षा 12वीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं शिक्षाविद उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं स्मृति चिह्न देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी। वक्ताओं ने कहा कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़कर समाज और देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। मनीष कोचिंग सेंटर के निदेशक ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक दिलाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को बेहतर नागरिक के रूप में तैयार करना भी है। शारदा यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधियों ने विश्वविद्यालय में उपलब्ध आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं एवं विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी देते हुए छात्रों को उच्च शिक्षा के अवसरों से अवगत कराया। समारोह के दौरान मेधावी छात्रों की उपलब्धियों की सराहना की गई तथा उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया।

---

## हाड़ी समाज पुराना स्टेशन ग्राम शाखा की नयी कार्यकारिणी का विस्तार, पाजू हाड़ी बने अध्यक्ष



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** हाड़ी समाज पुराना स्टेशन ग्राम शाखा की नई कार्यकारिणी का विस्तार रविवार को पगड़ी रस्म सह शपथ ग्रहण समारोह के साथ किया गया। आयोजित भव्य समारोह में समाज के सैकड़ों लोगों और प्रबुद्ध नागरिकों की मौजूदगी में सर्वसम्मति से चयनित पदाधिकारियों को पारंपरिक रूप से पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया तथा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण और स्वर्गीय किशोरी हाड़ी को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद पाजू हाड़ी को ग्राम शाखा का अध्यक्ष, शिवचरण हाड़ी को सचिव, सिकंदर हाड़ी को कोषाध्यक्ष तथा बाबु हाड़ी को प्रवक्ता नियुक्त किया गया। वहीं दिपक हाड़ी, चंदन हाड़ी, राजू हाड़ी, जितेंद्र हाड़ी और बुनू हाड़ी को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अखिल भारतीय हाड़ी विकास मोर्चा, झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष रूप कुमार हाड़ी ने कहा कि हाड़ी समाज को सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक रूप से मजबूत बनाना संगठन का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि धनबाद जिले में वर्तमान में 165 सक्रिय शाखाएं कार्य कर रही हैं और पुराना स्टेशन ग्राम शाखा के पुनर्गठन से समाज को नई दिशा मिलेगी। समाजसेवी मनोज कुमार हाड़ी ने युवाओं से संगठन से जुड़कर सामाजिक और शैक्षणिक विकास में भागीदारी निभाने की अपील की। वहीं नवनिर्वाचित अध्यक्ष पाजू हाड़ी ने समाज को एकजुट रखते हुए सभी वर्गों के विकास के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। समारोह में समाज के वरिष्ठ सदस्य, महिला एवं युवा प्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

---

# जामाडोबा में कांग्रेस का विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया/धनबाद :** झरिया प्रखंड कांग्रेस कमिटी की ओर से जामाडोबा स्थित इंटक कार्यालय परिसर में विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष भगवान दास ने की। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं बूथ लेवल ऑफिसरों (बीएलओ) के साथ मतदाता सूची के पुनरीक्षण, नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, त्रुटियों के सुधार तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए शुद्ध एवं अद्यतन मतदाता सूची अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदान का अधिकार सुनिश्चित करने के लिए मतदाता सूची का व्यापक और त्रुटिरहित होना जरूरी है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं बीएलओ से घर-घर जाकर योग्य नागरिकों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने तथा किसी भी पात्र मतदाता का नाम छूटने नहीं देने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने मतदाता सूची से संबंधित नियमों एवं प्रक्रियाओं की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर डॉ. संतोष राय ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत आवेदन प्रपत्र भरने, नए नाम जोड़ने, नाम संशोधन तथा अन्य तकनीकी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान किया।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष क्यूम अंसारी, जिला महासचिव बाबू अंसारी, झरिया नगर कांग्रेस अध्यक्ष श्याम कुमार साव, रामजी सिंह, किशोर कुमार, सतपाल सिंह ब्रोक, फैज अहमद, नौशाद, बमभोली सिंह, चंद्रमोहन शर्मा, जुबैर खान, मो. अजीज, कंचन चौहान, संतोष श्रीवास्तव, राम बाबू पटेल, जनेश्वर चौबे, बिरेंद्र यादव, अरुणा रवानी, सुमन कुमार, गोलू कुमार, हीरालाल नोनिया, किशोर रावत, सबिता देवी, नमिता दास और राजमनी देवी सहित सैकड़ों कांग्रेस बीएलओ एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन पर सभी कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

---

### झारखंड सुड़ी समाज कल्याण समिति की बैठक में संगठन विस्तार और पुनर्गठन पर मंथन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** झारखंड सुड़ी समाज कल्याण समिति की ओर से रविवार को धैया स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में आयोजित आवश्यक बैठक में समाज को संगठित, सशक्त एवं नई दिशा देने के उद्देश्य से विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में केंद्रीय समिति के पुनर्गठन एवं चुनाव, जिला समिति के गठन, प्रखंड, नगर एवं ग्राम समितियों के पुनर्गठन सहित समाज के विकास और सामाजिक हित से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। संयोजक मंडली ने कहा कि समाज की एकता, आपसी सहयोग और संगठन की मजबूती के लिए सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। इसी उद्देश्य से पूर्व पदाधिकारियों, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा तथा विभिन्न प्रखंड, नगर और ग्राम समितियों के प्रतिनिधियों को बैठक में आमंत्रित किया गया था। बैठक में फटीक मंडल, धरनीधर मंडल, अशोक मंडल, प्रफुल्ल मंडल, शैलेन मंडल, सुनील मंडल, संतोष मंडल, पप्पू मंडल, गौतम मंडल, मनिंद्र मंडल, पिंटू मंडल, हिरेण मंडल, गौर मंडल, धनंजय मंडल, नारायण मंडल, खिरोधर मंडल, दिज्जेन मंडल, जय नारायण मंडल, विजय मंडल, परमेश्वर मंडल, मिहिर मंडल, षष्ठी मंडल तथा विष्णु मंडल समेत समाज के कई बुद्धिजीवी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय.....

# महंगाई का बढ़ता साया

**भारत** जैसे विशाल और विकासशील देश में महंगाई केवल एक आर्थिक शब्द नहीं, बल्कि करोड़ों परिवारों के दैनिक जीवन से जुड़ी एक ऐसी वास्तविकता है जो उनकी आय, बचत, भोजन, शिक्षा और भविष्य की योजनाओं को सीधे प्रभावित करती है। हाल ही में प्रकाशित रिपोर्टों और बाजार के रुझानों से स्पष्ट है कि मार्च के बाद से रोजमर्रा की जरूरतों के सामान की कीमतों में 15 से 20 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है। खाद्य तेल, साबुन, डिटर्जेंट, कॉफी, हैंडवॉश, नमकीन, शैंपू और दालों जैसे आवश्यक उत्पादों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। इसके साथ ही पेट्रोल, डीजल और गैस सिलेंडर की कीमतों में हुई वृद्धि ने आम उपभोक्ता की परेशानी को और बढ़ा दिया है। महंगाई का सबसे अधिक प्रभाव मध्यम और निम्न आय वर्ग पर पड़ता है। इन वर्गों की आय सीमित होती है और उनके खर्च का बड़ा हिस्सा भोजन, आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी आवश्यक जरूरतों पर खर्च होता है। जब रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम बढ़ते हैं तो इनके पास बचत के अवसर कम हो जाते हैं। परिणामस्वरूप परिवारों को अपनी आवश्यकताओं में कटौती करनी पड़ती है या फिर कर्ज का सहारा लेना पड़ता है। रिपोर्ट के अनुसार खाद्य तेलों की कीमतों में सबसे अधिक वृद्धि देखने को मिली है। जहां जून में इनमें 3 से 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी, वहीं मार्च के बाद अब तक यह वृद्धि 20 से 25 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। भारत खाद्य तेलों की आवश्यकता का एक बड़ा हिस्सा आयात करता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव का सीधा असर भारतीय बाजार पर पड़ता है। पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव, आपूर्ति श्रृंखला में बाधाएं और परिवहन लागत में वृद्धि ने खाद्य तेलों को महंगा बना दिया है। महंगाई का दूसरा महत्वपूर्ण कारण ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी है। घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, जबकि कमर्शियल सिलेंडर, पेट्रोल और डीजल भी महंगे हुए हैं। ऊर्जा किसी भी अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती है। जब ईंधन महंगा होता है तो परिवहन लागत बढ़ जाती है। इसका असर खेतों से मंडियों तक, फैक्ट्रियों से बाजारों तक और गोदामों से उपभोक्ताओं तक हर स्तर पर दिखाई देता है। फलस्वरूप लगभग हर वस्तु की कीमत बढ़ जाती है। आज कंपनियां भी बढ़ती लागत के दबाव में हैं। कच्चे माल, बिजली, परिवहन और पैकेजिंग की लागत बढ़ने से उत्पादन खर्च में वृद्धि हुई है। इस स्थिति में कंपनियां दो तरीके अपनाती हैं– या तो उत्पादों के दाम बढ़ाती हैं या पैकेट का आकार घटा देती हैं। उपभोक्ताओं को अक्सर यह महसूस नहीं होता कि समान कीमत पर मिलने वाला उत्पाद अब पहले से कम मात्रा में उपलब्ध है। इसे अर्थशास्त्र की भाषा में श्रिंकफ्लेशन कहा जाता है। यह भी महंगाई का एक छिपा हुआ रूप है। महंगाई का सबसे स्पष्ट असर रसोई पर दिखाई देता है। एक मध्यमवर्गीय परिवार का मासिक रसोई बजट यदि पहले 15 हजार रुपये था तो कीमतों में बढ़ोतरी के कारण यह खर्च अब 17 से 18 हजार रुपये तक पहुंच सकता है। यह वृद्धि सुनने में छोटी लग सकती है, लेकिन सालभर में यह अतिरिक्त खर्च हजारों रुपये तक पहुंच जाता है। जिन परिवारों की आय स्थिर है, उनके लिए यह स्थिति और अधिक कठिन हो जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्थिति कम चुनौतीपूर्ण नहीं है। खेती में डीजल, खाद, बीज और कीटनाशकों की लागत बढ़ने से कृषि उत्पादन महंगा हुआ है। किसान को अपनी फसल का उचित मूल्य नहीं मिलता, जबकि उपभोक्ता को वही उत्पाद महंगे दामों पर खरीदना पड़ता है। इस प्रकार महंगाई का बोझ उत्पादक और उपभोक्ता दोनों पर पड़ता है, जबकि बीच की आपूर्ति श्रृंखला और बाजार संरचना अधिक लाभ अर्जित करती है। महंगाई का सामाजिक प्रभाव भी गहरा होता है।

## ● किसने क्या कहा



भारतीय प्रतिभा और यूरोपीय पूंजी के बीच 'भारत इनोवेट्स' सेतु का कार्य करेगा

**नरेन्द्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**

भारतीयों की मौत पर अमेरिका ने न अफसोस जताया, न माफी मांगी

**राहुल गांधी**
**नेता प्रतिपक्ष**



# कोकरोच पार्टी, टूलकिट और जेन-जी को भड़काने का षड्यंत्र

विशेष | **डॉ. प्रियंका सौरभ**



हाल के वर्षों में 'कोकरोच पार्टी' ऐसा ही एक शब्द बनकर उभरा है, जिसने सोशल मीडिया की भाषा में अपनी जगह बना ली है। यह शब्द किसी औपचारिक राजनीतिक दल का नाम नहीं है, बल्कि एक प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति के रूप में प्रयुक्त होता है। इसका उपयोग उन समूहों, अभियानों या ऑनलाइन गतिविधियों के लिए किया जाता है जो अचानक किसी मुद्दे को लेकर अत्यधिक शोर-शराबा पैदा करते दिखाई देते हैं। सोशल मीडिया पर वायरल होने वाली पोस्ट, मीम, वीडियो और ट्रेंडिंग हैशटैग अक्सर इस शब्द के साथ जोड़े जाते हैं। कई लोग इसे एक संगठित डिजिटल अभियान का हिस्सा मानते हैं, जबकि कुछ इसे केवल सामाजिक और राजनीतिक प्रतिक्रियाओं का स्वाभाविक परिणाम समझते हैं।

**आज** का युग सूचना और संचार का युग है। इंटरनेट, सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म ने विचारों के आदान-प्रदान को अभूतपूर्व गति प्रदान की है। एक समय था जब जनमत बनाने का काम अखबारों, पत्रिकाओं और टेलीविजन तक सीमित था, लेकिन अब एक साधारण मोबाइल फोन और इंटरनेट कनेक्शन के माध्यम से कोई भी व्यक्ति लाखों लोगों तक अपनी बात पहुँचा सकता है। इस परिवर्तन ने लोकतांत्रिक संवाद को नई शक्ति दी है, परंतु इसके साथ ही नई चुनौतियाँ भी उत्पन्न हुई हैं। इन्हीं चुनौतियों के बीच कुछ नए शब्द और अवधारणाएँ जन्म लेती हैं जो धीरे-धीरे सार्वजनिक विमर्श का हिस्सा बन जाती हैं। हाल के वर्षों में 'कोकरोच पार्टी' ऐसा ही एक शब्द बनकर उभरा है, जिसने सोशल मीडिया की भाषा में अपनी जगह बना ली है। यह शब्द किसी औपचारिक राजनीतिक दल का नाम नहीं है, बल्कि एक प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति के रूप में प्रयुक्त होता है। इसका उपयोग उन समूहों, अभियानों या ऑनलाइन गतिविधियों के लिए किया जाता है जो अचानक किसी मुद्दे को लेकर अत्यधिक शोर-शराबा पैदा करते दिखाई देते हैं। सोशल मीडिया पर वायरल होने वाली पोस्ट, मीम, वीडियो और ट्रेंडिंग हैशटैग अक्सर इस शब्द के साथ जोड़े जाते हैं। कई लोग इसे एक संगठित डिजिटल अभियान का हिस्सा मानते हैं, जबकि कुछ इसे केवल सामाजिक और राजनीतिक प्रतिक्रियाओं का स्वाभाविक परिणाम समझते हैं। यही कारण है कि इस विषय पर गंभीर चर्चा की आवश्यकता महसूस होती है। सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि सोशल मीडिया का कार्य करने का तरीका पारंपरिक मीडिया से भिन्न है। यहाँ किसी भी सामग्री की सफलता उसके तथ्यात्मक मूल्य से अधिक उसके भावनात्मक प्रभाव पर निर्भर करती है। यदि कोई पोस्ट लोगों को क्रोधित, भयभीत, उत्साहित या भावुक कर देती है तो उसके वायरल होने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। यही कारण है कि छोटे-छोटे मुद्दे कभी-कभी विशाल सार्वजनिक बहस का रूप ले लेते हैं। एल्गोरिद्म भी ऐसी सामग्री को बढ़ावा देते हैं जो अधिक प्रतिक्रियाएँ उत्पन्न करती है। परिणामस्वरूप कई बार वास्तविक समस्याएँ पीछे छूट जाती हैं और भावनात्मक शोर प्रमुख स्थान ले लेता है। मनोविज्ञान के विशेषज्ञ बताते हैं कि मनुष्य तथ्यों की तुलना में कथाओं से अधिक प्रभावित होता है। यदि किसी घटना को एक आकर्षक कहानी या नैरेटिव में प्रस्तुत कर दिया जाए तो लोग उसे आसानी से स्वीकार कर लेते हैं। डिजिटल अभियानों में इसी सिद्धांत का उपयोग किया जाता है। किसी छोटी घटना को व्यापक सामाजिक अन्याय, राजनीतिक षड्यंत्र या सांस्कृतिक संघर्ष के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। इसके बाद लोग बिना गहराई से जाँच किए उस नैरेटिव के पक्ष या विपक्ष में खड़े हो जाते हैं। यही प्रक्रिया कई बार भीड़-मानसिकता को जन्म देती है।

इसी संदर्भ में 'टूलकिट' शब्द चर्चा में आया। सामान्यतः टूलकिट किसी अभियान को संचालित करने के लिए तैयार की गई निर्देशिका होती है। इसमें सुझाए गए हैशटैग, पोस्ट के नमूने, प्रचार सामग्री, वीडियो लिंक, संपर्क सूत्र और कार्यक्रमों की जानकारी शामिल हो सकती है। यह कोई नई अवधारणा नहीं है। सामाजिक आंदोलनों, गैर-सरकारी संगठनों, राजनीतिक दलों और नागरिक अभियानों द्वारा लंबे समय से ऐसे दस्तावेज तैयार किए जाते रहे हैं। डिजिटल युग में इनकी पहुँच और प्रभाव दोनों बढ़ गए हैं। समस्या तब उत्पन्न होती है जब किसी टूलकिट का उद्देश्य केवल जागरूकता फैलाने तक सीमित न रहकर लोगों की भावनाओं को भड़काना या समाज में ध्रुवीकरण बढ़ाना प्रतीत होता है। ऐसे मामलों में आरोप लगाए जाते हैं कि किसी विशेष समूह या शक्ति द्वारा संगठित रूप से जनमत को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि हर टूलकिट को साजिश का दस्तावेज मान लेना उचित नहीं होगा। कई बार ये केवल अभियान प्रबंधन के सामान्य उपकरण होते हैं। इसलिए किसी भी दस्तावेज या अभियान का मूल्यांकन उसके उद्देश्य, सामग्री और प्रभाव के आधार पर किया जाना चाहिए। जेन-जी अर्थात वर्तमान युवा पीढ़ी इस पूरे विमर्श के केंद्र में दिखाई देती है। यह पीढ़ी डिजिटल दुनिया में जन्मी और पली-बढ़ी है। इसकी सूचना प्राप्त करने की आदतें पिछली पीढ़ियों से अलग हैं। समाचार पत्र पढ़ने या लंबी बहस सुनने की बजाय यह छोटे वीडियो, मीम, रील और सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से जानकारी प्राप्त करती है। इस कारण यह नई सूचनाओं को तेजी से ग्रहण करती है, लेकिन कई बार उनकी सत्यता की जाँच करने का पर्याप्त समय नहीं लेती। यही वजह है कि जेन-जी को किसी भी अभियान का सबसे प्रभावी लक्ष्य माना जाता है। यदि कोई संदेश युवाओं की भावनाओं, पहचान, भविष्य की चिंताओं या सामाजिक न्याय की भावना को संबोधित करता है तो वह बहुत तेजी से फैल सकता है। संवेदनशील चित्र, भावनात्मक वीडियो, प्रभावशाली संगीत और प्रेरक नारे युवाओं को आकर्षित करने के लिए व्यापक रूप से उपयोग किए जाते हैं। कई बार यह सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बनते हैं, लेकिन कभी-कभी यही तकनीकें गलत सूचना और अतिवादी विचारों को भी लोकप्रिय बना देती हैं।

# जीवनभर सहारा देनेवाले क्यों झेल रहे हैं उपेक्षा?

गौरतलब | **योगेश कुमार गोयल**



भारतीय संस्कृति में तो बुजुर्गों को अनुभवों की खान माना जाता रहा है लेकिन चिंताजनक स्थिति यह है कि हमारे यहां भी अब बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार और उनकी उपेक्षा के मामले निरन्तर बढ़ रहे हैं। भारत में संयुक्त परिवारों के बजाय आधुनिक युग में एकल परिवारों के बढ़ते चलन के कारण भी बुजुर्गों की उपेक्षा के मामलों में वृद्धि हो रही है।

**प्रतिवर्ष** 15 जून को विश्वभर में 'विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस' मनाया जाता है, जिसका प्रमुख उद्देश्य बुजुर्गों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करना, उन्हें जागरूक करना और इसे रोकने के प्रयास करना ही है। वर्ष 2026 में विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस का वैश्विक विषय है 'जागरूकता से परेः बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार की रोकथाम को कारगर बनाना।' इस विषय का मुख्य उद्देश्य बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार के प्रति जागरूकता को ठोस, कार्रवाई योग्य नीतियों में बदलना और ऐसे मजबूत, सुरक्षात्मक तंत्र सुनिश्चित करना है जो बुजुर्गों के अधिकारों का सम्मान करते हों। भारतीय संस्कृति में तो बुजुर्गों को अनुभवों की खान माना जाता रहा है लेकिन चिंताजनक स्थिति यह है कि हमारे यहां भी अब बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार और उनकी उपेक्षा के मामले निरन्तर बढ़ रहे हैं। भारत में संयुक्त परिवारों के बजाय आधुनिक युग में एकल परिवारों के बढ़ते चलन के कारण भी बुजुर्गों की उपेक्षा के मामलों में वृद्धि हो रही है। आज की आधुनिक दुनिया में बुजुर्गों के साथ ऐसे बर्ताव के बढ़ते मामलों के पीछे सोशल स्टेट्स भी प्रमुख वजह माना जाता है। दरअसल समाज में स्वयं की हैसियत बड़ी दिखाने की चाहत में कुछ लोगों को अपने ही परिवार के बुजुर्ग मार्ग की बड़ी रूकावट लगने लगते हैं। ऐसी ही रुढ़िवादी सोच के कारण उच्च वर्ग से लेकर मध्यम वर्ग तक में अब वृद्धजनों के प्रति स्नेह की भावना कम हो रही है। बुजुर्गों की उपेक्षा के मामले हालांकि केवल भारत तक ही सीमत नहीं हैं बल्कि विदेशों में तो बुजुर्गों की हालत और भी बुरी है लेकिन भारत के संदर्भ में यह स्थिति ज्यादा चिंताजनक इसीलिए है क्योंकि भारतीय समाज में सदैव सयुंक्त परिवार को अहमियत दी जाती रही है, जहां बुजुर्गों का सर्वोपरि स्थान रहा है। हमारे यहां दादा-दादी, माता-पिता, ताऊ-ताई, चाचा-चाची तथा कई बच्चों के साथ भरा-पूरा परिवार होता था, परिवार में बड़ों को सम्मान और छोटों को प्यार दिया जाता था लेकिन आज के बदलते दौर में छोटे और एकल परिवार की चाहत में संयुक्त परिवार की धारणा खत्म होती जा रही है, जिसके कारण लोग जहां अपने बुजुर्गों से दूर हो रहे हैं, वहीं बच्चे भी दादा-दादी, नाना-नानी के प्यार से वंचित हो रहे हैं। अकेले रहने के कारण जहां अब बुजुर्गों के प्रति अपराध बढ़ने लगे हैं, वहीं छोटे परिवारों में बच्चों को परिवार के बुजुर्गों का सानिध्य नहीं मिलने के कारण उनकी कार्यशैली पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

## अंकजाल - 8299

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 18 | 20 | 23 | ■ | 26 | 16 | 14 | 15 | ■ |
| 12 | | 7 | | ■ | | 4 | | 2 | 20 |
| 20 | 7 | | 8 | ■ | 7 | | 3 | | 23 |
| 15 | | 6 | | ■ | | 7 | | 5 | 17 |
| 29 | 7 | | 5 | | 8 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 7 | | 6 | | 5 | 25 |
| 16 | 2 | | 6 | | ■ | | 8 | | 23 |
| 23 | | 8 | | 4 | ■ | 6 | | 7 | 21 |
| 21 | 3 | | 6 | | ■ | | 2 | | 12 |
| ■ | 10 | 18 | 18 | 28 | ■ | 22 | 22 | 27 | ■ |

*अंकजाल 8298 का हल*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 26 | 15 | 25 | ■ | 25 | 14 | 15 | 19 | ■ |
| 16 | 7 | 3 | 6 | ■ | 5 | 5 | 4 | 9 | 23 |
| 14 | 2 | 7 | 5 | ■ | 8 | 7 | 5 | 3 | 23 |
| 17 | 8 | 2 | 7 | ■ | 4 | 2 | 6 | 7 | 19 |
| 26 | 9 | 3 | 7 | 2 | 5 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 2 | 3 | 8 | 5 | 6 | 24 |
| 16 | 2 | 5 | 6 | 3 | ■ | 7 | 8 | 8 | 23 |
| 23 | 5 | 8 | 6 | 4 | ■ | 6 | 8 | 7 | 21 |
| 21 | 3 | 5 | 6 | 7 | ■ | 3 | 2 | 7 | 12 |
| ■ | 10 | 18 | 18 | 18 | ■ | 24 | 23 | 28 | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## धर्म का मूल केन्द्र है वर्तमान

**धर्म** जगत ने धर्म को केवल परलोक के साथ जोड़कर भारी भूल की है। इसका परिणाम यह हुआ कि धर्म का असली प्रयोजन तिरोहित हो गया। वह स्वर्ग-सुखों के प्रलोभन और नरक-दुख के भय से जुड़ गया। हर धर्म-प्रवर्तक ने धर्म को जीवन से जोड़ा, किंतु धर्म-परंपराओं ने उसे स्वर्ग और नरक से जोड़ दिया। धर्म का मूल केंद्र वर्तमान है न कि भूत और भविष्य। हम वर्तमान क्षण को कैसे जियें, धर्म का सारा दर्शन इसी पर टिका हुआ है। वर्तमान विषम है तो भविष्य भी विषम होगा। यदि वर्तमान सम और सुखमय है तो भविष्य भी सम और सुखमय ही होगा। यानी भविष्य वैसा ही होगा जैसा वर्तमान है। इसीलिए धर्म का असली प्रयोजन वर्तमान को सजाने-संवारने का है। इस केंद्रीय विचार से भटक जाने के कारण धर्म भूत और भविष्य में उलझ गया। वर्तमान को उसने बिल्कुल ही भुला दिया। इसलिए लोगों ने वर्तमान को केवल अतीत का परिणाम मान लिया। इससे भाग्यवाद की विचारधारा का जन्म हुआ। भाग्य को बदला नहीं जा सकता, इसलिए वे वर्तमान से विमुख हो गए और भविष्य की चिंता में पड़ गए। जिसके पास कोठी, महंगी कार और विदेशों में छुट्टी मनाने के साधन हैं, वे अतीत के परिणाम हैं। जो वैभव-संपन्न नहीं हैं, वे जप-तप में इसलिए लगे हैं ताकि भविष्य में भी साधन-संपन्न बन सकें।

## आज का इतिहास

- इंगलैंड के राजा जान ने 1215 में मैग्नाकार्टा पर हस्ताक्षर किया।
- लंदन में 1381 को अंग्रेजी किसान विद्रोह को कुचला गया।
- कोसोवो के युद्ध में औटोमन साम्ज्य ने 1389 में सर्वो और बोस्नियाइयों को पराजित किया।
- बेंजामिन फ्रेंकलिन ने 1752 में साबित किया की प्रकाश विद्युत चुंबकिए तरंग है।
- आस्ट्रिया में कागजी मुद्रा का प्रचलन 1762 में शुरू हुआ।
- अमेरिकी स्वाधीनता संग्राम में जॉर्ज वाशिंगटन को 1775 में महाद्वीपीय सेना का सेनाप्रमुख बनाया गया।
- डॉ॰ यॉ बैप्तिस डेनिस द्वारा पहली बार 1776 में मानव रक्त ट्रांसफ्युजन किया गया।
- विश्व की पहली हवाई दुर्घटना में 1785 को गुब्बारे से उड़ान भर रहे दो फ्रांसिसि नागरिकों की मृत्यु हो गई।
- अर्कांसस 1836 में अमेरिका का 25वां राज्य बना।
- चार्ल्स गुटियर ने 1844 में रबर के बल्कनाइजेशन की प्रक्रिया का पेटेंट कराया।
- संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्रिटेन ने 1846 में अमेरिका और कनाडा के बीच सीमा विवाद को लेकर एक संधि पर हस्ताक्षर किया।
- प्रशिया ने 1866 में ऑस्ट्रिया पर आक्रमण किया।
- जापान के एक तट पर सेंटो उत्सव के दौरान 1896 में सोनामी आने से 27 हजार लोगों की मृत्यु हो गई।
- कलकत्ता शेयर बाजार की शुरूआत 1908 में हुई।
- इंगलैंड, दक्षिण अफ्रिका और आस्ट्रेलिया के प्रतिनिधियों की इम्पीरियल क्रिकेट कॉनसर्न बनाने के लिए 1909 को लॉड्स में मुलाकात हुई।
- ग्रेट ब्रिटेन ने 1916 के ईस्टर विद्रोह के दौरान कब्जाए गये सभी क्षेत्रों को छोड़ने का संकल्प 1917 में लिया।
- आइबीएम की स्थापना 1914 में हुई।
- अखिल भारतीय कांग्रेस ने 1947 में नई दिल्ली में भारत के विभाजन के लिए ब्रिटिश योजना स्वीकार की।

## सुविचार

बदलाव प्रारम्भ में सबसे कठिन, मध्य में सबसे बेकार और अंत में सबसे अच्छा होता है।
**राबिन शर्मा**

यदि हमारे मन में शांति नही है, तो इसकी वजह है कि हम यह भूल चुके हैं कि हम एक-दूसरे के हैं।
**मदर टेरेसा**

# विश्वास के संकट को दूर कर राजनीति के राष्ट्र की मुख्यधारा में पुनर्स्थापना का काल



**हृदयनारायण दीक्षित**

**राष्ट्र** जीवन के विविध क्षेत्रों में राजनीति सबसे सक्रिय क्षेत्र है। राजनीति से ही विधायिका जनहितकारी अधिनियमन करती है। राजनीति के विचार प्रभाव में राष्ट्र शक्तिशाली होते हैं। राजनीति में सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता देर सवेर सरकार बनाते हैं। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। स्वाधीनता आंदोलन के समय समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले सक्रिय रहे हैं। स्वाधीनता आंदोलन के जीवन मूल्य त्याग आधारित थे। स्वतंत्र भारत में राजनीति के उच्चतर मूल्य घटने लगे। दलतंत्र में विश्वास का संकट बढ़ता गया। अटल बिहारी वाजपेयी जैसे नेताओं ने राजनीति पर आए विश्वास के संकट पर कई बार संसद में भी बेचैनी व्यक्त की। लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने सम्पूर्ण क्रांति का आंदोलन चलाया। अन्ना हजारे का आंदोलन भी चला था, लेकिन देश के प्रबुद्ध क्षेत्रों में राजनीति के प्रति निराशा पैदा होती चली गई। राजनीति में परिवारवाद, जातिवाद और अल्पसंख्यक तुष्टिकरण बढ़ते गए। राजनीति विचार आधारित नहीं रही। ऐसे में विचार आधारित राजनीति के योद्धा नरेन्द्र मोदी का राष्ट्रीय राजनीति में पदार्पण हुआ। वे गुजरात के मुख्यमंत्री हो चुके थे। उन्होंने विश्वास के संकट को दूर करने का और समूची राजनीति को राष्ट्र की मुख्यधारा में लाने का सफल प्रयास किया। चुनाव में मोदी की गारंटी जैसे आकर्षक जुमलों ने अपना स्थान बनाया। मोदी ने जो कहा वो पूरा कर के दिखाया। मोदी की गारंटी वाकई अपना रंग ला रही है। जनता उनके नेतृत्व की दीवानी हो गई है। देश के मतदाता किसी बहकावे में नहीं आए। आम जन का विश्वास बढ़ता गया। प्रधानमंत्री ने अपने प्रिय देशवासियों को लगातार संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कोरोना के समय थाली ताली और दीपक जलाओ अभियान का आह्वान किया। उस समय विपक्षी दलों ने इस अभियान का मजाक बनाया। लेकिन पूरा देश मोदी के साथ खड़ा था। मोदी की अपील पर आजादी का अमृत महोत्सव पूरे देश में मनाया गया। हर घर तिरंगा अभियान ने लोगों को राष्ट्रीय ध्वज से जोड़ने का काम किया।

मोदी सरकार के 12 बरस पूरे हुए हैं। मोदी के प्रति आम जनता का विश्वास बढ़ता ही गया। इसके भी ठोस कारण हैं। भाजपा जब नहीं थी, तब वह जनसंघ के रूप में काम करती थी। जनसंघ काल की सदस्यता पर्ची में भारत परमाणु शक्ति संपन्न बने, का संकल्प व्यक्त किया गया था। जम्मू कश्मीर विषयक अनुच्छेद 370 को हटाने का आश्वासन भी दिया गया था। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर बन कर तैयार है। पूजा उपासना जारी है। कॉमन सिविल कोड भी कई राज्यों ने अपना लिया है। जन विश्वास का ही परिणाम है कि अमेरिकी ईरानी युद्ध के प्रभाव में पैदा तेल संकट की चुनौती से भारत सफलतापूर्वक निकल आया है। प्रधानमंत्री ने सीधे देश की जनता से ही तेल खपत में कमी लाने की अपील की। ये प्रधानमंत्री के प्रति आम जनता के बढ़े विश्वास का परिणाम है। उन्होंने सोना खरीदने और विदेश यात्रा से बचने का भी आग्रह किया है।

मोदी सरकार के वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत अभियान ने देशवासियों में स्वदेशी के प्रति नया विश्वास जगाया। लोगों ने स्थानीय उत्पादों को, अपने छोटे व्यापारियों को समर्थन देने और भारतीय निर्माण क्षमता पर भरोसा करने का संकल्प लिया।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। | **तुला** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। |
| **वृष** मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। | **वृश्चिक** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। |
| **मिथुन** स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। | **धनु** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। |
| **कर्क** पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। | **मकर** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। |
| **सिंह** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। | **कुंभ** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। |
| **कन्या** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। | **मीन** व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। |

# दक्षिण की फिल्में कहानी से शुरू होती हैं, बॉलीवुड स्टार से शुरू होता है

गौरतलब | **प्रो. आरके जैन**



नतीजा यह कि साउथ की फिल्में दिल की गहराई तक उतर जाती हैं, जबकि बॉलीवुड की फिल्में सतह पर चमककर रह जाती हैं। साउथ का गांव जब पर्दे पर बोलता है, तो उसकी आवाज में सदियों की स्मृति, आस्था और संघर्ष की गूंज सुनाई देती है। 'कांतारा', 'पेड्डी', 'पुष्पा' या 'जेलर' जैसी फिल्मों में गांव केवल पृष्ठभूमि नहीं, बल्कि एक सजीव, सांस लेता हुआ चरित्र है। वहां की मिट्टी की महक, लोकदेवताओं में विश्वास, परंपराओं की शक्ति और आम आदमी का संघर्ष–सब दर्शक की रगों में उतर जाता है।

**जब** कोई फिल्म अपनी मिट्टी की गहराइयों से जन्म लेती है, तब वह केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं रह जाती; वह अपने समय और समाज का जीवंत महाकाव्य बन जाती है। दक्षिण भारतीय सिनेमा का सबसे बड़ा सामर्थ्य यही है कि वह कहानी को केंद्र में रखता है। वहां पहले कथा जन्म लेती है और फिर उसी कथा के भीतर से नायक उभरता है। किरदार मिट्टी से निकलते हैं, उनकी धड़कनों में लोकजीवन की लय बसती है और उनकी आंखों में पीढ़ियों के सुख-दुःख झलकते हैं। वहीं बॉलीवुड की शुरूआत आजकल स्टार से होती है– पहले चेहरा तय, फिर उसके एंट्री शॉट्स, उसके कपड़े, उसके डायलॉग और अंत में व्यक्तित्व के अनुरूप कथानक गढ़ा जाता है। नतीजा यह कि साउथ की फिल्में दिल की गहराई तक उतर जाती हैं, जबकि बॉलीवुड की फिल्में सतह पर चमककर रह जाती हैं। साउथ का गांव जब पर्दे पर बोलता है, तो उसकी आवाज में सदियों की स्मृति, आस्था और संघर्ष की गूंज सुनाई देती है। 'कांतारा', 'पेड्डी', 'पुष्पा' या 'जेलर' जैसी फिल्मों में गांव केवल पृष्ठभूमि नहीं, बल्कि एक सजीव, सांस लेता हुआ चरित्र है। वहां की मिट्टी की महक, लोकदेवताओं में विश्वास, परंपराओं की शक्ति और आम आदमी का संघर्ष – सब दर्शक की रगों में उतर जाता है। दर्शक महसूस करता है कि वह फिल्म नहीं देख रहा, बल्कि अपनी सांस्कृतिक आत्मा को पुनः खोज रहा है। इसके उलट बॉलीवुड का शहर रोशनी से भरा होकर भी भीतर से खाली लगता है; वहां चमक है, पर संवेदना नहीं–चेहरे दिखते हैं, पर किरदार दिल में नहीं बसते।

सबसे उल्लेखनीय तथ्य यह है कि बॉलीवुड स्वयं अब इस सच्चाई को स्वीकार करने लगा है। वह दक्षिण की मूल कहानियों को हिंदी में डब करके या रीमेक बनाकर पेश कर रहा है और वे फिल्में ब्लॉकबस्टर साबित हो रही हैं। 'दृश्यम', 'जेलर' और 'केजीएफ' जैसी फिल्में हिंदी डब्ड वर्जन में जबरदस्त सफलता पा चुकी हैं। बॉलीवुड की अनेक बड़े स्टार स्टूडियो अब साउथ की पटकथाओं पर निर्भर हो गए हैं क्योंकि उन्हें अपनी मिट्टी से कहानियां निकालने की कला लगभग खो चुकी है। वे स्टार की चमक से चमकाने की कोशिश करते हैं, पर असली जादू तो दक्षिण की कहानी में ही है।

यह अंतर केवल निर्देशन, तकनीक या पटकथा का नहीं, बल्कि सोच और दृष्टि का अंतर है। दक्षिण का फिल्मकार अभी भी अपनी जड़ों से गहराई से जुड़ा हुआ है। वह जानता है कि असली नायक कहानी है, संघर्ष है, समाज की सामूहिक स्मृति है। इसलिए वह स्टार को किरदार में घुलने देता है, स्टार को किरदार पर हावी नहीं होने देता। यही वजह है कि राम चरण 'पेड्डी' में एक साधारण देहाती योद्धा बनकर भी पूरे देश का दिल जीत लेता है। वह अपनी जड़ों को नहीं छोड़ता, जड़ें उसे उड़ान देती हैं। इसके विपरीत बॉलीवुड का स्टार जड़ों को काटकर उड़ान भरने की कोशिश करता है, इसलिए उसकी उड़ान छोटी, दिखावटी और जल्दी थक जाने वाली साबित होती है।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक** : नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)** : विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651–3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## महुआडांड़ में खाद दुकानों की जांच

# अधिक कीमत वसूलने पर कार्रवाई की चेतावनी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**महुआडांड़ (लातेहार) :** बरसात का मौसम शुरू होते ही जिले में खाद का कालाबाजारी की शिकायतें सामने आने लगती है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने इस वर्ष पहले से ही निगरानी और कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। उपायुक्त संदीप कुमार के निर्देश पर जिलेभर में खाद एवं बीज दुकानों की जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को महुआडांड़ प्रखंड में खाद की कीमतों और संभावित कालाबाजारी की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) सुलेमान मुंडारी ने विभिन्न खाद दुकानों का



औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान दुकानों में उपलब्ध खाद के स्टॉक, रेट चार्ट, लाइसेंस सम्बन्धी अभिलेखों तथा ऑनलाइन पीओएस मशीन के माध्यम से स्टॉक का सत्यापन किया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीओ ने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। यदि किसी दुकान में खाद की कालाबाजारी, जमाखोरी या निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बिक्री की शिकायत सही पायी गयी, तो सम्बन्धित विक्रेता का लाइसेंस रद्द करने के साथ प्राथमिकी दर्ज कर दुकान को सील करने की कार्रवाई की जायेगी। जांच के दौरान एसडीओ ने दुकानों में मौजूद किसानों से भी खाद की उपलब्धता और कीमत के बारे में जानकारी ली। किसानों ने बताया कि खाद और बीज उपलब्ध हैं, लेकिन कुछ खादों की बिक्री सरकारी निर्धारित दर से अधिक कीमत पर किए जाने की शिकायत भी सामने आयी। निरीक्षण में पाया गया कि सभी दुकानों पर सरकारी निर्धारित रेट चार्ट प्रदर्शित किया गया है। रेट चार्ट के अनुसार यूरिया की कीमत 266 रुपये प्रति बोरी निर्धारित है, जबकि कुछ दुकानों में इसे 350 रुपये तक बेचा जा रहा है। इसी तरह एनपीके (20:20:0:13) खाद का निर्धारित मूल्य 1,950 रुपये है, लेकिन इसकी बिक्री 2,050 रुपये तक की जा रही है। वहीं, डीएपी खाद का निर्धारित मूल्य 1,350 रुपये है, जबकि कुछ दुकानों में इसे 1,400 रुपये तक बेचा जा रहा है।

**इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर कुछ दुकानदारों ने बताया...**
परिवहन खर्च अधिक होने के कारण उन्हें निर्धारित दर से कुछ अधिक कीमत पर खाद बेचनी पड़ रही है। हालांकि एसडीओ ने स्पष्ट किया कि सरकार द्वारा तय दर पर ही किसानों को खाद उपलब्ध कराना सभी विक्रेताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी विक्रेताओं को निर्देश दिया कि खाद बिक्री के बाद प्रतिदिन ऑनलाइन पीओएस मशीन में ओपनिंग बैलेंस और क्लोजिंग बैलेंस अपडेट करना अनिवार्य है। साथ ही किसानों से अपील की कि खाद खरीदते समय दुकान में प्रदर्शित रेट चार्ट अवश्य देखें और निर्धारित मूल्य पर ही खरीदारी करें।

## एकदिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर निकाली गयी प्रभात फेरी



**कुंडहित (जामताड़ा) :** रविवार को कुंडहित प्रखंड के अम्बा गांव के कामारपाड़ा दुर्गा मंदिर प्रांगण में एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम के शुभ अवसर पर प्रभात फेरी निकाल कर पूरे गांव का भ्रमण किया गया। बताते चलें कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी अम्बा गांव में स्वर्गीय कालीपद घटक तथा स्वर्गीय भोलानाथ मुखर्जी के स्मृति में एक दिवसीय रवीन्द्र संगीत तथा नजरुल संगीत का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम संध्या 4:00 से रात्रि 9:30 बजे तक जारी रहेगा। इस अवसर रवीन्द्र संगीत तथा नजरुल संगीत का विशेष आयोजन किया गया है। इसमें कविता पाठ का व्यवस्था भी किया गया है। अंबा सहित दूर दराज के कलाकार इसमें भाग ले सकते हैं। बेहतर प्रदर्शन करनेवाले प्रतिभागी को पुरस्कृत भी किया जाएगा। इस संस्कृत कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को बांग्ला भाषा के महत्व, बांग्ला संस्कृति आदि पर विशेष प्रकाश डाला जायेगा। इस प्रभात फेरी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य रीना मंडल, पूर्व जिला परिषद सदस्य भजहरी मंडल के अलावे कमेटी के सदस्य डॉक्टर सुनील कुमार ठाकुर, प्रदीप पैतंडी, तापस चटर्जी, बुबाई चक्रवर्ती, शांति धीबर, विनोद देवांसी, राजेश भंडारी, राजीव कुमार के अलावे गांव के बच्चे सहित सम्मानित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## एक झलक

### सीआरपीएफ वाहिनी में रक्तदान शिविर आयोजित

**पश्चिमी सिंहभूम :** विश्व रक्तदाता दिवस 2026 के अवसर पर 174 वीं वाहिनी, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), चाईबासा में रविवार को जागरूकता कार्यक्रम और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वाहिनी कमांडेंट मनोज डंग ने की। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और जवानों को रक्तदान की महत्ता के बारे में जानकारी देते हुए रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। मनोज डंग ने रक्तदान को महादान बताते हुए सभी सक्षम लोगों से इस पुनीत कार्य में आगे आने की अपील की। इस दौरान विश्व रक्तदाता दिवस 2026 से सम्बन्धित शपथ भी दिलायी गयी। उन्होंने बताया कि विश्व रक्तदाता दिवस की शुरुआत 14 जून 2004 को हुई थी। वर्ष 2005 में विश्व स्वास्थ्य संगठन की 58 वीं विश्व स्वास्थ्य सभा ने इसे वार्षिक वैश्विक कार्यक्रम के रूप में घोषित किया। तब से प्रत्येक वर्ष 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 के विश्व रक्तदाता दिवस की थीम मानवता की एक बूंद, रक्तदान करें, जीवन बचायें रखी गयी है। इस अवसर पर वाहिनी के अधिकारियों और जवानों ने रक्तदान किया। सदर अस्पताल चाईबासा, पश्चिम सिंहभूम और वाहिनी अस्पताल की टीम ने स्वास्थ्य मानकों और तकनीकी जांच के बाद रक्त संग्रह की प्रक्रिया पूरी की। रक्तदाताओं को जलपान और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. शिवचरण हस्दा, चिकित्सा अधीक्षक, सदर अस्पताल चाईबासा, रजनीश कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी, धर्मेन्द्र नारायण सिंह, उप कमांडेन्ट, शांति किस्कू, सहायक कमांडेन्ट, वाहिनी चिकित्साधिकारी डॉ संदीप कुमार और वाहिनी के अन्य अधिकारी और जवान मौजूद थे।

### चोरों ने की 11 लाख की चांदी और नकदी की चोरी

**पूर्वी सिंहभूम :** मानगो थाना क्षेत्र के मानगो बाजार स्थित टैंक रोड पर अवस्थित कोलकाता ज्वेलर्स में चोरों ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। रविवार सुबह जब दुकान के संचालक जितेंद्र कुमार अपनी दुकान खोलने पहुंचे तो अंदर का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गये। दुकान के भीतर सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था और कीमती जेवरात गायब थे। प्राथमिक जांच में पता चला है कि चोर करीब 11 लाख रुपये मूल्य के लगभग चार किलोग्राम चांदी के आभूषण और 08 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मानगो थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपितों की पहचान की जा सके। दुकान मालिक जितेंद्र कुमार ने बताया कि शनिवार रात करीब साढ़े आठ बजे वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। रविवार सुबह दुकान पहुंचने पर चोरी की जानकारी मिली। जांच के दौरान यह सामने आया कि चोर दुकान की छत से अंदर दाखिल हुए थे। उन्होंने पहले टीन शेड की ऊपरी परत हटाई और फिर दूसरी परत को काटकर दुकान के भीतर प्रवेश किया। चोरों ने दुकान में रखी तिजोरी को भी तोड़ने की कोशिश की, लेकिन वे इसमें सफल नहीं हो सके।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर 11वीं बटालियन सीआरपीएफ के जवानों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**लातेहार :** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 11वीं बटालियन सीआरपीएफ द्वारा रविवार को लातेहार कैम्प में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कमांडेंट रतिन्द्र चरण मिश्र के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें अधिकारियों और जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी पितबास पण्डा, सहायक कमांडेंट निरज कुमार, चिकित्सा अधिकारी डॉ. पाटे शुभम विवेक सहित अन्य अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में अधिकारियों और जवानों ने रक्तदान कर मानव सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कमांडेंट रतिन्द्र चरण मिश्र ने कहा कि विश्व रक्तदाता दिवस का उद्देश्य रक्तदान के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा स्वैच्छिक रक्तदाताओं का सम्मान करना है। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ के जवान हमेशा जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए तत्पर रहते हैं। चाहे संगठन से जुड़े परिवार हों या स्थानीय नागरिक, जरूरत पड़ने पर जवान बिना किसी विलंब के हरसम्भव मदद उपलब्ध कराते हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक ऐसा महादान है, जिससे अनेक लोगों की जान बचायी जा सकती है।

## पॉलिटेक्निक कॉलेज-तरवाटांड़ सड़क बनी परेशानी का सबब

# ग्रामीणों ने उठायी पुनर्निर्माण की मांग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**लातेहार :** जिला मुख्यालय से जुड़े पॉलिटेक्निक कॉलेज से तरवाटांड़ और इर्चाक तक जाने वाली सड़क की जर्जर स्थिति क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन गयी है। वर्ष 2012 में बनी यह सड़क अब पूरी तरह से बदहाल हो चुकी है। सड़क की गिट्टियां और पत्थर उखड़कर बाहर आ गये हैं, जिससे रोजाना आवागमन करनेवाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे और उभरे हुए पत्थर दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। खासकर दोपहिया वाहन चालकों, स्कूली बच्चों और मरीजों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खराब सड़क के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और कई लोग घायल हो चुके हैं। सड़क की बदहाली का असर क्षेत्र की सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों पर भी पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि शादी-विवाह और अन्य मांगलिक कार्यक्रमों में आनेवाले लोग अब इस मार्ग से आने से बचने लगे हैं। पहले जहां ऑटो और छोटे वाहनों से 100 से 150 रुपये में सफर पूरा हो जाता था, वहीं अब सड़क की खराब स्थिति के कारण वाहन चालक 500 रुपये तक किराया मांग रहे हैं। यह सड़क जिला मुख्यालय को पॉलिटेक्निक कॉलेज कालीकरण मार्ग के माध्यम से जोड़ती है, जिससे इसकी उपयोगिता और बढ़ जाती है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि केवल मरम्मत से समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि सड़क का पुनर्निर्माण कराया जाना जरूरी है ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। स्थानीय मुखिया शशि कुजूर ने कहा कि पॉलिटेक्निक कॉलेज से तरवाटांड़ तक सड़क निर्माण क्षेत्र की प्रमुख जरूरत बन चुकी है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उपायुक्त से मुलाकात कर ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत कराया गया है। उपायुक्त ने सड़क निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने का आश्वासन दिया है। फिलहाल क्षेत्र के लोगों की उम्मीदें प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर टिकी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द सड़क निर्माण नहीं कराया गया तो आने वाले दिनों में समस्याएं और गम्भीर हो सकती हैं।

## 'खेत बचाओ' अभियान के तहत किसानों को दी गयी संतुलित उर्वरक और सूखा प्रबंधन की जानकारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**लातेहार :** सदर प्रखंड की मोंगर पंचायत के हरखा गांव में खेत बचाओ अभियान के तहत किसानों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसानों को संतुलित उर्वरक प्रबंधन और सूखा प्रबंधन से जुड़ी महत्वपूर्ण तकनीकी जानकारियां दी गयीं। कार्यक्रम के दौरान किसानों को बताया गया कि फसलों की आवश्यकता के अनुसार संतुलित मात्रा में उर्वरकों का उपयोग करना क्यों जरूरी है। साथ ही मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, जैविक एवं रासायनिक उर्वरकों के संतुलित प्रयोग तथा भूमि की उर्वरा शक्ति बनाए रखने के उपायों की जानकारी भी दी गयी। किसानों को कम वर्षा और सूखे की स्थिति में फसलों की सुरक्षा के लिए अपनाये जानेवाले प्रभावी उपायों से भी अवगत कराया गया। जल संरक्षण तकनीकों, खेतों में नमी बनाए रखने की विधियों और वैकल्पिक कृषि तकनीकों के महत्व पर विशेष चर्चा की गयी। कार्यक्रम में किसानों को वैज्ञानिक एवं टिकाऊ खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि विपरीत परिस्थितियों में भी बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सके। इस अवसर पर सहायक तकनीकी प्रबंधक लातेहार चंदन कुमार ने किसानों को कृषि संबंधी विभिन्न महत्वपूर्ण सुझाव दिए और खेती को अधिक लाभकारी बनाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

## चमरडीहा गांव में पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास

# ग्रामीणों को मिलेगी बेहतर आवागमन की सुविधा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**लातेहार :** जिले के बरवाडीह प्रखंड के खुरा पंचायत अंतर्गत चमरडीहा गांव में मेन रोड से पुलिया तक बननेवाले पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर ने किया। सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर ने कहा कि यह सड़क लम्बे समय से ग्रामीणों की जरूरत रही है। सड़क के निर्माण से गांव के लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत मिलेगी। खास कर बरसात के दिनों में लोगों को आने-जाने में होनेवाली परेशानियों से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करना जरूरी है और इस दिशा में लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने निर्माण एजेंसी को कार्य में गुणवत्ता बनाये रखने तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप सड़क निर्माण कराने के निर्देश दिये। साथ ही ग्रामीणों से भी निर्माण कार्य की निगरानी करने और किसी प्रकार की अनियमितता मिलने पर इसकी जानकारी देने की अपील की। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षों से इस मार्ग की स्थिति बेहतर बनाने की मांग की जा रही थी। सड़क बनने से गांव के लोगों के साथ-साथ विद्यार्थियों, किसानों और अन्य जरूरतमंद लोगों को भी लाभ मिलेगा। मौके पर पंचायत प्रतिनिधि, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## टोरी फ्लाईओवर निर्माण की मांग को लेकर किसान-माकपा की पदयात्रा आज, तैयारी पूरी

**लातेहार :** टोरी-चंदवा में प्रस्तावित फ्लाईओवर ब्रिज के निर्माण की मांग को लेकर किसान और माकपा कार्यकर्ताओं की पदयात्रा 15 जून को आयोजित की जायेगी। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। माकपा राज्य कमेटी सदस्य अयुब खान और जिला सचिव रसीद मियां ने संयुक्त प्रेस बयान जारी कर बताया कि पदयात्रा में पार्टी के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव, जिला प्रभारी सुखनाथ लोहरा तथा राज्य कमेटी सदस्य संजय पासवान भी शामिल होंगे। नेताओं ने कहा कि टोरी फ्लाईओवर ब्रिज परियोजना का प्रारम्भिक प्राक्कलन 43 करोड़ रुपये था, जिसे संशोधित कर अब 119 करोड़ 71 लाख 70 हजार 507 रुपये 90 पैसे कर दिया गया है। इसके बावजूद अब तक परियोजना के निर्माण कार्य के लिए अंतिम रूप से टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि अब तक करीब छह बार टेंडर निकाले जा चुके हैं। एक बार एक संवेदक ने टेंडर लेने के बाद कम राशि का हवाला देते हुए कार्य छोड़ दिया था। इसके बाद संशोधित प्राक्कलन तैयार किया गया, लेकिन उस राशि पर भी अब तक टेंडर नहीं हो पाया है।

## मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

# सौहार्दपूर्ण पर्व मनाने पर सहमति



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**लातेहार :** आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से बालूमाथ थाना क्षेत्र के जिलंगा गांव में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, दोनों समुदायों के गणमान्य लोगों तथा स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। इस दौरान मुहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द के साथ मनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गयी। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने और किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की जायेगी तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जायेगी। बैठक में मौजूद लोगों ने मुहर्रम को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की सहमति जतायी। अधिकारियों ने कहा कि शांति और भाईचारा बनाये रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। जनप्रतिनिधियों ने युवाओं से संयम बरतने, अफवाहों से दूर रहने और सामाजिक सौहार्द बनाये रखने का आह्वान किया। बैठक में संवेदनशील एवं विवाद की आशंकावाले स्थानों पर पुलिस पोस्ट तैनात करने, प्राथमिक सम्पर्क व्यक्तियों की सूची तैयार करने तथा आपसी संवाद को लगातार बनाये रखने के निर्देश दिये गये। अंत में सभी पक्षों ने पारम्परिक श्रद्धा, मयार्दा और शांति के साथ मुहर्रम पर्व मनाने का भरोसा दिलाया।

## पेट दर्द की शिकायत के बाद विधायक प्रकाश राम रांची के निजी अस्पताल में भर्ती



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**लातेहार :** स्थानीय विधायक प्रकाश राम की तबीयत अचानक खराब होने के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि उन्हें पेट में दर्द की शिकायत हुई थी, जिसके बाद परिजनों और समर्थकों ने तत्काल उन्हें चिकित्सकीय परामर्श दिलाया। डॉक्टरों की सलाह पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कर उपचार शुरू किया गया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार विधायक की स्वास्थ्य स्थिति पर चिकित्सकों की टीम लगातार नजर बनाए हुए है। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है और वे अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। विधायक के अस्वस्थ होने की सूचना मिलते ही उनके समर्थकों, शुभचिंतकों और राजनीतिक सहयोगियों में चिंता का माहौल देखा गया। विधायक प्रकाश राम के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए पूर्व विधायक हरिकृष्णा सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष बंशी यादव, जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार दुबे, जिला महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि अमलेश कुमार सिंह एवं छोटू राजा, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि पवन कुमार, अनिल कुमार सिंह, अमरजीत सिंह, विशाल चंद्र साहू, जिला भाजपा मंत्री ध्रुव कुमार पांडेय, जिला मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार पांडेय, गौरव दास, रीतेश कुमार निक्कू समेत अनेक जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने ईश्वर से उनके जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की है।

## इश्क के लिए टावर पर चढ़ा युवक, घंटों चला हाई वोल्टेज ड्रामा

# पुलिस और जनप्रतिनिधियों ने बचायी जान




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**खरौंधी (गढ़वा) :** खरौंधी बाजार में रविवार की सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गयी, जब एक युवक प्रेम प्रसंग को लेकर मोबाइल टावर पर चढ़ गया। युवक को टावर पर चढ़ते देख स्थानीय लोगों ने उसे रोकने और समझाने का प्रयास किया, लेकिन उसने किसी की बात नहीं मानी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन, ग्रामीण और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गये। जानकारी के अनुसार, टावर पर चढ़नेवाला युवक खरौंधी बाजार का निवासी है। स्थानीय लोगों के बीच चर्चा है कि उसका एक युवती के साथ प्रेम सम्बन्ध है। युवक उसी युवती से विवाह कराने की मांग को लेकर टावर पर चढ़ गया था। टावर पर पहुंचने के बाद वह अपनी मांग पर अड़ा रहा और नीचे उतरने से इनकार करता रहा। घटना की सूचना मिलते ही खरौंधी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। प्रशासन के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि और समाज के गणमान्य लोग भी युवक को समझाने-बुझाने में जुट गये। काफी देर तक चली बातचीत और मान-मनौवल के बावजूद युवक अपनी जिद पर कायम रहा। इस दौरान टावर के आसपास सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई और पूरा इलाका लोगों की चर्चा का केंद्र बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक बार-बार अपनी प्रेमिका से शादी कराने की मांग दोहरा रहा था। स्थिति को गंभीरता से देखते हुए प्रशासन ने धैर्य और सूझबूझ के साथ कार्रवाई की तथा लगातार युवक से संवाद बनाये रखा। कई घंटों की मशक्कत के बाद थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम, एसआई सुरेंद्र दुबे, जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान, भाजपा मंडल अध्यक्ष उपेंद्र दास, युवा नेता राजेश कुमार रजक तथा मुखिया पति कृष्णा प्रसाद के अथक प्रयास से युवक को सुरक्षित टावर से नीचे उतार लिया गया।

## लोहरदगा-गुमला-धर्मजयगढ़ रेल परियोजना को मिली मंजूरी, क्षेत्र में खुशी की लहर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**गुमला :** दक्षिणी झारखंड के विकास को नयी दिशा देनेवाली लोहरदगा-गुमला-धर्मजयगढ़ नयी रेल लाइन परियोजना को केन्द्र सरकार की मंजूरी मिलने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। गुमला चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार जताते हुए उन्हें बधाई दी है। रेल मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार लोहरदगा से गुमला, पत्थलगांव होते हुए छत्तीसगढ़ के धर्मजयगढ़ तक लगभग 291.88 किलोमीटर लंबी नई रेलवे लाइन का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना के तहत सेन्हा, घाघरा, गुमला, रायडीह, लोदाम और जशपुर सहित कई क्षेत्रों में नए रेलवे स्टेशन स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है। नयी रेल लाइन बनने से गुमला और आसपास के लाखों लोगों को सीधा रेल सम्पर्क मिलेगा। किसानों को अपनी उपज बड़े बाजारों तक पहुंचाने में सुविधा होगी, जबकि व्यापार, उद्योग और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित होने की संभावना है। चैंबर पदाधिकारियों ने कहा कि यह परियोजना केवल रेल संपर्क का विस्तार नहीं, बल्कि दक्षिणी झारखंड और सीमावर्ती क्षेत्रों के आर्थिक विकास की मजबूत आधारशिला साबित होगी।

## डंडई में डाकिया योजना के खाद्यान्न हेराफेरी मामले पर आदिम जनजाति परिवारों का आक्रोश, कार्रवाई नहीं होने से नाराजगी

# शिकायतों के बावजूद नहीं हुई कार्रवाई, दलालों और बिचौलियों पर संरक्षण का आरोप

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**डंडई (गढ़वा) :** डंडई प्रखंड में डाकिया योजना के तहत आदिम जनजाति परिवारों के बीच वितरित किये जानेवाले खाद्यान्न की कथित हेराफेरी के मामले में आदिम जनजाति समुदाय के लोगों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जतानी शुरू कर दी है। उनका आरोप है कि शिकायतों के बावजूद दोषियों के खिलाफ अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गयी है। जानकारी के अनुसार लगभग तीन माह पूर्व आदिम जनजाति परिवारों के बीच वितरण के लिए आवंटित 121 बोरा चावल प्रखंड उप प्रमुख के आवास तथा उनके सीमेंट



गोदाम से बरामद किया गया था। मामले की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में आदिम जनजाति परिवारों के लोग मौके पर पहुंच गये और खाद्यान्न की कालाबाजारी का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। स्थिति को देखते हुए मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद सम्बन्धित स्थल को सील कर दिया था। इसके बाद आदिम जनजाति परिवारों द्वारा दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर रैली, धरना और प्रदर्शन का आयोजन किया गया। प्रदर्शन के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) देवलाल करमाली ने मामले में निष्पक्ष एवं नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया था। आदिम जनजाति समुदाय के लोगों का कहना है कि आश्वासन के बावजूद कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ), जिला आपूर्ति पदाधिकारी (डीएसओ) तथा उपायुक्त को भी लिखित शिकायत सौंपी। शिकायत दिए जाने के लगभग 15 दिन बीत जाने के बाद भी किसी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। इस संबंध में पूछे जाने पर बीडीओ देवलाल करमाली ने बताया कि मामले की जांच अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा भी की गयी थी तथा यह मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद कनिष्ठ अधिकारियों की कार्रवाई सीमित हो जाती है। हालांकि, उनकी जांच में जो तथ्य सामने आए हैं, उन्हें एसडीओ एवं डीएसओ कार्यालय को पत्राचार के माध्यम से भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि उप प्रमुख के आवास एवं गोदाम से 121 बोरा चावल बरामद होने की सूचना भी सम्बन्धित अधिकारियों को लिखित रूप से उपलब्ध करा दी गयी है। भारतीय आदिम जनजाति परिषद के केन्द्रीय सचिव उमेश परहिया ने कहा कि यदि समुदाय के लोग सक्रिय नहीं होते तो बरामद किया गया पूरा चावल कालाबाजारी की भेंट चढ़ जाता। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले में कई अधिकारियों को लिखित शिकायत देने के बावजूद अब तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान व्यवस्था में दलालों और बिचौलियों की पकड़ इतनी मजबूत हो गई है कि शिकायतों पर भी प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

### झामुमो जिला अध्यक्ष शम्भु राम ने कहा...



**झारखंड** के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन स्वयं आदिवासी समाज से आते हैं और उन्होंने कभी भी दलालों या बिचौलियों को संरक्षण नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि आदिम जनजाति परिवारों के खाद्यान्न हेराफेरी मामले में अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई, इसकी जानकारी प्राप्त करने के बाद ही विस्तृत टिप्पणी की जा सकती है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जांच में जो भी दोषी पाये जायेंगे, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

# पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन पर उपद्रव के बाद 06 लोग गिरफ्तार



एजेंसी

**पटना :** राजधानी पटना के पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन पर बिहार पुलिस मद्य निषेध विभाग की भर्ती परीक्षा में शामिल होने जा रहे अभ्यर्थियों द्वारा किए गए हंगामे, पथराव और तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छह लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं घटना में शामिल लगभग 500 अज्ञात लोगों के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि उपद्रव में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और पहचान होने पर सभी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पटना रेंज के जोनल रेलवे आईजी जितेंद्र राणा ने बताया कि अब तक छह आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है। साथ ही स्टेशन परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की गहन जांच की जा रही है। वीडियो रिकॉर्डिंग और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर उपद्रवियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने की प्रक्रिया जारी है।

घटना के बाद रेलवे स्टेशन और उसके आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), जीआरपी और जिला पुलिस की अतिरिक्त टुकड़ियों को तैनात किया गया है। अधिकारियों के अनुसार फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और रेलवे ट्रैक से प्रदर्शनकारियों को हटाकर ट्रेनों का परिचालन सामान्य कर दिया गया है।

दरअसल, बिहार पुलिस मद्य निषेध विभाग की भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में अभ्यर्थी विभिन्न जिलों से पटना पहुंचे थे। अभ्यर्थियों का आरोप था कि परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने के लिए पर्याप्त ट्रेन सेवाएं उपलब्ध नहीं थीं और कई ट्रेनें निर्धारित समय से काफी देर से चल रही थीं। इसके अलावा ट्रेनों में अत्यधिक भीड़ होने के कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसी बात को लेकर नाराज अभ्यर्थियों ने पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन पर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। देखते ही देखते प्रदर्शन उग्र हो गया और आक्रोशित भीड़ ने रेलवे ट्रैक जाम कर दिया। कुछ अभ्यर्थी एग्जाम स्पेशल ट्रेन के सामने धरने पर बैठ गए, जिससे रेल परिचालन प्रभावित हो गया। स्थिति तब और गंभीर हो गई जब प्रदर्शनकारी भीड़ ने रेलवे स्टेशन परिसर, ट्रेनों और आसपास की दुकानों में तोड़फोड़ शुरू कर दी। उपद्रवियों ने पुलिस और रेलवे कर्मियों पर पथराव भी की। इस दौरान कई वाहनों और सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचा। पथराव की इस घटना में रेलवे आईजी जितेंद्र राणा, एक थाना प्रभारी समेत लगभग छह पुलिसकर्मी घायल हो गए। घायल पुलिसकर्मियों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। अधिकारियों के अनुसार सभी की स्थिति खतरे से बाहर है। हालात बेकाबू होते देख पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए बल प्रयोग किया। पुलिस ने पहले प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन स्थिति नियंत्रण से बाहर होने पर लाठीचार्ज किया गया। इसके अलावा आंसू गैस के गोले छोड़े गए और भीड़ को हटाने के लिए चेतावनी स्वरूप हवाई फायरिंग भी की गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कानून व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता थी और रेलवे ट्रैक पर कब्जा होने के कारण यात्रियों की सुरक्षा भी प्रभावित हो रही थी। इसलिए आवश्यक कार्रवाई की गई। प्रशासन ने कहा है कि घटना में शामिल सभी लोगों की पहचान सीसीटीवी फुटेज और वीडियो रिकॉर्डिंग के आधार पर की जाएगी। जिन लोगों ने सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया, पुलिस पर हमला किया या कानून व्यवस्था भंग की, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। अधिकारियों ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे अपनी मांगों को शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से रखें तथा किसी भी प्रकार की हिंसा या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने से बचें। फिलहाल पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन पर स्थिति सामान्य है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां पूरी सतर्कता के साथ हालात पर नजर बनाए हुए हैं।

## एक झलक

### प्रेमिका से मिलने पहुंचा युवक, परिजनों ने पकड़ कर करायी शादी

**सीवान :** जिले के भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के उतरी साघर सुल्तानपुर पंचायत के महाना गांव में रविवार को एक अनोखा और चर्चित मामला सामने आया। प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंचे एक युवक को परिजनों ने पकड़ लिया। हालांकि मामला विवाद तक नहीं पहुंचा, बल्कि दोनों परिवारों और पंचायत के हस्तक्षेप से प्रेम कहानी का सुखद अंत शादी के रूप में हुआ। जानकारी के अनुसार मछगरा निवासी महंथ प्रसाद के पुत्र निरंजन कुमार शनिवार की रात अपनी प्रेमिका पुष्पा कुमारी से मिलने महाना गांव पहुंचे थे। इसी दौरान घरवालों को इसकी भनक लग गई और युवक को मौके पर ही पकड़ लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही गांव में लोगों की भीड़ जुट गई। मामले को लेकर पंचायत स्तर पर बातचीत शुरू हुई।

### फारबिसगंज कांवरिया सेवा समिति की वार्षिक बैठक

**अररिया :** फारबिसगंज कांवरिया सेवा समिति की वार्षिक बैठक रविवार को स्थानीय श्री मारवाड़ी अतिथि सदन में हुई।बैठक की अध्यक्षता समिति के उपाध्यक्ष मुरली गुप्ता ने की, जबकि मंच संचालन इंजीनियर आयुष अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में फारबिसगंज शहर के साथ-साथ दूसरे शहरों और विभिन्न पंचायतों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं समिति सदस्यों ने भाग लिया।
कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर परिषद की मुख्य पार्षद वीणा देवी थीं। वहीं विशिष्ट अतिथियों में उप मुख्य पार्षद नूतन भारती, पूर्व मुख्य पार्षद अनूप जायसवाल, मूलचंद गोलछा, प्रदीप देव, विजय प्रकाश, डॉ. नेहा राज एवं विशाल गोलछा शामिल रहे । बैठक के दौरान समिति द्वारा वर्ष 2025-26 का विस्तृत आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया गया।
पदाधिकारियों ने समिति की वित्तीय स्थिति, विभिन्न सेवा कार्यों तथा आगामी योजनाओं की जानकारी सदस्यों को दी। उपस्थित लोगों ने अपने-अपने विचार रखे तथा आगामी वर्षों में शिविर को और अधिक भव्य एवं व्यापक स्वरूप देने को लेकर सुझाव दिए। इस अवसर पर बताया गया कि वर्ष 2026 में टंकेश्वर धाम में लगने वाला फारबिसगंज कांवरिया सेवा समिति का शिविर अपने 24वें वर्ष में प्रवेश करेगा।

### अब सूरज की रोशनी से जगमगायेंगे गरीबों के घर

**सीवान :** बिजली बिल की चिंता से जूझ रहे गरीब परिवारों के लिए बड़ी राहत की खबर है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत बिहार के 2.5 लाख कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घरों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने की महत्वाकांक्षी योजना का शुभारंभ किया गया है। करीब 1512 करोड़ रुपये की लागत वाली इस योजना से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को स्वच्छ, सस्ती और टिकाऊ बिजली उपलब्ध होगी। ऊर्जा विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में इस योजना का विधिवत शुभारंभ किया गया। सीवान में जिलाधिकारी, अपर समाहर्ता समेत सभी जिला स्तरीय अधिकारी समाहरणालय स्थित सभाकक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े। योजना के तहत पात्र लाभुकों के घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जाएंगे ।

## मजदूर मसीहा सूर्यदेव सिंह की पुण्यतिथि आज, तैयारियां पूरी



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद/झरिया :** कोयलांचल में मजदूर मसीहा के रूप में अपनी अलग पहचान बनाने वाले दिवंगत श्रमिक नेता सह पूर्व विधायक सूर्यदेव सिंह की पुण्यतिथि सोमवार 15 जून को श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई जाएगी। झरिया के कतरास मोड़ स्थित भाजपा सह जनता मजदूर संघ (जमसं) कार्यालय को कार्यक्रम के लिए सजाया गया है तथा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में मजदूर, यूनियन कार्यकर्ता, समर्थक और आम लोग अपने प्रिय नेता को श्रद्धासुमन अर्पित करने पहुंचेंगे।गरीबों, मजदूरों और वंचित वर्ग के अधिकारों की लड़ाई लड़ने वाले सूर्यदेव सिंह आज भी लाखों लोगों के दिलों में अपनी अलग छवि बनाए हुए हैं। एक साधारण किसान परिवार से निकलकर उन्होंने कोयलांचल के मजदूरों के बीच ऐसा विश्वास कायम किया कि वे मजदूरों के मसीहा के रूप में स्थापित हो गए। पिछले तीन दशकों से उनकी पुण्यतिथि को मजदूर समाज विशेष दिवस के रूप में मनाता आ रहा है।पुण्यतिथि के अवसर पर कतरास मोड़ स्थित मुख्य कार्यालय के अलावा जनता मजदूर संघ के विभिन्न क्षेत्रीय एवं शाखा कार्यालयों में भी श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में धनबाद के महापौर संजीव सिंह, झरिया विधायक रागिनी सिंह, सिद्धार्थ गौतम समेत सिंह मेंशन परिवार के सभी सदस्य दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।इसके अलावा बीसीसीएल के आला अधिकारी, विभिन्न श्रमिक संगठनों के पदाधिकारी, यूनियन नेता, सामाजिक कार्यकर्ता तथा जनप्रतिनिधि भी कार्यक्रम में उपस्थित होकर सूर्यदेव सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे।

## सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से रोशन होंगे ढाई लाख घर

**भागलपुर :** बिहार सरकार के नई सरकार गठन के 60 दिन पूरे होने के अवसर पर रविवार को ऊर्जा क्षेत्र में कई योजनाओं की शुरूआत की गई। पटना में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 512 करोड़ रुपये की लागत से 2.50 लाख कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के कार्य का शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही ऊर्जा प्रक्षेत्र की 1278 करोड़ रुपये की योजनाओं का लोकार्पण और उद्घाटन भी किया गया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भागलपुर के समीक्षा भवन में किया गया।

## सिपाही भर्ती परीक्षा : कटिहार जंक्शन पर हाई अलर्ट, अभ्यर्थियों के लिए चलीं स्पेशल ट्रेनें

एजेंसी

**कटिहार :** केंद्रीय चयन परिषद (सिपाही भर्ती) परीक्षा को लेकर रविवार को कटिहार रेल प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में रहा। हजारों अभ्यर्थियों की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे द्वारा दो जोड़ी परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया। इसके साथ ही, कटिहार जंक्शन समेत रेल जिले के सभी प्रमुख स्टेशनों पर सुरक्षा के अभूतपूर्व और कड़े इंतजाम किए गए। पाटलिपुत्र स्टेशन पर हुई हालिया घटना के मद्देनजर रेल प्रशासन अतिरिक्त सतर्कता बरत रहा है। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा



लेने के लिए खुद जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी कटिहार जंक्शन पहुंचे और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
रेल एसपी हरिशंकर कुमार और आरपीएफ कमांडेंट संदीप कुमार पीएस के नेतृत्व में स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म, प्रवेश/निकास द्वार और परीक्षा स्पेशल ट्रेनों में लगातार संयुक्त सघन जांच अभियान चलाया गया। राजधानी एक्सप्रेस सहित सभी नियमित ट्रेनों की भी कड़ी चेकिंग की गई। इन स्पेशल ट्रेनों से बड़ी संख्या में अभ्यर्थी पूर्णिया, अररिया और अन्य परीक्षा केंद्रों के लिए रवाना हुए। हालांकि, कुछ ट्रेनों के देर से चलने के कारण अभ्यर्थियों को थोड़ी नाराजगी भी हुई। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रेल एसपी हरिशंकर कुमार ने स्पष्ट किया कि अभ्यर्थियों की बड़ी संख्या को देखते हुए विशेष निगरानी व्यवस्था लागू की गई है, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके।

## ममता देवी ने जनता दरबार में सुनीं लोगों की समस्याएं, समाधान के लिए किया आश्वस्त



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गोला (रामगढ़) :** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक ममता देवी ने शनिवार को गोला प्रखंड के मठवाटांड़ स्थित अपने कार्यालय में जनता दरबार आयोजित कर क्षेत्र के लोगों की समस्याओं से रूबरू हुईं। जनता दरबार में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं स्थानीय नागरिक अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर पहुंचे। इस दौरान लोगों ने सड़क, बिजली, पेयजल, राशन, पेंशन, आवास तथा अन्य जनसुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा। विधायक ममता देवी ने सभी की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर यथाशीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी पहली प्राथमिकता है और क्षेत्र के विकास के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने अधिकारियों को जनहित से जुड़े मामलों पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करने का संदेश भी दिया।

## उपायुक्त ने लिया तत्काल संज्ञान, रालीबेड़ा में युद्धस्तर पर हुआ मरम्मत कार्य

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गोला (रामगढ़) :** गोला प्रखंड अंतर्गत रकुआ पंचायत के रालीबेड़ा गांव में पेयजल समस्या से संबंधित समाचार विभिन्न माध्यमों से संज्ञान में आने के उपरांत उपायुक्त, रामगढ़ ऋतुराज द्वारा इसे अत्यंत गंभीरता से लिया गया। उपायुक्त द्वारा जनसमस्या के त्वरित निवारण हेतु संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को अविलंब धरातल पर उतरकर सुधारात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त के निर्देश के आलोक में विभागीय तकनीकी टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थल पर पंचायत सचिव, मुखिया एवम कनीय अभियंता द्वारा तकनीकी कमियों को दूर किया गया एवं युद्ध स्तर पर मरम्मत कार्य पूर्ण कर चापाकल जलापूर्ति व्यवस्था को सुचारू कराया गया। इसके अतिरिक्त, ग्रामीणों को तात्कालिक राहत प्रदान करने के उद्देश्य से जिला



प्रशासन द्वारा क्षेत्र में पेयजल टैंकर उपलब्ध कराया गया है, जिससे स्वच्छ पेयजल की निरंतरता सुनिश्चित की जा सके। समस्या के स्थायी एवं सुदृढ़ समाधान हेतु कनिष्ठ अभियंता (जेई) एवं अन्य विभागीय अधिकारियों की टीम द्वारा रालीबेड़ा गाँव का स्थलीय निरीक्षण किया गया। अधिकारियों द्वारा वहां स्थापित जल मीनार का विस्तृत तकनीकी सर्वे संपन्न किया गया है। जलापूर्ति व्यवस्था को दीर्घकालिक रूप से संचालित रखने के उद्देश्य से जल्द ही जल सहिया के साथ एक समीक्षा बैठक आहूत की गई है, जिसके माध्यम से सभी शेष खराबियों को दुरुस्त कर सुचारू जलापूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इस संबंध में उपायुक्त द्वारा स्पष्ट किया गया कि जिला प्रशासन रामगढ़ जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में निवास करने वाले प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा इस दिशा में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## हाजी अख्तर आजाद बने रामगढ़ जिला कांग्रेस सचिव, विधायक ममता देवी ने सौंपा नियुक्ति पत्र

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**रजरप्पा (रामगढ़) :** रजरप्पा प्रोजेक्ट निवासी हाजी अख्तर आजाद को रामगढ़ जिला काँग्रेस कमिटी का सचिव नियुक्त किया गया है। विधायक सह जिला कांग्रेस अध्यक्ष ममता देवी ने शुक्रवार को उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपकर नई जिम्मेदारी दी। हाजी अख्तर आजाद की नियुक्ति से जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह है। हाजी अख्तर आजाद जमीनी कार्यकर्ता हैं। पार्टी के प्रति उनका समर्पण और नेतृत्व क्षमता सराहनीय रही है। संगठन को मजबूत करने के लिए वे लगातार रजरप्पा क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं। हर कार्यक्रम और आंदोलन में उनकी ईमानदारी और निष्ठा साफ दिखती है। कार्यकताओं के बीच उनकी मजबूत पकड़ है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अनुमोदन के बाद यह नियुक्ति की गई है। विधायक ममता देवी ने अपेक्षा जताई कि हाजी अख्तर आजाद अपने पद की जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करेंगे और जिला कमिटी की मासिक बैठकों में अनिवार्य रूप से शामिल होंगे। नियुक्ति के बाद हाजी अख्तर आजाद ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे झारखंड प्रदेश प्रभारी के राजू साहब, प्रदेश अध्यक्ष केशव प्रसाद कमलेश, रामगढ़ जिला अध्यक्ष विधायक ममता देवी, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर एवं पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के प्रति कृतज्ञ हैं। बधाई देने वालों में राजेंद्र नाथ चौधरी, चितरंजन दास चौधरी, लक्ष्मण प्रसाद महतो, अर्जुन दास महंत इत्यादि कई लोग शामिल हैं।

## प्रिंस यादव मौत मामले में नेपाल पुलिस ने पांच को लिया हिरासत में

एजेंसी

**अररिया/विराटनगर :** पटना के चर्चित ज्ञान बिंदु कोचिंग संस्थान के निदेशक रोशन आनंद के छोटे भाई प्रिंस कुमार यादव की नेपाल के विराटनगर स्थित एक होटल में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने बिहार और नेपाल दोनों जगह सनसनी फैला दी है। घटना के बाद नेपाल की मोरंग जिला पुलिस ने जांच तेज कर दी है और प्रिंस के साथ होटल में ठहरे पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच पूरी होने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। नेपाल पुलिस के अनुसार, 24



वर्षीय प्रिंस कुमार यादव विराटनगर स्थित ट्रैफिक चौक के समीप शुभ होटल में अपने पांच साथियों के साथ ठहरे हुए थे। शनिवार देर रात उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई और वह होटल में ही गिर पड़े। स्थिति गंभीर होने पर होटल प्रबंधन और उनके साथ मौजूद लोगों ने उन्हें तत्काल विराटनगर न्यूरो हॉस्पिटल पहुंचाया। हालांकि अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार अस्पताल लाए जाने से पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी। प्रिंस यादव की अचानक हुई मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। नेपाल पुलिस ने प्रारंभिक जांच में मामले को संदिग्ध मानते हुए व्यापक जांच शुरू कर दी है। मोरंग जिला पुलिस के अधिकारियों के अनुसार फिलहाल किसी भी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। पुलिस होटल के कर्मचारियों, वहां मौजूद लोगों और प्रिंस के साथ ठहरे साथियों से पूछताछ कर रही है। नेपाल पुलिस ने होटल में मौजूद पांच अन्य लोगों को हिरासत में लिया है और उनसे घटना से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह जानने का प्रयास कर रही है कि घटना से पहले क्या हुआ था, प्रिंस की तबीयत अचानक क्यों बिगड़ी और उनकी मौत के पीछे कोई अन्य कारण तो नहीं है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि मौत प्राकृतिक कारणों से हुई, किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या के कारण हुई या इसके पीछे कोई अन्य वजह थी। उल्लेखनीय है कि प्रिंस यादव का नाम हाल ही में पटना में चर्चित हुए कोचिंग संस्थानों के विवाद से जुड़े एक मामले में सामने आया था। खान सर की कोचिंग पर हुए हमले के मामले में दर्ज प्राथमिकी में उनका नाम भी शामिल बताया जा रहा है।

## अवैध बालू कारोबारियों पर पुलिस की गिरी गाज, 04 ट्रैक्टर जब्त

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गोला (रामगढ़) :** गोला क्षेत्र में लंबे समय से जारी अवैध बालू कारोबारियों के खिलाफ आखिरकार गोला पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में छापेमारी अभियान चलाकर अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टरों को जब्त किया गया है। पुलिस द्वारा जब्त वाहनों के विरुद्ध अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। क्षेत्र में अवैध बालू खनन और परिवहन को लेकर पिछले कई महीनों से ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ था। लगातार मिडिया में भी खबरें चलती रही जो कि गोला को शर्मसार कर रहा था। चौक-चौराहों से लेकर पंचायत स्तर तक लोग प्रशासनिक कार्रवाई की



मांग कर रहे थे। ऐसे में गोला पुलिस की यह कार्रवाई आम लोगों के बीच तनिक विश्वास जगी है। ग्रामीणों का कहना है कि अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर अंकुश लगाने की दिशा में यह एक सकारात्मक और स्वागतयोग्य कदम है। हालांकि ग्रामीणों का यह भी कहना है कि बालू के साथ-साथ क्षेत्र में अवैध कोयला कारोबार भी तेजी से फल-फूल रहा है। ग्रामीणों के अनुसार रात के अंधेरे में बड़े वाहनों के माध्यम से कोयले की तस्करी की जा रही है, जिससे सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचने के साथ-साथ कानून-व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों की निगाहें अब प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि जिस तत्परता के साथ पुलिस ने अवैध बालू कारोबारियों पर कार्रवाई की है, उसी प्रकार अवैध कोयला तस्करी के खिलाफ भी अभियान चलाकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# विश्व वायु दिवस 2026 पर भारत की 100 जीडब्ल्यू से आगे की ऊर्जा यात्रा 2026 को बनाना है यादगार

**विश्व** वायु दिवस हर साल 15 जून को पवन ऊर्जा को बढ़ावा देने और जलवायु परिवर्तन से निपटने में इसकी भूमिका को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। भारत 15 जून 2026 को गोवा में विंड एनर्जी: एम्बिशन टू एक्सेलरेशन थीम के तहत विश्व वायु दिवस 2026 सम्मेलन की मेजबानी करेगा। इस सम्मेलन में सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी (सीईए), सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एसईसीआई), इंडियन रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी (इरेडा), नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ विंड एनर्जी (नीवे), ग्रिड इंडिया, बड़ी राज्य सरकारों और उद्योग जगत और एसोसिएशन के वरिष्ठ प्रतिनिधि एक साथ आएंगे। सम्मेलन में भारत की पवन ऊर्जा यात्रा के अगले चरण को आकार देने वाली मुख्य प्राथमिकताओं पर बात की जाएगी, जिसमें संसाधनों की पर्याप्तता, ग्रिड की तैयारी, क्षमता में बढ़ोतरी, घरेलू उत्पादन प्रतिस्पर्धा, निर्यात के अवसर, और फोरकास्टिंग और नवीकरणीय ऊर्जा को मजबूत करने में विकास शामिल हैं। सम्मेलन में इंडस्ट्री रिपोर्ट एलिवेटिंग इंडियाज विंड टर्बाइन एक्सपोर्ट फॉर ग्लोबल मार्केट्स भी रिलीज होगी।

### भारत का पवन ऊर्जा परिदृश्य

**भारत** का पवन ऊर्जा क्षेत्र लगातार बढ़ रहा है, जिसमें कई राज्यों में स्थापन क्षमता बढ़ रही है और पवन संसाधन की क्षमता भी मजबूत है। इसे घरेलू उत्पादन और नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों को पूरा करने में इसकी भूमिका से लगातार मदद मिल रही है।

### पवन संसाधन क्षमता

**भारत** में अनुमानित सकल पवन ऊर्जा क्षमता 120 मीटर पर 695.5 जीडब्ल्यु और जमीन से 150 मीटर ऊपर 1,163.9 जीडब्ल्यु है। 150 मीटर पर अनुमानित ऊर्जा क्षमता का ज्यादातर हिस्सा आठ हाई-रिसोर्स राज्यों में है: राजस्थान: 284.2 जीडब्ल्यु गुजरात : 180.8 जीडब्ल्यु महाराष्ट्र : 173.9 जीडब्ल्यु कर्नाटक : 169.3 जीडब्ल्यु आंध्र प्रदेश: 123.3 जीडब्ल्यु तमिलनाडु: 95.1 जीडब्ल्यु मध्य प्रदेश: 55.4 जीडब्ल्यु, तेलंगाना: 54.7 जीडब्ल्यु। ऊर्जा संसाधनों को मैप करने और पवन ऊर्जा विकास के लिए उच्च - क्षमता स्थलों की पहचान करने के लिए देशभर में 900 से ज्यादा विंड-मॉनिटरिंग स्टेशन स्थापित किए गए हैं। एम विंड पोटेंशियल मैप 50 एम, 80एम, 100एम, 120एम, और 150एम हब ऊंचाई पर विकसित किए गए हैं। भारत का बड़ा पवन संसाधन बेस 2030 तक 100 जीडब्लु और 2036 तक 156 जीडब्लु विंड कैपेसिटी पाने के लिए एक मजबूत आधार देता है। पवन क्षमता और उत्पादन वृद्धि स्थापित पवन ऊर्जा क्षमता में भारत दुनियाभर में चौथे नंबर पर है। स्थापित पवन ऊर्जा क्षमता मार्च 2014 में 21.04 जीडब्लु से बढ़कर मार्च 2026 में 56.09 जीडब्लु हो गई, जो 2.66 गुना बढ़ोतरी है। 28 जीडब्लु पर काम चल रहा है। भारत ने 2025-261 में 6.05जीडब्लु की अपनी अब तक की सबसे ज्यादा सालाना स्थापित पवन ऊर्जा क्षमता में बढ़ोतरी दर्ज की, जो 2024-25 में 4.15 जीडब्लुके पिछले रिकॉर्ड को पार कर गई। लगभग 45% पवन ऊर्जा उत्पादन उच्च मांग के समय में होता है, जो सौर ऊर्जा को पूरा करता है और ग्रिड की विश्वसनीयता को मजबूत करता है। 2 विंड टर्बाइन उत्पादन क्षमता 2014 में 10 जीडब्लु से बढ़कर मार्च 2026 तक लगभग 24 जीडब्लु हो गई है। इस क्षेत्र ने सभी जरूरी घटकों में 70-80% स्वदेशीकरण हासिल कर लिया है। ब्लेड, टावर, गियरबॉक्स और दूसरे जरूरी उपकरण के लिए मजबूत घरेलू सप्लाई चेनमौजूद हैं। पवन ऊर्जा भारत की ऊर्जा प्रणाली का ज्यादा स्थाई और एकीकृत हिस्सा बनती जा रही है। तकनीकी अपग्रेड और अलग-अलग तरह के इस्तेमाल से इसकी भूमिका और बढ़ेगी।

### सरकार की प्रमुख पहल

**सरकार** की प्राथमिकताएं ऊर्जा के वास्तविक उपयोग को बढ़ाने, ऑफशोर विकास और ग्रिड आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित करना हैं। इन्हें लक्षित स्कीम, वित्तीय प्रोत्साहन और नियामक सुधारों से सहायता मिलती है। 1,000 मेगावाट के ऑफशोर पवन परियोजनाओं के लिए 6,853 करोड़ की वायबिलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) को मंजूरी दी गई, जिसमें गुजरात और तमिलनाडु के तटों पर 500-500 टह शामिल हैं। 2025- 26 के दौरान उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (जीबीआई) स्कीम के तहत 500 करोड़ दिए गए। कॉन्ट्रैक्ट्स फॉर डिफरेंस (सीएफडी)के तहत 500 टह का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया। डाऊ एक ऐसा सिस्टम है जिसे कीमतों में उतार-चढ़ाव को कम करने और नवीकरणीय ऊर्जा डेवलपर्स को राजस्व निश्चितता देने के लिए डिजाइन किया गया है। रेगुलेटरी, जमीन, ट्रांसमिशन और क्रियान्वयन की चुनौतियों को हल करने के लिए जनवरी 2026 में एक टास्क फोर्स बनाई गई। लगातार मांग सुनिश्चित करने के लिए रिन्यूएबल परचेज ऑब्लिगेशन्स (RPOs) के तहत डेडिकेटेड विंड घटक शुरू किया गया। इंडस्ट्रीज द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा की सीधी खरीद को आसान बनाने के लिए ग्रीन एनर्जी ओपन एक्सेस रूल्स लागू किए गए। मॉडल्स और मैन्युफैक्चरर्स की अप्रूव्ड लिस्ट (अछटट), पारदर्शी बिडिंग दिशा-निर्देश और विलंब से भुगतान अधिभार नियमों को लागू करने से निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ है। ग्रिड क्षमता को बेहतर बनाने के लिए हाइब्रिड और राउंड-द-क्लॉक (RTC) नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को बढ़ावा देना। पवन ऊर्जा के लिए प्राथमिकताओं में शामिल है मध्य प्रदेश, तेलंगाना और ओडिशा जैसे उभरते राज्यों में विंड डिप्लॉयमेंट को बढ़ाना।

# महिला टी20 विश्व कप : ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को 65 रन से रौंदा

**एजेंसी**

**मैनचेस्टर :** छह बार की चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया टीम ने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 में शानदार शुरूआत करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 65 रन से हराकर अपना पहला मुकाबला जीत लिया। एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में शानदार प्रदर्शन किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत खराब रही और शुरूआती विकेट जल्दी गंवाने पड़े। इसके बाद फोबे लिचफील्ड ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए महज 24 गेंदों पर 51 रन बनाए। उनकी तेजतर्रार पारी ने ऑस्ट्रेलियाई पारी को गति दी और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। मध्यक्रम में



एलिस पेरी ने 36 रन और जॉर्जिया वेयरहैम ने 32 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। अंतिम ओवरों में एनाबेल सुदरलैंड ने तेज रन जोड़कर टीम का स्कोर 20 ओवर में 8 विकेट के नुकशान पर 172 रन तक पहुंचा दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम शुरूआत से ही दबाव में दिखाई दी। शुरूआती दो विकेट जल्दी गिरने के बाद कप्तान लॉरा वोल्वाड्र्ट ने 44 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेलकर टीम को संभालने का प्रयास किया। उन्होंने नादिन डी क्लर्क के साथ महत्वपूर्ण साझेदारी भी की, लेकिन लगातार गिरते विकेटों के कारण टीम लक्ष्य के करीब नहीं पहुंच सकी। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी को बिखेर दिया। वेयरहैम ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट हासिल किए, जबकि सोफी मोलिनेक्स और अलाना किंग ने दो-दो विकेट अपने नाम किए। दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 16.4 ओवर में 107 रन पर सिमट गई और ऑस्ट्रेलिया ने 65 रन की बड़ी जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने टूर्नामेंट में मजबूत शुरूआत की और अपने खिताब अभियान के लिए सकारात्मक संकेत दिए।

## कतर ने स्विट्जरलैंड को ड्रॉ पर रोक कर किया विश्वकप का पहला अंक हासिल

विश्व कप फुटबॉल 2026

**कैलीफोर्निया :** यहां हुए फीफा विश्वकप फुटबॉल 2026 के एक मुकाबले में कतर ने स्विट्जरलैंड को 1-1 से ड्रॉ पर रोककर अपन पहला अंक हासिल किया है। ग्रुप बी में हुए इस रोमांचक मुकाबले में कतर ने खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही स्विट्जरलैंड को 1-1 से ड्रॉ पर रोककर अपने बुलंद इरादे जाहिर कर दिये। कतर की ओर से बौलेम खौखी ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के चौथे मिनट में किए गोल कर अपनी टीम को बराबरी पर ला दिया। इस मैच में स्विट्जरलैंड ने खेल के शुरूआती पलों में ही दबदबा बना लिया। मैच के 17वें मिनट में, ब्रील एम्बोलो ने पेनल्टी को गोल में बदलकर स्विट्जरलैंड को 1-0 की बढ़त दिलाई। मैच के दौरान ऐसा लगा कि स्विट्जरलैंड आसानी से यह मुकाबला जीत जाएगी पर कतर के खिलाड़ियों ने हार नहीं मानी और अंतिम क्षणों तक मुकाबला जारी रखा। अंतिम सीटी बजने से ठीक पहले, जब स्विस टीम की जीत पक्की नजर आ रही थी तभी तभी खौखी ने अविश्वसनीय से हेडर के जरिए गोल दागकर अपनी टीम को बराबरी पर ला दिया। इस गोल के बाद कतर के खिलाड़ियों में खुशी की लहर दौड़ गई; कई खिलाड़ी जश्न मनाते हुए मैदान पर ही लेट गये जबकि अन्य एक-दूसरे को गले लगाने के लिए दौड़ पड़े। यह उपलब्धि कतर के लिए और भी खास है, क्योंकि चार साल पहले अपने देश में खेले गए विश्व कप में उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा था ।

## फीफा विश्वकप : ऑस्ट्रेलिया ने तुर्की को 2-0 से हराया

**वैंकूवर :** ऑस्ट्रेलिया ने ने फीफा विश्वकप फुटबॉल में अच्छी शुरूआत करते हुए पहले ही मैच में तुर्की को 2-0 से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिय की जीत में नेस्टोरी ईरानकुंडा और कॉनर मेटकाफ के गोलों की अहम भूमिका रही। ग्रुप स्टेज के पहले ही मैच में मिली शानदार जीत से ऑस्ट्रेलियाई टीम, ग्रुप डी में अमेरिका के बराबर पहुंच गयी है। अब शुक्रवार को सिएटल में इन दोनों टीमों के बीच मुकाबला खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलियाई गोलकीपर पैट्रिक बीच ने इस मैच में असाधारण प्रदर्शन करते हुए कई गोल बचाये। ऑस्ट्रेलिया के इरानकुंडा ने पहले हाफ के 27वें मिनट में एक गोल किया। इससे ऑस्ट्रेलिया ने 1-0 की बढ़त



हासिल कर ली। इस गोल से ऑस्ट्रेलिया टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद तुर्की परा दबाव आ गया। उसने गोल करने के कई प्रयास किये पर सफलता नहीं मिली। ऑस्ट्रेलिया ने मजबूम डिफेंस और पलटवार से तुर्की गोल करने में हर बार असफल रही। इसके बाद दूसरे हाफ में तुर्की ने काफी प्रयास किये।



न्यूयार्क में विश्वकप फुटबॉल मैच में मोरक्को के खिलाफ गोल करने के बाद उत्साहित होते हुए ब्राजील के विनीशियस जूनियर।

## नेशंस कप में दम दिखाने को तैयार भारतीय महिला हॉकी टीम, पहला मुकाबला अमेरिका से

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** भारतीय महिला हॉकी टीम न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में हो रहे एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप 2025-26 में अपने अभियान की शुरूआत के लिए तैयार है। कप्तान सलीमा टेटे की अगुवाई में भारतीय टीम का लक्ष्य खिताब जीतकर अगले साल होने वाली एफआईएच हॉकी प्रो लीग में जगह सुनिश्चित करना है। भारत अपने पूल ए अभियान का आगाज 15 जून को अमेरिका के खिलाफ करेगा, जबकि इसके बाद उसे जापान और उरुग्वे से मुकाबला करना है। आठ देशों की भागीदारी वाले इस टूर्नामेंट की विजेता टीम को प्रतिष्ठित एफआईएच हॉकी प्रो लीग में जगह मिलेगी। खास बात यह है कि भारत इस टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया के साथ चार मैचों के कड़े दौरे के बाद उतर रहा है, जहां उन्होंने दुनिया की सबसे मजबूत टीमों में से एक के खिलाफ उनके घरेलू मैदान पर शानदार जज्बा दिखाया। पहला मैच करीबी अंतर से हारने के बाद भारतीय टीम ने वापसी करते हुए अगले दो मैचों में जीत हासिल की, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी मैच जीत लिया। इससे यह दोस्ताना सीरीज 2-2 से बराबरी पर खत्म हुई। इस दौरे ने भारतीय टीम के लिए कई उम्मीद जगाने वाले संकेत दिए। टीम ने दबाव में भी मजबूती दिखाई, खेल के हर चरण में रणनीतिक अनुशासन बनाए रखा और जबरदस्त आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। इन प्रदर्शनों ने हाल के महीनों में टीम की तरक्की को और पुख्ता किया है। नेशंस कप की शुरूआत से पहले भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच स्जोर्ड मारिज्ने ने टीम की तैयारी और सोच पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया का दौरा हमारे लिए बहुत अच्छी तैयारी थी। हम एक टीम के तौर पर सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। अब हमारा पूरा ध्यान नेशंस कप पर है और हम इस मौके का पूरा फायदा उठाना चाहते हैं। मारिज्ने ने ऐसे टूनार्मेंट में शांत और



संयमित रहने की अहमियत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे टूर्नामेंट में अक्सर छोटे-छोटे पल ही सबसे बड़ा फर्क डालते हैं।

## एक झलक

### केरल के मानव कृष्णा को इंडिया अंडर-19 टेस्ट टीम में मिली जगह

**तिरुवनंतपुरम :** केरल की अंडर-19 टीम के कप्तान और विकेटकीपर-बल्लेबाज मानव कृष्णा को श्रीलंका के खिलाफ होने वाली आगामी सीरीज के लिए इंडिया अंडर-19 टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। भारतीय अंडर -19 टीम श्रीलंका में तीन एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय) मैच और दो चार-दिवसीय टेस्ट मैच खेलेगी। मानव को घरेलू सत्र में उनकी अच्छी उत्कृष्ट बल्लेबाजी के साथ ही विकेटकीपिंग कौशल के कारण भी अवसर मिला है। गौरतलब है कि कृष्णा ने पिछले अंडर-19 सत्र में कुल 592 रन बनाए थे, जिसमें कूच बिहार ट्रॉफी में उन्होंने लगातार दो शानदार शतक भी लगाये थे।

### नीतीश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस बीच में रोक कर उठाया फोन

**धर्मशाला :** अफगानिस्तान के खिलाफ पहले ही एकदिवसीय मैच में शानदार गेंदबाजी करने वाले युवा तेज गेंदबाजी ऑराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में उस समय सबका दिल जीत लिया जब बीच में आया फोन उठा लिया। ये फोन किसी और का नहीं नीतीश की मां का था। नीतीश ने अपनी मां का फोन उठाया और विनम्रता से उन्हें बताया कि वह इस समय एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में हैं और उन्हें पांच मिनट में वापस कॉल करेंगे। मां के प्रति नीतीश के इस अगाध प्रेम और सम्मान को देखकर सभी लोग प्रभावित हुए। जहां कई लोग ऐसी स्थिति में फोन को अनदेखा कर देते हैं, वहीं नीतीश ने अपनी मां की कॉल को प्राथमिकता देकर एक बेहतरीन उदाहरण पेश किया।

## मनप्रीत सिंह ने रचा इतिहास, दिलीप तिर्की के 412 अंतरराष्ट्रीय मैचों के रिकॉर्ड की बराबरी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह ने भारतीय हॉकी इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया है। नीदरलैंड्स के रॉटरडैम में खेले गए एफआईएच पुरुष प्रो लीग मुकाबले में मैदान पर उतरते ही उन्होंने भारतीय हॉकी के महान खिलाड़ी और हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की के 412 अंतरराष्ट्रीय मैचों के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। इस उपलब्धि के साथ मनप्रीत भारतीय हॉकी के इतिहास में सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलने वाले खिलाड़ियों की सूची में संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पर पहुंच गए हैं। वह वर्तमान में सक्रिय खिलाड़ियों में 400 से अधिक अंतरराष्ट्रीय कैप्स हासिल करने वाले एकमात्र



खिलाड़ी भी हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने मनप्रीत को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी वर्षों की मेहनत, समर्पण और निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन का प्रमाण है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मनप्रीत आगे भी भारतीय हॉकी के लिए महत्वपूर्ण योगदान देते रहेंगे और कई नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने भी मनप्रीत की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय टीम के साथ उनका सफर युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि दबावपूर्ण परिस्थितियों में शानदार प्रदर्शन करने की उनकी क्षमता और वरिष्ठ खिलाड़ी के रूप में नेतृत्व ने भारतीय हॉकी को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## पीबीडीसीए की वार्षिक आम बैठक सम्पन्न

**पश्चिम बर्दवान :** पश्चिम बर्दवान जिला शतरंज संघ (पीबीडीसीए) की वार्षिक आम सभा (एजीएम) दिनांक 14 जून 2026 को आसनसोल क्लब में गरिमापूर्ण वातावरण में आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता संघ के अध्यक्षता मुकेश तोदी ने की।

बैठक में जिले में शतरंज के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं खिलाड़ियों को अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक मे मुख्य निर्णय भावना मेमोरियल शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन 26 जुलाई 2026 को भारती भवन, बर्नपुर में किया जाएगा। द्वितीय आसनसोल गोल्ड कप शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 30 अगस्त 2026 को आसनसोल क्लब में किया जाएगा।

## सिलीगुड़ी में योगासन प्रतियोगिता आयोजित

## रांची के जगदीश बने चैम्पियन ऑफ चैम्पियन के रनर अप

- टिप्स से मिली सफलता : कोच मैडम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिलीगुड़ी :** सिलीगुड़ी के होटल बरसाना में यूनाइटेड कौंसिल ऑफ मार्शल आर्ट्स योगा एंड पोल स्पोर्ट्स फेडरेशन के द्वारा आयोजित दो दिवसीय नेशनल योगासन प्रतियोगिता में रांची के जगदीश सिंह को चैम्पियन ऑफ चैम्पियन के रनर अप पुरुस्कार से सम्मानित किया गया । उन्हें उनके ग्रुप का गोल्ड मेडल भी मिला। उन्होंने इसका श्रेय अपनी कोच मैडम और डिवाइन योगा अकादमी की डायरेक्टर डॉ परिणीता सिंह



को दिया और कहा कि कोच मैडम की टिप्स के कारण उन्हें ये सफलता मिली. जगदीश ने बताया कि कोच मैडम ने स्थिर हो कर आसान करने की सलाह दी थी, जिस कारण ये उपलब्धि हासिल हुई । उन्होंने कहा ये उनका अभी तक का पहला इतना बड़ा अवार्ड है । जगदीश सिंह, डिवाइन योगा अकादमी के तीन सदस्यीय टीम के साथ उक्त प्रतियोगिता में शामिल हुए थे । टीम में शत्रुघन कुमार प्रदीप कुंभकार, नकुल कुमार शामिल थे। इससे जगदीश सिंह को गोल्ड, शत्रुघन कुमार को रजत, प्रदीप कुंभकार और नकुल कुमार को कास्य पदक प्राप्त हुआ । इस तरह डिवाइन योगा अकादमी, झारखंड को एक स्वर्ण, एक रजत और दो ब्रॉन्ज प्राप्त हुए । फेडरेशन के इंद्ररूप रॉय चौधरी ने बताया की प्रतियोगिता में 900 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया जो देश के विभिन्न राज्यों से आए थे ।

## राष्ट्रमंडल खेल 2026 के लिए 32 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) ने स्कॉटलैंड के ग्लासगो में होने वाले 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए रविवार को 32 सदस्यीय भारतीय एथलेटिक्स टीम की घोषणा कर दी है। भारतीय टीम में 22 पुरुष और 10 महिला एथलीट शामिल हैं। टीम में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता एवं स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा शामिल हैं। इसके अलावा एथलीट अनिमेष कुजूर और गुरिंदरवीर सिंह, गुलवीर सिंह, तेजस शिरसे सहित कई खिलाड़ी शामिल हैं। भारतीय पुरुष एथलीट में गुरिंदरवीर सिंह (100 मीटर), अनिमेश कुजूर (200 मीटर), गुलवीर सिंह (5000 मीटर/10,000 मीटर), तेजस अशोक शिर्से (110 मीटर बाधा दौड़), यशस पी और संतोष कुमार




तमिलारसन (400 मीटर बाधा दौड़), सर्वेश अनिल कुशारे और आदर्श राम जे (ऊंची कूद), देव मीणा और कुलदीप कुमार (पोल वॉल्ट), श्रीशंकर एम और लोकेश सत्यानाथन (लंबी कूद), प्रवीण चित्रवेल और सेल्वा प्रभु (ट्रिपल जंप), समरदीप सिंह गिल और तजिंदरपाल सिंह तूर (शॉट पुट), नीरज चोपड़ा, रोहित यादव और यश वीर सिंह (भाला फेंक), तेजस्विन शंकर (डेकाथलॉन/ ऊंची कूद), विशाल टीके और राजेश रमेश (400 मीटर और 4७400 मीटर रिले) शामिल हैं।

## पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय महिला टीम ने जीता टॉस, पहले बल्लेबाजी चुनी

**बर्मिंघम :** भारतीय महिला टीम ने रविवार को आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप के अपने पहले मुकाबले में पाकिस्तान महिला टीम के खिलाफ टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी है। पाकिस्तान की टीम गेंदबाजी करने उतरेगी। दोनों टीमों के बीच विश्व कप का यह मुकाबला इंग्लैंड के बर्मिंघम में खेला जा रहा है। टॉस जीतने के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि मुझे लगता है कि बल्लेबाजी के लिए यह पिच अच्छी है, इसलिए हमने सोचा कि बल्लेबाजी करके एक अच्छा स्कोर बनाया जाए। पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना ने कहा कि टॉस जीतने पर उनकी टीम भी पहले बल्लेबाजी करने उतरती।

## वेस्टइंडीज ने पहले ही मैच में न्यूजीलैंड को 07 विकेट से हराया

**एजेंसी**

**दुबई :** अनुभवी बल्लेबाज शेमेन कैंपबेल की शानदार पारी (90) रनों की सहायता से वेस्ट इंडिज ने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 के पहले ही मैच में जीत हासिल की है। वेस्टइंडीज ने खिताब का बचाव कर रही न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हरा दिया। साउथैम्पटन में खेले गए इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरूआत अच्छी रही। विकेटकीपर बल्लेबाज इजी गेज ने मात्र 29 गेंदों पर 8 चौकों की मदद से 39 रन बनाकर टीम को तेज गति दी। हालांकि, इस अच्छी शुरूआत के बावजूद टीम बड़ी साझेदारियां निभाने में संघर्ष करती दिखी। जॉर्जिया प्लिमर और कप्तान अमेलिया केर क्रीज रन नहीं बनाने




से टीम लड़खड़ा गयी। इसके बाद मध्यक्रम में ब्रूक हॉलिडे ने 32 गेंदों पर 40 रन और मैडी ग्रीन ने 35 रनों की उपयोगी पारियां खेलकर टीम को निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट पर 162 रनों तक पहुंचाया। वेस्टइंडीज की ओर से तेज गेंदबाज आलिया एलेन ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट लिए। इसके बाद जीत के लिए मिले 163 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की शुरूआत भी खराब रही। सलामी बल्लेबाज कियाना जोसेफ सिर्फ 2 रन बनाकर पवेलियन लौट गईं, जिससे टीम पर शुरूआती दबाव आ गया। ऐसे दबाव वाले अवसर पर कप्तान हेले मैथ्यूज ने तेजी से खेलते हुए केवल 37 गेंदों में 6 चौकों और 1 छक्के की मदद से तेज 48 रन बनाकर पारी को संभाला। उन्होंने शेमेन कैंपबेल के साथ मिलकर एक महत्वपूर्ण साझेदारी भी निभाई, जिसने टीम को जीत की राह पर बनाए रखा। मैथ्यूज के आउट होने के बाद, शेमेन कैंपबेल ने तेजी दिखायी और न्यूजीलैंड के गेंदबाजों पर पूरी तरह हावी हो गईं। उन्होंने अपनी अनुभवी बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 62 गेंदों का सामना किया और 7 चौकों तथा 3 ग छक्कों की मदद से नाबाद 90 रन की यादगार पारी खेली।

# फाइनल का रोमांच : टीम व्हाइट को हरा कर टीम ब्लैक चैम्पियन

- अभिषेक सिन्हा बने प्लेयर ऑफ द फाइनल
- मीडिया कप वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2026

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रांची प्रेस क्लब की ओर से आयोजित मीडिया कप वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2026 का रविवार को समपान हो गया। रांची विश्वविद्यालय परिसर में खेले गये रोमांचक फाइनल मुकाबले में टीम ब्लैक ने टीम व्हाइट को हराकर खिताब अपने नाम किया। तीन सेट में चले फाइनल मुकाबले में टीम ब्लैक ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए मैच 20-25, 25-18, 16-14 से जीत हासिल की। मुख्य अतिथि वित्त





सह संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। प्लेयर ऑफ द फाइनल का खिताब अभिषेक सिन्हा को मिला। वहीं, बेस्ड डेफेंडर किसलय शानू, बेस्ट मिडिल प्लेयर राजेश कुमार सिंह और बेस्ट स्मेसर अमित कुमार सिंह को मिला। इससे पहले दिन के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में टीम ब्लैक ने टीम नेवी ब्लू को 25-14, 25-20 से हराया। अभिषेक सिन्हा इसमें मैन ऑफ द मैच रहे। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में टीम व्हाइट ने टीम येलो को 25-12, 25-11 से हरा फाइनल में जगह बनाई। किसलय शानू को मैन ऑफ मैच दिया गया। मुख्य अतिथि वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि पत्रकार सिर्फ लेखनी तक ही सीमित नहीं हैं वे खेल-संस्कृति में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। राजनीतिज्ञ, डॉक्टर, इंजीनियर सिर्फ अपने कार्य ही करते हैं, लेकिन पत्रकार ही ऐसे हैं जो हर विधा में अपनी कला दिखाते हैं। इस तरह का आयोजन समय-समय पर होना चाहिए। इससे समाज मजबूत होगी और आपस में बांडिंग भी बढ़ेगी। मीडिया कप वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2026 के सफल आयोजन में बासुदेब चटर्जी स्मृति फाउंडेशन ने महती भूमिका निभाई। वहीं, इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने खिलाड़ियों की बीच संगठन की ओर से उपहार भी बांटा। साथ ही, छतरपुर नगर परिषद के अध्यक्ष अरविंद प्रताप का सम्मान किया गया। कई वरिष्ठ पत्रकारों को भी प्रेस क्लब की ओर से सम्मानित किया गया। मीडिया कप वॉलीबॉल प्रतियोगिता के समापन सत्र के दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में खेल निदेशक छवि रंजन, इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण प्रसाद, वरिष्ठ पत्रकार अजय कुकरेती, रजत गुप्ता, रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष शंभूनाथ चौधरी, सचिव अभिषेक कुमार सिन्हा, सह सचिव चंदन भट्टाचार्य, कोषाध्यक्ष कुबेर प्रसाद सिंह, कार्यकारिणी सदस्य प्रतिमा कुमारी, राजन बॉबी, संजय सुमन, अशोक गोप, विजय गोप, सौरभ शुक्ला, संतोष सिन्हा, अमित कुमार सिंह, निर्भय कुमार सहित बड़ी संख्या में क्लब के सदस्य उपस्थित रहे।

## एक झलक

### अमेजन भारत में बढ़ायेगी रोबोटिक्स और ऑटोमेशन का उपयोग


**नयी दिल्ली** : ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन भारत में अपने परिचालन को और अधिक स्वचालित करने की तैयारी में है। कंपनी ने घोषणा की है कि वह देश के फुलफिलमेंट केंद्रों में उन्नत रोबोटिक्स और स्वचालन प्रौद्योगिकियों का विस्तार करेगी। अमेजन रोबोटिक्स के एक मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी ने बताया कि भारत के फुलफिलमेंट नेटवर्क में पहले से ही एसएलएएम (स्कैन, लेबल, अप्लाई, मैनिफेस्ट) लेबलर जैसी कई स्वचालित प्रणालियां मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी इनमें निवेश जारी रखेगी और भारतीय बाजार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। अमेजन ने अब तक भारत में 40 अरब डॉलर का निवेश किया है और 2030 तक अतिरिक्त 35 अरब डॉलर का निवेश करने की योजना बनाई है। उन्होंने लंदन में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि यूरोप में अगली पीढ़ी के ह्यप्रोटियसह्ल रोबोट की तैनाती की जा रही है, जो कर्मचारियों को शारीरिक रूप से कठिन कार्यों में सहायता करेगा। उन्होंने संकेत दिया कि समय के साथ कंपनी अपनी रोबोटिक्स प्रौद्योगिकी का दायरा बढ़ाएगी और भविष्य में इसे अन्य क्षेत्रों में भी ले जाया जाएगा, जिससे भारत में भी इनकी तैनाती की उम्मीद है। कृत्रिम मेधा (एआई) और आपूर्ति श्रृंखला प्रौद्योगिकियों में निवेश पर ब्रैडी ने जिम्मेदार एआई विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी कि एआई के तेजी से विकसित होने के इस प्रारंभिक दौर में अत्यधिक नियमन नवोन्मेषण और प्रौद्योगिकी प्रगति को बाधित कर सकता है। उन्होंने कहा कि मैं नहीं चाहूंगा कि इस शुरूआती दौर में अत्यधिक नियामकीय वातावरण के कारण नवोन्मेषण प्रभावित हो।

### सरकार ने प्याज खरीद मूल्य बढ़ा कर किया 16.50 रुपये किलो

**नयी दिल्ली** : सरकार ने प्याज किसानों को राहत देते हुए बफर स्टॉक कार्यक्रम के तहत प्याज की खरीद दर में बढ़ोतरी की घोषणा की है। अब यह 16.50 रुपए प्रति किलोग्राम (1650 रुपए प्रति क्विंटल) की दर से खरीदी जाएगी, जो पहले 15.80 रुपए प्रति किलोग्राम थी। यह संशोधित मूल्य शनिवार से प्रभावी हो गया है, जो किसानों की आय सुनिश्चित करने और बाजार में कीमतों को स्थिर रखने में सहायक होगा। यह कदम मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) के तहत बफर स्टॉक कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसके माध्यम से सरकार बाजार में संतुलन बनाए रखती है। केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बताया कि मौजूदा मंडी कीमतों और भंडारण योग्य प्याज की गुणवत्ता के मद्देनजर यह फैसला हुआ। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि खरीद प्रक्रिया को बाजार की स्थितियों के हिसाब से बेहतर बनाने के लिए कीमत निर्धारण के तरीके में भी सुधार किया गया है। हालांकि, देश के सबसे बड़े प्याज उत्पादक महाराष्ट्र के किसान खेती की बढ़ती लागत का हवाला देते हुए 30 रुपए प्रति किलो की न्यूनतम खरीद कीमत की मांग कर रहे थे। इस साल सरकार का लक्ष्य दो लाख टन प्याज खरीद का है, जो पिछले वर्ष से कम है। केंद्र पहले भी दरें 12.70 रुपए से बढ़ाकर 15.80 रुपए प्रति किलो कर चुका है। मौजूदा सत्र की प्याज खरीद 15 मई को शुरू हुई थी।

# 08 कम्पनियों के मार्केट कैप में 1.90 लाख करोड़ से अधिक की बढ़ोतरी

**नयी दिल्ली** : घरेलू शेयर बाजार में पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में शामिल आठ कंपनियों के मार्केट कैप में बढ़ोतरी हो गई, जबकि दो कंपनियों के मार्केट कैप में गिरावट आ गई। शीर्ष स्थान पर मौजूद इन दस कंपनियों में से आठ के मार्केट कैप में सोमवार से शुक्रवार तक के कारोबार के बाद 1.90 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। इनमें सबसे अधिक फायदा आईसीआईसीआई बैंक को हुआ, जबकि मार्केट कैप में बढ़ोतरी के मामले में दूसरा स्थान एचडीएफसी बैंक ने हासिल किया। टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में शामिल कंपनियों में शेष बची दो कंपनियों के मार्केट कैप में 14 हजार करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आ गई। मार्केट कैप में गिरावट आने के मामले में टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) सबसे आगे रही, जबकि भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने दूसरा स्थान हासिल किया। इस सप्ताह के कारोबार के बाद आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, लार्सन एंड टूब्रो, हिंदुस्तान यूनिलीवर और रिलायंस इंडस्ट्रीज के मार्केट कैप में 1,90,001.96 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। दूसरी ओर, टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मार्केट कैप में



14,118.72 करोड़ रुपये की गिरावट आ गई। सोमवार से शुक्रवार के बीच हुए कारोबार के बाद आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 56,223 करोड़ रुपये बढ़ होकर 9,61,297.77 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसी तरह, एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 38,571.11 करोड़ रुपये उछल कर 11,89,314.42 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) का मार्केट कैप 36,137.87 करोड़ रुपये की उछाल के साथ 9,38,661.50 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया।

पिछले सप्ताह के कारोबार में बजाज फाइनेंस का मार्केट कैप 18,366.57 करोड़ रुपये की मजबूती के साथ 5,71,947.54 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसी तरह, भारती एयरटेल का मार्केट कैप 14,380.14 करोड़ रुपये बढ़ कर 11,10,530.63 करोड़ रुपये के स्तर पर, लार्सन एंड टूब्रो (एलएंडटी) का मार्केट कैप 13,241.39 करोड़ रुपये की बढ़त के साथ 5,57,197.83 करोड़ रुपये के स्तर पर, हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 10,984.34 करोड़ रुपये की उछाल के साथ 5,09,285.65 करोड़ रुपये के स्तर पर और रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 2,097.54 करोड़ रुपये बढ़ कर 17,49,418.94 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गया। टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 13,296.47 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 7,82,049.62 करोड़ रुपये के स्तर पर और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मार्केट कैप 822.25 करोड़ रुपये उछल कर 5,05,051.07 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। मार्केट कैप के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज 17,49,418.94 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के साथ देश की सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रही। इसके बाद एचडीएफसी बैंक (कुल मार्केट कैप 11,89,314.42 करोड़ रुपये), भारती एयरटेल (कुल मार्केट कैप 11,10,530.63 करोड़ रुपये), आईसीआईसीआई बैंक (कुल मार्केट कैप 9,61,297.77 करोड़ रुपये), स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कुल मार्केट कैप 9,38,661.50 करोड़ रुपये), टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) (कुल मार्केट कैप 7,82,049.62 करोड़ रुपये), बजाज फाइनेंस (कुल मार्केट कैप 5,71,947.54 करोड़ रुपये), लार्सन एंड टूब्रो (कुल मार्केट कैप 5,57,197.83 करोड़ रुपये), हिंदुस्तान यूनिलीवर (कुल मार्केट कैप 5,09,285.65 करोड़ रुपये) और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) (कुल मार्केट कैप 5,05,051.07 करोड़ रुपये) के नाम सबसे मूल्यवान टॉप 10 कंपनियों के लिस्ट में दूसरे से दसवें स्थान पर बने रहे।

## भ्रामक नाम और दावों पर 08 कम्पनियों को एफएसएसएआई ने थमायी नोटिस

**नयी दिल्ली** : भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने उपभोक्ताओं को गुमराह करने वाले दावों और भ्रामक ब्रांड ट्रेड नामों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 8 फूड कंपनियों को नोटिस जारी किया है। इन आठ कंपनियों में इमामी हेल्दी एंड टेस्टी, हेल्थ एड, टूवी, द हेल्दी फैक्टरी, हेल्दी मास्टर, हेल्दी चॉइस, प्लान बी और न्यूहर्ब्स हैं। नियामक का कहना है कि कुछ कंपनियां अपने उत्पादों के स्वास्थ्य लाभ और गुणवत्ता को लेकर ऐसे दावे कर रही थीं, जो खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 का उल्लंघन है। एफएसएसएआई के मुताबिक इमामी हेल्दी एंड टेस्टी का ट्रेड नाम उपभोक्ताओं को गुमराह कर सकता है और ये लागू नियमों का उल्लंघन प्रतीत होता है। प्लान बी अपने उत्पादों को प्लांट बेस्ड वीगन के रूप में प्रचारित करती है। एफएसएसएआई के मुताबिक कंपनी ने वीगन खाद्य उत्पादों के समर्थन संबंधी आवश्यक स्वीकृति लिए बिना अपने उत्पादों को वीगन के रूप में प्रस्तुत किया, जिससे उपभोक्ताओं में गलत धारणा बन सकती है। इसी तरह द हेल्दी फैक्टरी के जीरो मैदा होल व्हीट ब्रेड और जीरो मैदा पिज्जा बेस उत्पादों को भी जांच के दायरे में लाया गया है। प्राधिकरण का कहना है कि इन उत्पादों पर किए गए दावे उपभोक्ताओं को भ्रमित कर सकते हैं और नियमों के अनुरूप नहीं दिखते। इसके अलावा न्यूहर्ब्स की टू विटामिन उत्पाद श्रृंखला को भी नोटिस मिला है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण एफएसएसएआई के मुताबिक टू विटामिन जैसा कि व्यापारिक नाम उसके नियमों में परिभाषित या मान्यता प्राप्त नहीं है, इसलिए यह नाम उपभोक्ताओं को गुमराह कर सकता है। इसी प्रकार, टूवी के हेल्दी मिक्स वेजी चिप्स, हेल्दी रागी चिप्सऔर हेल्दी मूंग दाल चिप्स जैसे स्नैक उत्पादों पर हेल्दी होने के दावे को लेकर सवाल उठाए गए हैं। नियामक का कहना है कि इनमें कई अन्य सामग्री भी शामिल हैं, ऐसे में इन उत्पादों को हेल्दी बताना भ्रामक हो सकता है।

इसके साथ ही एफएसएसएआई ने हेल्दी मास्टर की टैगलाइन विजन टू सर्व हेल्दी, हेल्दी चॉइस के हेल्दी फूड फॉर हेल्दी लाइफ पोहा और हेल्थ एड के ब्रांड नाम पर भी आपत्ति जताई है।

## रीबॉक की भारत में बिक्री दोगुनी, हर साल 50 नये स्टोर खोलने की तैयारी

**नयी दिल्ली** : खेलों के लिए जूते और परिधान बनाने वाले प्रतिष्ठित ब्रांड रीबॉक ने भारत में शानदार वापसी की है। आदित्य बिड़ला लाइफस्टाइल ब्रांड्स लिमिटेड (एबीएलबीएल) के तहत इसकी बिक्री पिछले तीन साल में दोगुना से अधिक हो गई है। कंपनी अब इस सफलता को आगे बढ़ाते हुए देश भर में अपनी उपस्थिति और मजबूत करने की तैयारी में है। एबीएलबीएल के मुताबिक इस अवधि में रीबॉक के स्टोर की संख्या 210 से अधिक हो गई है। भारत में विस्तार की अभी भी व्यापक संभावनाएं हैं, जिसे देखते हुए कंपनी अगले कुछ सालों तक हर वर्ष 40 से 50 नए स्टोर खोलने की महत्वाकांक्षी योजना पर काम कर रही है। उप प्रबंध निदेशक ने बताया कि नए उत्पादों की मांग बिक्री को गति दे रही है और रीबॉक की वृद्धि दर मजबूत बनी हुई है।

## अगले सप्ताह होगी चार कम्पनियों के आईपीओ की लॉन्चिंग, तीन कम्पनियों के शेयर होंगे लिस्ट

**नयी दिल्ली** : सोमवार यानी 15 जून से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट में सामान्य हलचल रहने वाली है। इस सप्ताह चार कंपनियां अपने आईपीओ लॉन्च कर रही हैं। ये चारो आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं। इसके अलावा पिछले सप्ताह सब्सक्रिप्शन के लिए खुले दो आईपीओ में भी 15 और 16 जून तक बोली लगाई जा सकती है। जहां तक नई लिस्टिंग की बात है, तो इस सप्ताह तीन कंपनियां स्टॉक मार्केट में एंट्री करने वाली हैं। ये सभी कंपनियां एसएमई सेगमेंट की हैं। सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन 17 जून को क्ले क्राफ्ट का 110.11 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में 19 जून तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 193 रुपये प्रति शेयर से लेकर 203 रुपये प्रति शेयर




का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 600 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद 24 जून को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है। इसी दिन दीक्षा पॉलिमर्स का 17.90 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में भी 19 जून तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 112 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,200 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद 24 जून को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है। लायोटेक इंडस्ट्रीज का 36.02 करोड़ रुपये का आईपीओ 17 जून को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में भी 19 जून तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 321 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 400 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद 24 जून को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है। इसी दिन लीपफ्रॉग इंजीनियरिंग का 88.51 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में भी 19 जून तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 21 रुपये प्रति शेयर से लेकर 23 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 6,000 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद 24 जून को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है। इन नए आईपीओ के अलावा पिछले सप्ताह 11 जून को सब्सक्रिप्शन के लिए खुले सूसन इलेक्ट्रिकल्स के 70.38 करोड़ रुपये के आईपीओ में कल यानी 15 जून तक बोली लगाई जा सकती है। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 120 रुपये से लेकर 127 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,000 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद 18 जून को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है। ये आईपीओ अभी तक 16.37 गुना सब्सक्राइब हो चुका है।

## भारत में लॉन्च हुआ पोवा 8

**रांची** : आजकल स्मार्टफोन एक जैसे दिखने लगे हैं। एक जैसा स्लैब, एक जैसी सुरक्षित फिनिश और एक जैसा साधारण बैक। पोवा 8 को इन सबसे बिल्कुल अलग सोच के साथ डिजाइन किया गया था। पोवा 8, पोवा की लाइनअप का सबसे नया और अब तक का सबसे दमदार मॉडल है। इसमें फ़्यूचरिस्टिक साइबरपंक डिजाइन, एक ऐसा लाइटिंग सिस्टम जो असल में आपके हिसाब से काम करता है, और हर तरह की चुनौती का सामना करने वाला हार्डवेयर है। पोवा 8 एक बात साफ कर देता है: इसका मकसद कभी भी 'सामान्य' रहना नहीं था। अलाइव मैट्रिक्सः ऐसा डिजाइन जो




आपको जवाब देता है ज्यादातर रियर पैनल बस अपनी जगह पर लगे रहते हैं। यह कोई नोटिफिकेशन लाइट नहीं है। यह एक डिजाइन फिलॉसफी है, 8000 एमएएचः बैटरी जो बिना रुके आपका साथ निभाए, पोवा 8 ट्रिपल-चिपसेट आर्किटेक्चर पर काम करता है। इसका असल फायदा? पेमेंट प्रोसेस 4 गुना तक तेजी से होता है। मैप्स तुरंत लोड होते हैं। कॉल्स होल्ड पर नहीं जाते। ऐसे देश में जहाँ कनेक्टिविटी का मतलब है काम का हो जाना या इंतजार करना, पोवा 8 इंतजार नहीं करता।

## तेल-तिलहन बाजार में मिलाजुला रुख सोयाबीन-पाम में गिरावट, सरसों में सुधार

**नयी दिल्ली** : बीते सप्ताह तेल-तिलहन बाजारों में मिला-जुला रुख रहा। अमेरिका-ईरान के बीच युद्ध की आशंका टलने से स्थानीय मांग कमजोर पड़ी, जिससे सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल और पामोलीन के साथ-साथ मूंगफली तेल के दाम में गिरावट दर्ज की गई। वहीं सरसों और बिनौला तेल में मामूली सुधार देखा गया। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, कमजोर मांग और आयातकों की लागत से नीचे बिकवाली के कारण सोयाबीन तेल व पाम-पामोलीन तेल के दाम घटे। मूंगफली की गर्मी की फसल की आवक बढ़ने से भी इसकी कीमतों पर भारी दबाव रहा, जिससे मूंगफली तेल-तिलहन में नरमी आई। हालांकि, सरसों की कमजोर आवक के कारण इसके दाम में मामूली सुधार हुआ, जबकि नगण्य उपलब्धता के चलते बिनौला तेल में हल्की मजबूती दर्ज की गई। सोयाबीन तिलहन के दाम तेल रहित खल (डीओसी) की सामान्य मांग के कारण स्थिर बने रहे। सूत्रों ने बताया कि बीते सप्ताह सरसों दाना 25 रुपये के सुधार के साथ 7,675-7,700 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों तेल 100 रुपये के सुधार के साथ 15,650 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल क्रमशः 5-5 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 2,585-2,685 रुपये और 2,585-2,730 रुपये टिन (15 किलो) पर मजबूत बंद हुआ।

### सर्राफा बाजार में तेजी का रुख, सोना और चांदी ने लगायी छलांग

# साप्ताहिक आधार पर 6,680 रुपये तक सस्ता हुआ सोना

**नयी दिल्ली** : घरेलू सर्राफा बाजार में तेजी का रुख बना हुआ है। भाव में आये उछाल के कारण देश के ज्यादातर सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,49,080 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,51,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, 22 कैरेट सोना आज 1,36,650 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,38,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी तेजी आने ये चमकीली धातु दिल्ली सरार्फा बाजार में आज 2,60,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। हालांकि साप्ताहिक आधार पर देखें तो पिछले सप्ताह के कारोबार में सोना और चांदी की कीमत



में गिरावट दर्ज की गई है। पिछले सप्ताह के कारोबार में 24 कैरेट सोना 6,680 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। इसी तरह 22 कैरेट सोने के भाव में साप्ताहिक आधार पर 3,400 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई। चांदी के भाव में भी उतार -चढ़ाव के बावजूद पिछले सप्ताह के कारोबार में कमजोरी दर्ज की गई। इस गिरावट के कारण चांदी का भाव साप्ताहिक आधार पर 5 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक नीचे आ गया। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,49,230 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,36,800 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,49,080 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,36,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,49,130 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,36,700 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,51,200 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,38,600 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,49,080 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,36,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,49,130 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,36,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## पेज एक के शेष

**भारतीय प्रतिभा और यूरोपीय पूंजी के बीच 'भारत इनोवेट्स' सेतु का कार्य करेगा : प्रधानमंत्री...**

उन्होंने कहा कि 'भारत इनोवेट्स' उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह मंच भारत की प्रतिभा और यूरोपीय पूंजी के बीच पुल का काम कर रहा है। इसके माध्यम से भारतीय युवाओं को यूरोपीय विशेषज्ञता से जुड़ने और अपने विचारों को आगे बढ़ाने का अवसर मिल रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी का भारत बड़े परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और देश में स्टार्टअप क्रांति देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि भारत का युवा नया दृष्टिकोण लेकर मानवता की समस्याओं के समाधान खोज रहा है। 'भारत इनोवेट्स' ऐसे ही विश्वस्तरीय समाधानों को वैश्विक मंच तक पहुंचाने का माध्यम है।

उन्होंने कहा कि आज भारत केवल समाधान का उपभोक्ता नहीं है बल्कि समाधान प्रदान करने वाले देश के रूप में उभर रहा है। देश प्रौद्योगिकी प्रदाता की भूमिका में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने उपस्थित युवा उद्यमियों की सराहना करते हुए कहा कि उनमें आत्मविश्वास और ऊर्जा से भरे नए भारत की झलक दिखाई देती है। कुछ उद्यमी कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से ग्रामीण भारत के जीवन में बदलाव ला रहे हैं, जबकि कुछ उपग्रह तकनीक का उपयोग किसानों की सहायता के लिए कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का लक्ष्य मानवता की सेवा करने वाली तकनीक विकसित करना है। उन्होंने बताया कि भारत की डिजिटल क्रांति और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना इसी सोच पर आधारित है। उन्होंने कहा कि भारत की कृत्रिम बुद्धिमत्ता संबंधी दृष्टि ह्यएआई फॉर ऑलह्ल के सिद्धांत पर आधारित है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति के कल्याण और सुख को बढ़ावा देना है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इसी वर्ष भारत-फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन की शुरूआत हुई है। उन्होंने कहा कि ह्यभारत इनोवेट्सह्ल की शुरूआत भी फ्रांस के साथ की जा रही है तथा इसके लिए उन्होंने राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का आभार व्यक्त किया।

**स्वास्थ्य क्षेत्र में 12 वर्षों में हुए ऐतिहासिक बदलाव : मोदी...**

के आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्गों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से लाखों परिवारों को गम्भीर बीमारियों के उपचार में आर्थिक राहत मिली है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के तहत देशभर में सस्ती दरों पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध करायी जा रही हैं। इससे आम नागरिकों, विशेषकर गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के चिकित्सा खर्च में उल्लेखनीय कमी आयी है। उन्होंने बताया कि सरकार ने हृदय रोगियों के लिए उपयोग होनेवाले स्टेंट तथा घुटना प्रत्यारोपण (नी इम्प्लांट) की कीमतों को भी नियंत्रित कर उपचार को अधिक किफायती बनाया है, जिसका लाभ बड़ी संख्या में मरीजों को मिला है।

उन्होंने चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में हुए विस्तार का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में नये मेडिकल कॉलेजों और स्वास्थ्य संस्थानों की स्थापना के साथ-साथ मेडिकल सीटों की संख्या में लगातार वृद्धि की गयी है। इससे चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक युवाओं के लिए नये अवसर सृजित हुए हैं और भविष्य में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए अधिक प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध होंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल उपचार सुविधाओं का विस्तार करना नहीं, बल्कि एक समग्र और सशक्त स्वास्थ्य व्यवस्था विकसित करना है, जिससे प्रत्येक नागरिक को समय पर और बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 'स्वस्थ भारत' के निर्माण की दिशा में अब तक किये गये प्रयास आनेवाले वर्षों में और अधिक प्रभावी परिणाम देंगे।

उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार, बुनियादी ढांचे के विस्तार और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निरन्तर प्रयासरत रहेगी, ताकि देश के हर नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।

**राज्य के 11 पारम्परिक उत्पादों को मिला जीआई टैग...**

प्रयासों का परिणाम है। नाबार्ड ने इन उत्पादों की विशिष्टताओं की पहचान करने, दस्तावेजीकरण कराने, उत्पादकों को संगठित करने, मूल्य श्रृंखला को मजबूत बनाने और जीआई पंजीकरण की पूरी प्रक्रिया में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी है। भगैया सिल्क और कुचाई सिल्क को जीआई टैग मिलने से झारखंड की समृद्ध रेशम परम्परा को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है और इसे एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। स्थानीय ज्ञान, पारम्परिक तकनीकों और पीढ़ियों से हस्तांतरित कौशल पर आधारित ये उत्पाद राज्य की सांस्कृतिक पहचान का अहम हिस्सा हैं। जीआई पंजीकरण से इनकी विशिष्टता सुरक्षित रहेगी और राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय बाजारों में इनकी मांग बढ़ने की पूरी सम्भावना है। मुंडा ज्वेलरी को जीआई टैग मिलना झारखंड की जनजातीय संस्कृति के लिए गौरव का विषय है। अपनी विशिष्ट डिजाइन, पारम्परिक शिल्पकला और सांस्कृतिक महत्त्व के कारण यह आभूषण मुंडा समुदाय की पहचान का प्रतीक माना जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस मान्यता से आदिवासी कारीगरों को नये बाजार और बेहतर आय के अवसर प्राप्त होंगे।

**61% बढ़ा राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क : केन्द्र...**

निर्माण की औसत गति 11.6 किलोमीटर प्रति दिन थी, जो साल 2025 में बढ़कर करीब 34 किलोमीटर प्रति दिन पहुंच चुकी है।

मंत्रालय ने बताया कि आईआईएम बैंगलोर के एक अध्ययन के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास से कारखानों तक पहुंच आसान हुई है, जिससे परिवहन लागत में भारी कमी आयी है। साथ ही, प्रमुख 'भारतमाला परियोजना' के तहत 34,800 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग गलियारा विकसित करने का लक्ष्य है, जिसमें से मार्च 2026 तक 22,590 किलोमीटर सड़कों का निर्माण पूरा किया जा चुका है।

मंत्रालय के अनुसार, करीब 1,386 किलोमीटर लम्बा दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस-वे पूरा होने पर देश का सबसे लम्बा नियंत्रित प्रवेश एक्सप्रेस-वे बन जायेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में 05 जून को इसके गुजरात खंड के किम-एना (36 किमी) और गंदेवा-एना (27.5 किमी) हिस्से का उद्घाटन किया है। इसके अलावा करीब 82 किलोमीटर लम्बे दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे ने भी यात्रा समय को काफी घटाया है।

दिल्ली के द्वारका एक्सप्रेस-वे के दिल्ली खंड का उद्घाटन अगस्त 2025 में और हरियाणा खंड का उद्घाटन मार्च 2024 में प्रधानमंत्री द्वारा किया गया था। वहीं, दक्षिण भारत में 118 किलोमीटर लम्बे बेंगलुरु-मैसूरु एक्सप्रेस-वे ने यात्रा का समय 3 घंटे से घटाकर 75 मिनट कर दिया है।

मंत्रालय के अनुसार, 12,000 करोड़ रुपये की लागत से बने 213 किलोमीटर लम्बे दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे का उद्घाटन 14 अप्रैल 2026 को हुआ था। इसमें राजाजी राष्ट्रीय उद्यान के पर्यावरण संवेदनशील क्षेत्र को सुरक्षित रखने के लिए 12 किलोमीटर लम्बा एशिया का सबसे लम्बा एलिवेटेड वन्यजीव गलियारा बनाया गया है।

**भारतीयों की मौत पर अमेरिका ने न अफसोस जताया, न माफी मांगी...**

न तो खेद व्यक्त किया और न ही माफी मांगी। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि अमेरिका लगातार निर्देशात्मक भाषा का इस्तेमाल कर रहा है और भारत सरकार उसका पर्याप्त विरोध तक नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि एक स्वतंत्र राष्ट्र ऐसी भाषा स्वीकार नहीं कर सकता। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री पर कटाक्ष करते हुए उन्हें आज्ञाकारी नौकर तक बताया और कहा, कि सरकार देश के सम्मान की रक्षा करने में विफल रही है।

राहुल गांधी ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने विदेश में फंसे भारतीयों और प्रभावित नाविकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए सरकार से ठोस कार्रवाई की मांग की।

**भारतीय नाविकों की मौत पर खरगे ने सरकार से देश के सामने स्थिति स्पष्ट करने को कहा**

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ओमान के निकट हुए हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत के मामले में कहा कि घटना के तीन दिन बाद भी प्रधानमंत्री की ओर से कोई सार्वजनिक बयान या शोक संदेश नहीं आया है। इसमें देश स्पष्टता चाहता है। इस हमले में मारे गये नाविकों के परिवार न्याय के हकदार हैं।

खरगे ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर कहा कि वह पूरे देश के साथ मिल कर जान गंवानेवाले भारतीय नाविकों के प्रति शोक व्यक्त करते हैं। नाविकों के पार्थिव शरीर भारत पहुंच चुके हैं, लेकिन अब तक प्रधानमंत्री की ओर से कोई सार्वजनिक प्रतिक्रिया नहीं आयी। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की विदेश नीति के कारण भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा और सम्प्रभुता को नुकसान पहुंचा है। राष्ट्रीय हितों से समझौता किया जा रहा है। पहले पूर्ववर्ती सरकारों की स्वतंत्र विदेश नीति के कारण विश्व भारत की बात गम्भीरता से सुनता था।

उन्होंने कहा कि विदेश नीति के मामलों में भारतीय नागरिकों के जीवन को बाद में सोचने का विषय नहीं बनाया जा सकता। कांग्रेस अध्यक्ष ने मांग की कि सरकार इस पूरे घटनाक्रम पर देश के सामने स्पष्ट स्थिति रखे और प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाये।

**मोदी-ट्रम्प मुलाकात से पहले कांग्रेस ने अमेरिकी नीति और व्यापार समझौते पर जतायी चिन्ता...**

भारतीय नागरिकों की वापसी का मामला हो, भारतीय उत्पादों पर बढ़े हुए शुल्क हों या आतंकवाद को संरक्षण देनेवाले देशों के साथ अमेरिका की बढ़ती नजदीकियां, इन सभी कारणों से द्विपक्षीय सम्बन्धों में कई बार तनाव की स्थिति उत्पन्न हुई है।

मनीष तिवारी ने कहा कि ऐसे समय में प्रधानमंत्री से अपेक्षा की जाती है कि वे अमेरिकी प्रशासन के समक्ष भारत की चिन्ताओं, असंतोष और राष्ट्रीय हितों से जुड़े मुद्दों को स्पष्ट रूप से रखें। उन्होंने कहा कि भारत को अपनी संप्रभुता, आर्थिक हितों और नागरिकों की सुरक्षा से जुड़े मामलों पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करना चाहिए। कांग्रेस ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की प्रस्तावित मुलाकात केवल द्विपक्षीय सम्बन्धों के लिए ही नहीं, बल्कि भारत के आर्थिक, रणनीतिक और कूटनीतिक हितों के दृष्टिकोण से भी महत्त्वपूर्ण है। ऐसे में देश की अपेक्षा है कि भारत अपने हितों की रक्षा के लिए मजबूत और स्पष्ट संदेश दे।

## एक झलक

### ईरान की सम्पति हड़ने पर अमेरिका की चाल पड़ी उल्टी

**कतर :** कुछ दिनों पहले तक अमेरिका और उसके खाड़ी सहयोगी ईरान को आर्थिक और सैन्य दबाव में लाने की रणनीति बना रहे थे। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग तो यहां तक सोच रहा था कि फ्रीज किए गए ईरानी फंड का इस्तेमाल सऊदी अरब, यूएई, कुवैत और बहरीन जैसे देशों को ईरानी हमलों से हुए नुकसान की भरपाई के लिए किया जाए, लेकिन अब तस्वीर उलटी नजर आ रही है। पहले यूएई से अरबों डॉलर ईरान तक पहुंचने की खबरें सामने आई और अब कतर ने भी तेहरान के लिए 12 अरब डॉलर के वित्तीय पैकेज की पेशकश की है। यह सब तब हो रहा है जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ऐलान किया है कि अमेरिका और ईरान के बीच लंबे समय से चर्चा में चल रहा समझौता रविवार को साइन हो सकता है।

### बांग्लादेश में राम-प्रतिमा पर लगी रोक

**ढाका :** बांग्लादेश के गैबांधा जिले में 82 फीट ऊंची राम प्रतिमा का प्रोजेक्ट रोक दिया गया है। यह प्रतिमा श्री राधा गोबिंद और काली मंदिर परिसर में बन रही थी। मंदिर समिति ने इसे सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए अस्थायी रोक बताया है, लेकिन इसकी असली वजह कट्टरपंथी संगठनों का दबाव माना जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक प्रोजेक्ट का विरोध कर रहे संगठनों ने अधूरी संरचना गिराने तक की मांग की है। इमाम-उलमा परिषद ने प्रोजेक्ट पूरी तरह रद्द करने, भविष्य में ऐसी किसी पहल पर रोक लगाने और फंडिंग की जांच कराने की मांग की है।

# फ्रांस के निवेशकों को भारत की विकास यात्रा से जुड़ने का न्योता

एजेंसी




**नीस :** भारत और फ्रांस के बीच मनाए जा रहे 'नवाचार वर्ष' (इयर ऑफ इनोवेशन) के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने रविवार को 'भारत इनोवेट्स' कार्यक्रम का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस आयोजन से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक स्तर के प्रमुख निवेशकों और वेंचर कैपिटल (जोखिम पूंजी) प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की और भारत में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर सिलसिलेवार पोस्ट कर इस कार्यक्रम और मुलाकातों की जानकारी साझा की। उन्होंने राष्ट्रपति मैक्रों का आभार जताते हुए लिखा कि 'मेरे मित्र राष्ट्रपति मैक्रों, नीस में आपसे दोबारा मिलकर बेहद खुशी हुई। 'भारत इनोवेट्स' कार्यक्रम में भाग लेने के लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ क्योंकि हमारे दोनों देश मिलकर 'नवाचार वर्ष' मना रहे हैं।' एक अन्य पोस्ट में प्रधानमंत्री ने निवेशकों के साथ हुई बैठक को बेहद समृद्ध और दूरदर्शी बताया। उन्होंने लिखा कि 'भारत इनोवेट्स 2026' में हुई चचाएं काफी ज्ञानवर्धक रहीं। इस दौरान निवेशकों और वेंचर कैपिटल लीडर्स के साथ नवाचार, प्रौद्योगिकी (टेक्नोलॉजी), विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) और उभरते क्षेत्रों में भारत द्वारा पेश किए जा रहे असीमित अवसरों पर बातचीत हुई। प्रधानमंत्री ने भारत को निवेश का सबसे आकर्षक केंद्र बताते हुए लिखा कि 'भारत की विकास यात्रा देश की प्रतिभा, बड़े पैमाने (स्केल), स्थिरता और निरंतर हो रहे सुधारों (रिफॉर्म्स) से संचालित है। यही खूबियां भारत को वैश्विक निवेश और नवाचार के लिए एक पसंदीदा और आकर्षक गंतव्य बनाती हैं।' इसी संदेश को प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर फ्रेंच भाषा में भी साझा किया। इस तीन दिवसीय आयोजन में भारत के 120 अग्रणी स्टार्टअप और 20 से अधिक उत्कृष्ट संस्थान भाग ले रहे हैं, जो वैश्विक महत्व के 13 महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी स्तंभों पर भारत की डीप-टेक क्षमताओं का प्रदर्शन कर रहे हैं। कार्यक्रम में दुनिया भर के 350 से अधिक शीर्ष निवेशकों और वेंचर कैपिटलिस्टों ने हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री ने क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर, बायोटेक्नोलॉजी, रक्षा, अंतरिक्ष और क्लीन एनर्जी जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों के स्टार्टअप्स और नवोन्मेषकों (इनोवेटर्स) के साथ सीधा संवाद भी किया।

समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा व स्थिरता को बढ़ावा देने वाली भारत-फ्रांस की संयुक्त पहलों का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने ग्रामीण विकास के लिए उपग्रह प्रौद्योगिकी, सतत जीवन के लिए उन्नत विनिर्माण (एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग) और स्वच्छ विकास के लिए ग्रीन हाइड्रोजन व इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की परिवर्तनकारी क्षमता पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में मौजूद उद्यमियों और निवेशकों से ऐसी तकनीकों को विकसित करने का आह्वान किया जो विश्वसनीय, समावेशी और मानव-केंद्रित हों। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि स्टार्टअप्स का मूल्यांकन केवल उनके बाजार मूल्य (मार्केट वैल्यूएशन) से नहीं बल्कि मानवता पर उनके सकारात्मक प्रभाव से भी किया जाना चाहिए। उन्होंने वैश्विक समुदाय को वैश्विक नवाचार के इस नए अध्याय को सह-निर्मित करने के लिए भारत के साथ हाथ मिलाने का निमंत्रण दिया।

## दक्षिण एशिया में पहले 'विश्व चक्रीय अर्थव्यवस्था मंच' की भारत करेगा मेजबानी

**नयी दिल्ली :** वैश्विक चुनौतियों और संसाधन संकट के इस दौर में टिकाऊ विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'विश्व चक्रीय अर्थव्यवस्था मंच' के 10वें संस्करण की मेजबानी भारत करेगा। इसका आयोजन पहली बार भारत में किया जा रहा है। गुजरात की राजधानी गांधीनगर में 15 से 18 सितंबर तक होने वाले वैश्विक आयोजन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों होने की संभावना है। इसमें अनेक वैश्विक नेताओं विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण के देशों के नेताओं के आने की उम्मीद है। इस महत्वपूर्ण वैश्विक आयोजन का मुख्य उद्देश्य वर्तमान के अशांत और चुनौतीपूर्ण समय में खुशहाली, समृद्धि और लचीलेपन को सुरक्षित करने के लिए बेहतरीन चक्रीय समाधानों को प्रदर्शित करना है।

## उद्धव ठाकरे की बुलायी बैठक को लेकर चर्चाएं तेज, क्या ऑपरेशन टाइगर का है डर !

**मुंबई :** महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज है। ऑपरेशन टाइगर की चर्चाओं के बीच शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने आनन-फानन में रविवार को पार्टी के सभी सांसदों की इमरजेंसी बैठक बुलाई। यह बैठक मातोश्री में होगी। पार्टी का कहना है कि यह सामान्य समीक्षा बैठक है, लेकिन सियासी गलियारों में इसे लेकर कई तरह की चचाएं हैं। सूत्रों के मुताबिक राजनीतिक गलियारों में पिछले कुछ समय से ऑपरेशन टाइगर का जिक्र हो रहा है। माना जा रहा है कि शिवसेना के कुछ नेताओं और सांसदों के शिंदे गुट के नेताओं के संपर्क में होने की खबरों ने इस चर्चा को हवा दी है।

# जिसने योग साधना को प्राप्त कर लिया, उसने जीवन के मूल लक्ष्य को प्राप्त कर लिया : स्वामी ईश्वरानन्द गिरि



कृष्ण बिहारी मिश्र



**रांची** स्थित योगदा सत्संग आश्रम में रविवारीय सत्संग को संबोधित करते हुए योगदा सत्संग आश्रम के वरीय संन्यासी स्वामी ईश्वरानन्द गिरि ने कहा कि योग स्वयं की सीमित मानवीय चेतना को ईश्वर की अनन्त चेतना से मिलाने का नाम है। जिसने योग साधना को प्राप्त कर लिया, उसने अपने जीवन के मूल लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। योग निरन्तर चलनेवाली प्रक्रिया है। यह संपूर्ण जीवन शैली है। जिसका पालन करने से शरीर, मन और आत्मा तीनों तृप्त होते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक जीवात्मा के अस्तित्व के तीन पहलू हैं झ पहला स्थूल शरीर, दूसरा मन और तीसरा आत्मा और ये तीनों ध्यान से प्रभावित होती है। ज्यादातर लोग सोचते हैं कि ध्यान उनसे हो ही नहीं सकता। जबकि ऐसा नहीं है। सभी को ध्यान करना चाहिए। चाहे वो किसी धर्म का हो या किसी देश का हो। सभी को अपना मानसिक प्रतिबंध तोड़कर ध्यान की ओर अग्रसर होना चाहिए।

स्वामी ईश्वरानन्द गिरि ने कहा कि योग धर्म नहीं, बल्कि यह विज्ञान है। ध्यान का जितना अभ्यास होगा। आप उतने ही ईश्वर के निकट होते जायेंगे। क्योंकि आत्मा का परमात्मा से एकत्व ही योग है। जब हम योग करते है, हमारा परमात्मा में एकत्व हो जाता है, इससे हम परमात्मा के स्वभाव को प्राप्त कर लेते हैं। वो स्वभाव क्या है? दरअसल परमात्मा का स्वभाव स्थित शांति और स्थिर आनन्द है।

उन्होंने कहा कि ध्यान एक ऐसी पूंजी है, जिसमें हमारी जीवन की सारी समस्याओं का हल छुपा है। लेकिन यह भी सही है कि जब तक अपना शरीर और मन स्वस्थ नहीं होगा। हम ध्यान नहीं कर सकते। ध्यान के लिए स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन का होना आवश्यक है। उन्होंने कहा की आत्मा निर्विकार है। चाहे हम किसी भी अवस्था में क्यों न हो, वो उसमें निर्लिप्त नहीं रहता, क्योंकि उसका स्वभाव आनन्द है। आत्मा आनन्द का ही प्रतिरूप है।

स्वामी ईश्वरानन्द गिरि ने कहा कि पूर्व में हमारे ऋषि-महर्षि या पूर्वज आत्मा को ही सर्वोपरि मानकर आनन्द में डूबे रहते थे। लेकिन आज का आधुनिक समाज कहां हैं। वो विषाद और बेचैनी में डूबा है। सर्वाधिक खराब स्थिति तो युवाओं की है। उन्हें पता ही नहीं कि जीवन का मूल उद्देश्य क्या है? उन युवाओं को यह सिखाया भी नहीं जा रहा कि जीवन का उद्देश्य क्या है? जीवन का एकमात्र उद्देश्य आनन्द की प्राप्ति है और ये आनन्द ध्यान के द्वारा प्राप्त किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि आखिर ये आनन्द कहां है? आनन्द बाहर में नहीं। वो आपके शरीर के अन्दर है। जिसे आत्मा कहते हैं। उसे ही पहचानने और जानने की जरुरत है। जो ध्यान से ही संभव है। यही आत्मा परमात्मा का अंश है। जब हम अपनी मन की चंचलता पर काबू पा लेते हैं, तो आत्मा स्वतः प्रकाशित हो जाता है और हम आनन्द में डूब जाते हैं। योग विज्ञान यही सिखाता है। आप आनन्द के केन्द्र में बने रह सकते हैं, चाहे आपके साथ कुछ भी क्यों न हो रहा हो। इससे केवल आप अपना ही नहीं, दूसरों का भी भला कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आप योगी को देखिये। वह शांत रूप से सक्रिय और सक्रिय रूप से शांत रहता है। परमहंस योगानन्द जी कहते थे कि आप शांति खरीद नहीं सकते। इसके लिए आपको योग-साधना की तकनीक अपनानी ही होगी। उन्होंने कहा कि जब तक हम जीवित रहते हैं, प्राण शक्ति हमारे शरीर के अंदर निहित रहती है। ऐसे में हमें आनन्द की प्राप्ति के लिए मन की चंचलता को शांत करने की आवश्यकता है। प्राणायाम और योग साधना के द्वारा हम मन की चंचलता पर विजय प्राप्त कर लेते हैं। जब प्राणशक्ति और मन की चंचलता शांत हो जाती है, तो हम आत्मा के स्वरूप के जान लेते हैं।

स्वामी ईश्वरानन्द गिरि ने कहा कि ध्यान करने के लिए आपको स्वयं को पहले तैयार करना होगा। ध्यान की तैयारी के लिए पहला काम है झ भजन-संकीर्तन करना। भजन-संकीर्तन जिसे आजकल चैंटिंग भी हम कहते हैं। इससे भक्ति स्वयं प्रकट होती है। यह हमारे मेरुदंड के अंदर प्रवाहित होनेवाली ऊर्जा को सक्रिय करता है, जिससे मेरुदंड में रहनेवाली चक्र जागृत होने लगती है। यह चक्र जगने के क्रम में उच्चतर अवस्था की ओर जाने लगती है। भजन मन को शांत करता है।

उन्होंने बताया कि कैसे परमहंस योगानन्द जी पहली बार अमरीकियों के बीच भजन गाया और उस भजन से प्रभावित होकर कई अमरीकी अपना सुध-बुध खो बैठे और उन्होंने स्वीकार किया कि परमहंस योगानन्द जी द्वारा गाये भजन ने उनके हृदय को झंकृत ही नहीं किया। बल्कि वे कई प्रकार की समस्याओं से मुक्त हो गये। वो भजन था। जो गुरु नानक द्वारा गाये गये थे। जिसका अंग्रेजी अनुवाद परमहंस योगानन्द जी ने गाया था, जिसके बोल थे झ ओ गॉड ब्यूटीफुल, ओ गॉड ब्यूटीफुल...

ईश्वरानन्द गिरि ने कहा कि चैंटिग के बाद ध्यान और उसके बाद मानस दर्शन, फिर प्रतिज्ञापन करना चाहिए। इससे हम सभी का जीवन सरल, सहज व सरस हो जाता है और हम ईश्वर के प्रति बढ़ने लगते हैं। हमारा ईश्वर के प्रति विश्वास जगता है और हम ईश्वर के प्रति एकत्व होने लगते हैं। उन्होंने आज ध्यान की प्रैक्टिकल प्रैक्टिस भी कराई। जिसमें श्रवणालय में उपस्थित सभी ने भाग लिया और यह सीखने की कोशिश की, कि ध्यान कैसे किया जाता है। एक बात तो ईश्वरानन्द गिरि की माननी होगी, उन्होंने बड़े ही सरल भाषा में ध्यान के रहस्यों से पर्दा उठाया, साथ ही प्रैक्टिकल भी करा दी।

**(लेखक बिहार-झारखण्ड के वरिष्ठ पत्रकार एवं विद्रोही24 के संपादक हैं।)**

